सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-123 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023
24 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा

## मध्य प्रदेश में 17, राजस्थान में 23, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को वोटिंग



### 679 सीटों के लिए 16.14 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

- सबसे पहले सात नवंबर को दो राज्यों छत्तीसगढ़ और मिजोरम में पड़ेंगे वोट
- छत्तीसगढ़ अकेला राज्य जहां दो चरण में सात और 17 नवंबर को मतदान
- 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के साथ मध्य प्रदेश में भी वोटिंग
- 23 नवंबर को राजस्थान तो 30 नवंबर को तेलंगाना में वोटिंग





**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में मतदान होगा जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में वोट डाले जाएंगे। इन पांचों राज्यों में तीन दिसंबर को मतगणना होगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन चुनावों में करीब 16 करोड़ मतदाता मतदान करने के पात्र होंगे। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान सात नवंबर को छत्तीसगढ़ की 20 सीटों के लिए पहले चरण के मतदान के साथ होगा। छत्तीसगढ़ की शेष 70 सीटों के लिए मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों के साथ 17 नवंबर को मतदान होगा। राजस्थान की सभी 200 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 23 नवंबर को होगा, जबकि 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को अंतिम मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सभी पांच राज्यों में मतगणना तीन दिसंबर को होगी। हम आपको बता दें कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले देश में ये विधानसभा चुनावों की आखिरी श्रृंखला होगी।

> मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे, 621 मतदान केंद्रों का प्रबंधन पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा और 8,192 पीएस पर महिलाएं कमान संभालेंगी। यहां 8,51,895 मतदाताओं में से पुरुष और महिला मतदाता क्रमशः 4,12,969 और 4,38,925 हैं, जबकि एक तीसरे लिंग के हैं।

# तीन राज्यों में 162 भाजपा प्रत्याशियों का ऐलान

### प्रत्याशियों के नाम

- राजस्थान के 41 नामों में 7, छत्तीसगढ़ के 64 में 3 सांसद, मध्य प्रदेश के 57 उम्मीदवार तय



**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा के तीन घंटे बाद भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 162 प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं। इनमें राजस्थान के 41, मध्य प्रदेश के 57 और छत्तीसगढ़ के 64 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं।

राजस्थान की यह पहली, मध्य प्रदेश की चौथी और छत्तीसगढ़ की दूसरी लिस्ट है। राजस्थान में 159, मध्य प्रदेश में 94 और छत्तीसगढ़ में 5 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है।

पार्टी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बुधनी, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को दतिया से टिकट दिया है। इसके अलावा राजस्थान से पार्टी ने 7 सांसदों को टिकट दिया है। इनमें नरेंद्र कुमार को मंडावा से, किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर से, बाबा बालकनाथ को तिजारा से, भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को झोटवाड़ा से, दिया कुमारी को विद्याधर नगर से और देवजी पटेल को सांचौर से टिकट दिया है। छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने दूसरी लिस्ट में 64 प्रत्याशियों की घोषणा की है।

# हमारी सरकार बोलती कम और काम ज्यादा करती है: योगी

### भदोही में कार्पेट एक्सपो में 43वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन किया

- सही नियत से काम किया जाए तो रोजगार के नये आयाम
- हस्तनिर्मित उत्पादों से जुड़े कारीगरों और बुनकरों के दिन बहुरे



**भदोही।** भदोही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भदोही पहुंचे। कार्पेट एक्सपो में 43वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार बोलती कम और काम ज्यादा करती है। आज ओडीओपी के सामान वैश्विक मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इससे हस्तनिर्मित उत्पादों से जुड़े कारीगरों और बुनकरों के दिन बहुर रहे हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले भदोही में भय और आतंक का माहौल था। आज यहां अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला का आयोजन हो रहा है। यह सरकार के नेक नीयत से किए गए प्रयासों के कारण संभव हो सका है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बुनकरों के हुनर को तकनीक से जोड़ कर निखारने की जरूरत है। इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।

एक महीने के भीतर प्रदेश में दो-दो अंतरराष्ट्रीय मेले का आयोजन कर हमने यह साबित कर दिया कि सही नियत से काम किया जाए तो रोजगार के नये आयाम खुलते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों के मुरीद नजर आएं। अपने संबोधन में उन्होंने भदोही के कालीनों की जमकर तारीफ की। कहा कि नई दिल्ली का सेन्ट्रल विस्टा हो या फिर जी-20 मेहमानों के स्वागत के लिए सजी भारत मंडपम। हर जगह भदोही के कालीन और कारीगरों के हुनर का बोलबाला रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद अपने संबोधन में इन कालीनों की तारीफ की। कहा कि मिर्जापुर, वाराणसी और भदोही का परिक्षेत्र वस्त्र उद्योग का हब है। यहां पहले भी बहुत सारी संभावनाएं थी, कारीगरों में हुनर की भी कोई कमी नहीं थी, लेकिन इनके हुनर को कोई पहचानने वाला नहीं था।

# रक्षामंत्री ने दिया गाजा की पूर्ण घेराबंदी का आदेश

**यरूशलम।** हमास के ताजा रॉकेट हमलों के बाद अब इस्राइल ने लंबे युद्ध का एलान किया है। इस बीच, इस्राइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने सोमवार को गाजा पट्टी की पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया है। गाजा पट्टी पर हमास का शासन है। आतंकवादी समूह द्वारा दो दिन पहले किए गए हमलों में सात सौ से ज्यादा इस्राइली नागरिकों की मौत हो चुकी है। गैलेंट अभी इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के दक्षिणी कमान के प्रमुख मेजर जनरल यारोन फिंकेलमैन के साथ एक परिचालन मूल्यांकन कर रहे हैं। गैलेंट के हवाले से बयान में कहा गया है, मैंने गाजा की पूरी तरह से घेराबंदी का आदेश दिया है। (गाजा को) बिजली, भोजन या ईंधन नहीं दिया जाएगा।

### अतीक के बेटे एहजम और अबान रिहा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बेटे एहजम और अबान को राजरूपुर स्थित बाल गृह से सोमवार की शाम रिहा कर दिया गया है। दो मार्च को इन्हें बाल गृह में दाखिल किया गया था। इसमें एहजम की उम्र अब 18 वर्ष हो गई है। बालगृह में 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को नहीं रखा जाता। ऐसे में एहजम को बालगृह से बाहर निकाला जाना अनिवार्य हो गया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी दोनों की कस्टडी के लिए आने वाले आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया था। अब उसी क्रम में एहजम के साथ अबान की कस्टडी के लिए अतीक की बहन परवीन ने बाल कल्याण समिति के पास आवेदन किया था।

# दिल्ली सहित कई राज्यों में डेंगू चिकनगुनिया के बढ़े केस



- सामान्य उपचार के साथ ठीक हो रहे रोगी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई राज्यों में मच्छर जनित रोगों के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। दिल्ली के अस्पतालों में इन दिनों रोगियों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। अस्पतालों के ओपीडी में इन दिनों बुखार की शिकायत के साथ आ रहे ज्यादातर लोगों में डेंगू-चिकनगुनिया के मामलों का निदान किया जा रहा है, हालांकि ज्यादातर रोगी सामान्य उपचार के साथ ठीक होकर घर वापस जा रहे हैं। डॉक्टर कहते हैं, सभी लोगों के लिए जरूरी है कि इन रोगों के लक्षणों पर समय रहते ध्यान दें और उपचार प्राप्त करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डेंगू-मलेरिया दोनों के कई लक्षण एक जैसे हो सकते हैं, ऐसे में इनको लेकर लोगों में कंफ्यूजन देखी जाती रही है।

# इमरान खान दोषी करार

**लाहौर।** सिफर मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दोषी ठहराया गया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि मामले पर 17 अक्तूबर को फैसला आएगा। सुनवाई के दौरान इमरान खान और उनके सह आरोपी पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी के वकीलों को आरोप पत्र की प्रतियां भी सौंपी गई हैं।

सुनवाई की अध्यक्षता विशेष अदालत के न्यायाधीश अब्दुल हसनात जुल्करनैन ने की। पीटीआई प्रमुख के वकीलों ने जेल वैन में इमरान खान से मुलाकात की।

## एनसीपी नेता मोहम्मद फैजल को सुप्रीम कोर्ट से राहत

# लक्षद्वीप के सांसद बने रहने की अनुमति मिली

- हत्या की कोशिश मामले में केरल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक



**नई दिल्ली।** आपराधिक मामलों में दो साल या इससे अधिक सजा पाने वाले सांसदों-विधायकों की सदन से सदस्यता छिनने का खतरा होता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व सांसद मोहम्मद फैजल पर भी ये तलवार लटक रही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद फैजल को से बड़ी राहत मिली है।

हत्या की कोशिश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। निचली अदालत से 10 महीने पहले मिली सजा के कारण फैजल की सांसदी पर सवालिया निशान लगे हैं, लेकिन अब कोर्ट से मिली राहत के बाद उनका लोक सभा सांसद का दर्जा दोबारा बहाल हो सकता है। पूर्व सांसद के खिलाफ आपराधिक मामले में आदेश अहम सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें हत्या के प्रयास के मामले में फैजल को राहत नहीं मिली थी। केरल हाईकोर्ट ने फैजल की सजा को निलंबित करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पूर्व सांसद के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले में अहम माना जा रहा है।




# ब्लाक मुख्यालय में स्थापित किए गए गांव-गांव से आए अमृत कलश
# विधायक, डीएम, एसपी, सीडीओ हुए शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मेरी माटी मेरा देश अभियान÷ के तहत सदर ब्लॉक के सभी गांवों से अमृत कलशों को एकत्र कर वीर बाबा हनुमान मंदिर राजापुर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अमृत कलश यात्रा में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसएसबी जवान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण पैदल शामिल हुए। देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के बीच हाथों में तिरंगा लेकर अमृत कलश यात्रा सदर ब्लाक में समाप्त हुई। इसके बाद सभी अमृत कलशों को ब्लाक मुख्यालय में स्थापित कराया गया। विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया जा रहा है। जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फिर से जागृत करने का काम कर रही।



डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धा, आदर एवं सरावोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि अमृत कलश जिले की पावन मिट्टी से पूरित हैं और जगह-जगह आमजन की सहभागिता के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इसका सम्मान किया जा रहा।

बीते दिनों समूचे जनपद में चलाई गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अगले चरण में सोमवार को गांव-गांव से एकत्र अमृत कलशों को ब्लाक मुख्यालय तक शोभायात्रा के बीच ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचाया गया। कलश यात्रा ने डीएम, एसपी, सीडीओ, सदर विधायक आदि की अगुवाई भ्रमण किया और देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए गए। कलश यात्रा के समापन पर सभी अमृत कलशों को ब्लाक मुख्यालय में स्थापित किया गया। अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि तय रणनीति के मुताबिक सोमवार को सभी 15 ब्लाकों एवं 12 नगरीय निकायों में गांव एवं वार्डो से एकत्र मिट्टी के कलश स्थापित किए गए। अगले चरण में सभी कलश जिला मुख्यालय भेजे जाएंगे, वहां से प्रदेश की राजधानी होते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रस्तावित अमृत उपवन में पहुंचाए जाएंगे। जहां समूचे देश की माटी और अक्षत के माध्यम से उपवन गुलजार होगा।

## एकदिवसीय रोजगार मेला 11 को

**लखीमपुर खीरी।** जिला सेवायोजन कार्यालय / मॉडल करियर सेन्टर राजापुर लखीमपुर-खीरी द्वारा 11 अक्टूबर को जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने दी।उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एन.सी.एस. पोर्टल पर उपलब्ध है, आप सेवायोजन पोर्टल (sewayojan.up.nic.in) पर अपनी योग्यता अनुसार रोजगार मेला आई.डी. 8404 पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियाँ, बॉयोडाटा, एक आई.डी. एवं दो फोटो के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय, लखीमपुर खीरी परिसर पर प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी।

# अस्त-व्यस्त हालत में गन्ने के खेत में मिला छात्रा का शव
## उसके सिर में चोट के निशान थे, दुष्कर्म के बाद हत्या की जताई गई आशंका

*अवधनामा ब्यूरो*

**लखीमपुर खीरी।** तिकुनिया क्षेत्र में सिंगाही थाने के एक गांव निवासी छात्रा का शव अस्त-व्यस्त हालत में गन्ने के खेत में पड़ा मिला इससे इलाके में सनसनी फैल गई। उसके सिर में चोट के निशान थे। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई है। सूचना पर थाना पुलिस और सीओ निघासन पहुंचे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय छात्रा रविवार को खमरिया गांव के मदरसे में पढ़ने गई थी। शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। पुलिस को सूचना दी गई। सोमवार को छात्रा का शव रमुवापुर गांव के पास मोहन सिंह के गन्ने के खेत में पड़ा मिला। इसका पता चला तो परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आसपास गांवों के लोग भी जमा हो गए। किशोरी के शव की हालत देखकर दुष्कर्म की आशंका जताई गई है। छात्रा के सिर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। सनसनीखेज मामले की सूचना पर थाना पुलिस और सीओ निघासन भी पहुंचे। परिजनों से बात की और साक्ष्य जुटाए गए। किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। किशोरी की मां ने बेटी की हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंके जाने का आरोप लगाया है। सीओ निघासन राजेश कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या किशोरी के सर में चोट लगी है। कपड़े सुरक्षित हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है डेंगू का प्रकोप

**मोहम्मदी-खीरी।** पूरे तहसील क्षेत्र को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया ने अपनी गिरफ्त में ले रखा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। तेजी से फैल रहे इस वायरल से दर्जनो लोग असमय ही मौत के मुंह में समा चुके है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित अधिकांश प्राईवेट हास्पिटलो में बुखार से पीड़ितो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इस वायरल बुखार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में दर्जनो जाने ले चुका है। उक्त बुखार से बढ़ते मरीजो को देखते हुए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के मोहल्लो में कैम्प लगाकर जांचे कर दवाईयो सहित बुखार से बचने के लिये उपाय बताये जा रहे है। परन्तु नगर के अनेको वार्डो में फैली गन्दगी, नालियो में भरा गन्दा पानी डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारी फैलाने वाले मच्छरो को जीवनदान दे रहे है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के कुछ वार्ड जो मेन रोड पर है में तो दवा का छिड़काव कराया गया परन्तु जो वार्ड नगर के अन्दर है वो वार्ड दवा के छिड़काव से वंचित रह गये है। एक तरफ नगर पालिका प्रशासन साफ-सफाई के दावे कर रहा है वही दूसरी ओर नगर के मोहल्ला सरैया, देवीस्थान, मण्डी, बाजारगंज एवं पूर्वी लखपेड़ा से निकले नालो की समुचित सफाई न होने के कारण भीषण गन्दगी फैली है और यह नाले डेंगू, मलेरिया जैसी महामारी फैलाने वाले मच्छरो को जीवनदान दे रहे है।

# कांशीराम की पुण्यतिथि पार्टी कार्यालय मे गोष्ठी के साथ मनायी गयी

**महराजगंज, रायबरेली।** दलित, शोषित व वंचितों के हितेषी, बहुजन नायक कांशीराम की पुण्यतिथि सोमवार को हैदरगढ़ रोड पर स्थित पार्टी कार्यालय मे गोष्ठी के साथ मनाया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने किया व संचालन सपा नेता फिरोज अहमद ने किया।

आपको बता दें कि, सर्वप्रथम बछरावां विधायक समेत पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पण कर नमन किया। सपा ब्लॉक अध्यक्ष समर बहादुर यादव, पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी सोभनाथ वैस्य, राम लखन यादव, सपा नेता फिरोज अहमद, सभासद रामकुमार यादव, सहित विभिन्न पार्टी वक्ताओं ने गोष्ठी में कांशी राम के बारे मे अपने विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि, कांशीराम उत्तर भारत मे दलित चेतना के महानायक के रुप मे जाने जाते है, हिंदी भाषी क्षेत्रों मे उन्होंने दलित आंदोलन को काफी गति प्रदान की। छुवा-छुत, भेदभाव और संकीर्णता को समाप्त करने के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया।

सपा विधायक ने कहा कि, दलित पिछड़ों के उत्थान के लिए जो सपना बाबा साहेब ने देखा था, उनको कांशीराम साहब ने पूरा करने का काम किया, भविष्य में बाबा साहेब अम्बेडकर, कांशीराम व मुलायम सिंह के अधूरे सपनो को पुरा करने के लिए अखिलेश यादव वचन बद्ध हैं।

# डीएम कैंप पर तैनात नवीन को मिला प्रमोशन, बने प्रधान सहायक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी कैंप कार्यालय खीरी में वरिष्ठ सहायक के पद कार्यरत नवीन कुमार दीक्षित का प्रधान सहायक पद पर प्रमोशन हो गया जिलाधिकारी द्वारा गठित पदोन्नति समिति की संस्तुतियों के आधार पर अनुमोदन के अन्तर्गत ज्येष्ठता के आधार पर वरिष्ठ सहायक नवीन कुमार दीक्षित को वरिष्ठता एवं पात्रता के अनुसार प्रधान सहायक के पद पर पदोन्नत किया है। बताते चले कि नवीन को रोटरी क्लब द्वारा अभी हाल ही में व्यावसायिक उत्कृष्टता सम्मान से नवाजा जा चुका है इसके अलावा वरिष्ठ सहायक श्याम किशोर, भगवती प्रसाद, राजेश कुमार कश्यप, सर्वेश कुमार, गजेन्द्र कुमार गुप्ता व अरूण कुमार को भी प्रधान सहायक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। वही कनिष्क सहायक आलोक राज एवं सलोनी खरे को वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई।

## एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 09.10.2023 को 01 एक नफर अभियुक्त सद्दाम पुत्र अनवर निवासी मो0 शेखसरांय थाना खीरी जनपद खीरी को ग्राम मीरपुर से 45 टैबलेट अल्प्राजोलम 0.5 mg कुल वजन 4.950 mg के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0968 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया अभियुक्त को न्याया0 भेजा जा रहा है।

# रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज का एक शैक्षणिक भ्रमण वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर 07 अक्टूबर दिन शनिवार को लखनऊ आंचलिक विज्ञान केन्द्र व( चिड़ियाघर) नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान के लिए रवाना हुआ जिसको डी आई.ओ.एस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया दल को रवाना करने पहुचें डी.आई.ओ.एस का छात्राओं ने सर्वप्रथम तिलक वंदन किया तथा प्रबंधक संजय वर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और साथ मे कॉलेज के एम डी एवं प्रोफेसर मनु लॉ कॉलेज तथा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा भी उपस्थित रहे लखनऊ पहुच कर छात्र/ छात्राओ ने सर्वप्रथम आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुच कर वहाँ पर भौतिक,जीव,रसायन के विभिन्न उपकरणों व 3 डी मॉडलों आदि की सहायता से मनोरंजक अंदाज में विज्ञान के विभिन्न पहलुओ को समझा व जिज्ञासा से भरे रहे। कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता अभिषेक यादव




ने डी.एन.ए, मानव ब्रेन संरचना, आँनुवांशिकी, बैक्टीरिया वायरस आदि को बहुत ही सहज तरीके से 3D के माध्यम समझाया । जियोलॉजिकल टाइम स्केल की मदद से वहाँ पर, फिशेज, एम्फीबियन रेपटाइल्स डायनासोर, स्नेक ,कछुआ, बर्डस, मैमेल्स में विभिन्न प्रकार के आधुनिक मानवों के पूर्वजो को जैव विकास क्रम समझ व देखकर उत्साहित व ऊर्जा से भरे नजर आए। बच्चों ने सूर्य घड़ी से समय को जाना, तथा दैनिक जीवन में भौतिक विज्ञान के गूढ रहस्यों जैसे क्रिया प्रतिक्रिया बल,ध्वनि चाल, घर्षण,ग्रेविटी,उत्तोलकों को वहाँ पर उपस्थित विभिन्न उपकरणों की मदद से प्रयोगात्मक रूप से समझा। आंचलिक केन्द्र में बच्चों ने साईमैक्स 3डी शो, विज्ञान का मैजिक शो देखा उसके बाद लखनऊ जू को गए वहाँ पर शेर, भालू, टाइगर, गिद्ध, कछुआ, सर्प, बिल्ली, शुतुरमुर्ग, मगरमच्छ, गैडा, तोप,प्लेन टॉयट्रेंन, तितलीघर आदि को बहुत ही आश्चर्य व कौतुहल से देख कर बच्चे काफी प्रफुल्लित हो उठे। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने वहाँ पर वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया व बच्चों को इनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। तथा उपप्रधानाचार्य उदयवीर ने बच्चों को चिड़ियाघर के सभी जीव जंतुओ तोप, प्लेन आदि के महत्व उपयोग, व इनके संरक्षण के विषय में जानकारी दी। बच्चों को कोई भी असुविधा ना हो इसलिए प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने समय समय पर कुल्फी, चाय-नाश्ते, डिनर, आदि का भी प्रबंध करते रहे! इस टूर में प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, उप प्रधानाचार्य उदयवीर, चाँदनी, राधा, प्रांशी, निधि द्विवेदी, प्रिया, अभिषेक यादव, प्रवीण मिश्रा, उवैद रज़ा खां आदि शिक्षक/ शिक्षिकाए एवं सुशील जी उपस्थित रहे।

# शहर को स्वच्छ रखना सभी का सामूहिक दायित्वः अरविंद श्रीवास्तव




*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** शहर के प्रभूटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में ÷आई. टी. सी. मिशन सुनहरा कल÷ अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर ÷मिशन सुनहरा कल÷ अभियान के वरिष्ठ अधिकारी आदिल खान ने कहा कि घरों से निकलने वाले कचरे के लिए मोहल्लों में ही, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की स्थापना की जाएगी। मोहल्लों में घर-घर से कचरा एकत्र किया जाएगा। उसके बाद अपशिष्ट केंद्र पर अलग-अलग किया जाएगा। अभियान के अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक कचरे को घर-घर से एकत्र किया जाएगा, उसके बाद उसका भंडारण, ढुलाई और पुर्नचक्रण योग्य भाग को पंजीकृत एजेंसी तक भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना सभी का सामूहिक दायित्व भी है, उन्होंने यह भी कहा घरों से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को प्रारंभ से ही अलग अलग रखना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि कचरे के सही प्रबंधन के चलते, गीले कचरे से खाद बनाने की व्यवस्था सरकार द्वारा क्षेत्र स्तर पर की गई है, जो अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र नाथ हरि सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## भूएमऊ मे किया गया दंगल का आयोजन

**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूएमऊ गांव में स्व.पूर्व प्रधान राज बहादुर यादव द्वारा शुरू किया गया था दंगल। प्रधान दिलीप विश्वकर्मा उर्फ पप्पू द्वारा भूएमाऊ गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भूएमऊ गांव में बड़े हर्षोल्लास के साथ दंगल का कार्यक्रम शुरू किया गया । जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों में जबरदस्त कुश्ती का आयोजन हुआ। पहलवानों को जीतने पर उनको पुरस्कार से सम्मानित किया गया और वहां पर कमेटी द्वारा सभी सदस्यों ने पहलवानों की बड़ी सराहना की। इसी तरह कई वर्षों से लंबे समय से भूएमऊ गांव का मान सम्मान बढ़ता गया। इस अवसर पर दिलीप विश्वकर्मा उर्फ पप्पू प्रधान, राजकुमार यादव, अवधेश यादव, कुलदीप यादव, रामदेव यादव, सुरेंद्र यादव, पप्पू पांडे, रूपेश विश्वकर्मा,रामकुमार विश्वकर्मा, मुन्ना पंडित, थदीराम यादव, अर्जुन यादव, देवा यादव, शंभूनाथ यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# छात्र की पिटाई करने वाला अध्यापक गिरफ्तार
## ■ एसपी ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छाजन बोधेपुर के बीच स्थित किशोरी बालिका संस्कृत आवासीय गुरूकुल का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें अध्यापक छात्र को बेरहमी से पीट रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी चक्रेश मिश्रा ने निरीक्षण कार्रवाई के निर्देश दिए। वायरल वीडियों में एक अध्यापक छात्र को बेरहमी से पीटता नजर आ रहा था। अध्यापक छात्र को पटक - पटक कर पीट रहा था, जबकि छात्र गिड़गिड़ाते हुए रहम की भीख मांग रहा है। अध्यापक छात्र की बेरहमी से पिटाई करते हुए अपशब्दों का प्रयोग भी कर रहा था। आरोपी अध्यापक का नाम सतीश जोशी बताया जा रहा है। सतीश जोशी खैराबाद थाना कस्बा के मोहल्ला जोशी टोला का निवासी बताया जा रहा है। वही छात्र की पहचान रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम पंडित पुरवा निवासी राजेश



मिश्रा के पुत्र दीपक के रूप में बताई जा रही है। इधर वीडियो वायरल होने की जानकारी होने पर एसपी चक्रेश मिश्रा गुरुकुल पहुंचे और उन्होंने छात्रों से मुलाकात की। छात्रों का हाल जाना व उनसे कहा कि उत्पीड़न होने पर अपने परिजनों को जरूर बताएं। वहीं एसपी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर हरकत में आई पुलिस ने आनन फानन में केस दर्ज कर आरोपी सतीश जोशी को गिरफ्तार किया है।

## अवैध गांजा सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** देहात कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अजय मिश्रा उर्फ चिंगू मिश्रा उर्फ शिवांशु मिश्रा पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी नाथपुरी कॉलोनी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 1645 ग्राम गांजा, 25 प्लास्टिक की छोटी पन्नी व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी देहात कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर पूर्व में विभिन्न आपराधिक कृत्यो के संबंध में करीब 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## कागजात व 15,600 रुपये लौटाए

सीतापुर। रोडवेज पुलिस चौकी प्रभारी रामचन्द्र यादव पुलिस टीम सहित बस अड्डे पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक पर्स पड़ा मिला। पर्स को चेक किया तो उसमें कुछ जरुरी कागजात व 15,600 रुपये निकले। इसी बीच एक व्यक्ति वही थोडी दूर पर परेशान कुछ ढूंढता हुआ दिखा। पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम वींद्रं कुमार पुत्र धनपाल सिंह निवासी रोजा जलालपुर थाना बिसरख जनपद नोएडा बताया। उसने अपना पर्स गुम हो जाना बताया। पर्स का हुलिया तस्दीक करते हुए पर्स को उनके सुपुर्द किया गया। वीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना सकरन पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर सलौली के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने ताजपुर सलौली निवासी मुन्नालाल गोड़िया पुत्र श्रीराम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है।

# चोरी की 2 बाइकों के साथ आटोलिफ्टर गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** रेउसा थाना क्षेत्र की पुलिस ने बाइक चोरी की दो वारदातों का राजफाश किया है। पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की दो गिरफ्तार किया। सीओ अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि उसके कब्जे से चोरी की 2 मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि बरामद एक मोटरसाइकिल रेउसा थाना क्षेत्र से चोरी की गई है। जिसका केस



बाइकें बरामद की हैं।

थाना रेउसा पुलिस टीम ने इलाके के ग्राम शिवपुरी के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान आफ्ताब उर्फ मुटरु पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम करसा थाना रेउसा को रेउसा थाने में दर्ज है। आरोपी आफ्ताब को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पवन मिश्रा, पुलिसकर्मी रामबहादुर पटेल, सौंवत चौहान शामिल हैं।

# विकासखंड मुरादनगर स्तर पर मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**मुरादनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर समस्त भारतवर्ष मे चलाए जा रहे मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आज विकासखंड मुरादनगर स्तर पर अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्राम पंचायत से अमृत कलश एकत्रित कर ब्लॉक मुख्यालय पर लाए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी विधायक मुरादनगर तथा राजीव त्यागी ब्लॉक प्रमुख ने सभी ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों, स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं, नेहरू युवा केंद्र के युवा/युवती मंडलों युवा कल्याण के मंगल दलों के सदस्यों के साथ अमृत कलश यात्रा में भाग लिया।

कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी विधायक, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, बीडीओ सुधीर कुमार जी, उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद देवेंद्र कुमार तथा सभी ग्राम प्रधानों ने शहीद स्मारक पर फूल चढ़कर तथा दीपक जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिथियों का पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छोटे बच्चों ने सरस्वती वंदन तथा स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद सभी कलशों से संग्रहित मिट्टी को भावपूर्ण तरीके से मिश्रित कर ब्लॉक स्तर पर एक कलश का निर्माण किया गया। जो यहां से जिला स्तर के बाद राजस्थान तथा अंत में 30 अक्टूबर को देश की राजधानी दिल्ली में ले जाया जाएगा, जहां यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सभी गांव से आई मिट्टी से कर्तव्य पथ पर एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी जी ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम सभी ग्रामों तथा शहीदों के घर से एकत्रित मिट्टी को ले जाकर के देश की राजधानी में एक अमृत वाटिका का निर्माण करेंगे। यह यात्रा सभी धर्म तथा सभी जातियों को एकजुट करने में तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। कार्यक्रम में माननीय विधायक जी ने सभी को पंच प्राण की शपथ दिलाई और ब्लॉक से आए सभी शहीदों के परिवारों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्लॉक पंचायत में ब्लॉक के सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में चल रही योजनाओं की सभी ग्राम वासियों, ग्राम प्रधानों तथा ग्राम सचिवों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार ग्राम प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में ब्लॉक के सभी अधिकारियों, नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार, युवा कल्याण विभाग की क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी श्रीमती रिचा तिवारी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायत के ग्राम प्रधानों के साथ सचिवों राष्ट्रीय स्वयंसेवक राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक तालिब, शिवांगी आदि ने भाग लिया।

## श्री सुल्लामल रामलीला, गणेश पूजन पर रावण के दूत का नगर भ्रमण

**गाजियाबाद।** रावण के दूत ने कल नगर भ्रमण कर रावण राज होने की बात नगर वासियों को बताइए थी। सोमवार की संध्या में ठाकुरद्वारा मंदिर से गणेश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें 42 डोले, झांकी, बैंड बाजार में होते हुए रामलीला मैदान घंटाघर पहुंचे। बाजार में व्यापारियों एवं नगर वासियों ने फूल की वर्षा कर गणेश शोभायात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। रामलीला मैदान में कमेटी के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार (वीरो), कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, उस्ताद अशोक गोयल ने विधिवत रूप से सुल्लामल रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ गणेश पूजा कर लीला मंचन का शुभारंभ किया। ठ्इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश, सुभाष गुप्ता, संजीव मित्तल,अनिल चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल, सुबोध गुप्ता, सुनील कुमार शीलो, दिनेश कुमार गोयल, सुभाष बजरंगी, राजीव शर्मा, नंद किशोर शर्मा, मीडिया प्रभारी श्रीकांत राही, पार्षद नीरज गोयल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ता को दी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ता बैजनाथ विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा नेता उनके घर पहुंचे। बैजनाथ विश्वकर्मा लंबे समय से भाजपा से जुड़े थे और बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। बैजनाथ विश्वकर्मा के पुत्र गरूणेश विश्वकर्मा भी भाजपा कार्यकर्ता हैं। सोमवार को भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा उनके आवास आहाता कप्तान हबीबपुर पहुंचे। दोनों नेताओं ने दिवंगत बैजनाथ विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नींव होती है। उसी नीव पर पूरा संगठन खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विश्वकर्मा के निधन से संगठन को अपूर्णनीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में संगठन उनके परिवार के साथ है। इस अवस पर भाजयुमो के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, सत्यम सिंह, विवेक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र कय्यूम व बहु नाजरीन को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ मेरा व मेरे परिवार का कय्यूम व उसकी पत्नी नाजरीन के किसी भी कृत्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने समस्त कृत्यो के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

**मतलूब पुत्र छोटे खाँ, मोहल्ला बाजार खुर्द, मोहम्मदी, खीरी**

# मिनिस्टीरियल एसोसिएशन एरिगेशन डिपार्टमेंट की कार्यकारिणी ने ली शपथ

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** मिनस्टीरियल एसोसिएशन एरिगेशन डिपार्टमेंट की जनपद शाखा का शपथ ग्रहण समारोह प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में नहर कालोनी के सिंचाई विभाग के संघ भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें निचली गंगा नहर की कुसुम तिवारी को संरक्षक, नीलम कुमार सरोज को जनपद अध्यक्ष, रवि प्रकाश को जनपद सचिव, रामकुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विमल कुमार को उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश को संगठन मंत्री, सुधा को उपाध्यक्ष महिला, संगीता देवी को कोषाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने पर शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरूआत नहर कालोनी के गेट पर प्रांतीय पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए नारेबाजी के साथ तमंच तक ले गये। प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सिंचाई

**सिंचाई विभाग के वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों को शाल भेंट किया सम्मानित**

विभाग के वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों का शाल भेंटकर सम्मानित किया। जिसके पश्चात कई वक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। संगठन मजबूती कायम रखने पर भी बात रखी। प्रांतीय पदाधिकारियों ने जनपद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आश्वस्त किया कि किसी प्रकार के भय से मुक्त रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। प्रांतीय अध्यक्ष कृतार्थ सिंह ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखकर सरकार से की जा रही मांगों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रांतीय अध्यक्ष ने राम किशोर यादव, राजेंद्र अग्रहरि को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष फेडरेशन एसोसिएशन की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर जगदीश पाल, गोवर्धन सिंह, रामचंद्र गुप्ता, कलीशंकर श्रीवास्तव, शमशुल हक सिद्दीकी, जेपी वर्मा, रामभजन यादव, कंचन बाबू, राम किशोर, शिव प्रसाद, जेपी यादव, हंसराज, ज्ञान प्रकाश, शोभित वर्मा, अमरीश सिंह, प्रदीप कुमार, विनय कुमार तिवारी, दिवाकर यादव, अहमद रजा खां भी उपस्थित रहे।

# जालौन कोतवाली में निपटाए गए राजस्व संबंधी विवाद



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राजस्व संबंधी तीन विवादों को एसडीएम व सीओ की उपस्थिति में कोतवाली में समझौता कराकर निपटाया गया। आगे किसी भी प्रकार का विवाद न करने की भी हिदायत दी गई। सरकार भूमि संबंधी विवादों को निपटाने में पहल कर रही है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाएं न हो सकें। इसके लिए लगातार मॉनीटरिंग भी की जा रही है। शनिवार को तहसील में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व संबंधी तीन विवाद आए थे। रविवार को एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र गौतम की उपस्थिति में राजस्व विवाद से संबंधित तीनों शिकायतों में दोनों पक्षों को कोतवाली में बुलाया गया। जिसमें वीरपुरा निवासी सुलेखा व रामफल एवं औरेखी के लक्ष्मण सिंह व मलकरपुरा के भगवानदास के बीच भूमि संबंधी विवाद था। एसडीएम व सीओ ने बिंदुवार दोनों पक्षों को सूना और लेखपाल की उपस्थिति में समझौते के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलह भी हो गई। जिसमें दोनों पक्ष सहमत हुए। एसडीएम व सीओ ने कहा कि जो समझौता हुआ है उसका किसी भी प्रकार से उल्लंघन न हो। यदि कोई पक्ष उल्लंघन करता है तो फिर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि राजस्व संबंधी विवादों को गंभीरता से लिया जा रहा है। पहला प्रयास है कि दोनों पक्षों को बीच जो विवाद है उसकी जानकारी ली जाए और दोनों पक्षों में सहमति के आधार पर उनका निस्तारण कराया जाए। यदि इसके बाद भी विवाद नहीं सुलझता है तो फिर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्व विभाग की टीम दूसरी बार पहुंची



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया जनपद में विगत दो अक्टूबर को जमीनी विवाद को लेकर 6 लोगों के नृशंस हत्या की गई थी। जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग शामिल थे। जिसमें दो मासूम बच्चे भी हिंसा का शिकार हुए थे। आज फतेहपुर गांव में राजस्व विभाग के टीम दूसरी बार पहुंची और पैमाइश का कार्य शुरू कर दिया। उसके बाद सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी की गांव में बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है। देखते- ही देखते हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए और नारेबाजी करने लगे। जिसमे बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल थे उसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। वही मौके पर पहुंचे राजस्व अधिकारी ने कहा कि पूरे ग्राम सभा की पैमाइश की जा रही है इसी के बाद निर्णय लिया जाएगा जब अधिकारी सवाल हुआ कि की जो अवैध निर्माण मिलेंगे कार्रवाई होगी जवाब में अधिकारी महोदय ने कहा कि अवैध मिलने पर नियम अनुसार कार्रवाई होगी।

## सात ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा का होगा संचालन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिये सात ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा का संचालन करेगा। इस यात्रा में ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ, भेंट द्वारका, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, घृष्णेश्वर, और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराये जायेंगे। इस यात्रा में उतरने व चढने के लिए लखनऊ के अलावा गोरखापुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं ललितपुर स्टेशन पर सुविधा होगी। यात्रा 17 नवम्बर से 26 नवम्बर तक 9 रात्रि एवं 10 दिन की होगी। इस पैकेज में सेकेण्ड एसी, थर्ड एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी व नान एसी बसों से स्थानीय भ्रमण कराया जायेगा। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। यात्रा की बुकिंग के लिए पर्यटन भवन गोमती नगर स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। यात्रा इकोनॉमी श्रेणी, स्टैंडर्ड श्रेणी और कम्फर्ट श्रेणी में विभाजित की गई है। इसी के हिसाब से यात्रा का शुल्क भी तय किया गया है।

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन आज से

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों एवं ''सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास'' विषेयक 03 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन दि. 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक कलेक्ट्रेट स्थित तिकोनियां पार्क में किया जायेगा। उक्त प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के द्वारा पूर्वान्ह 11.30 बजे किया जायेगा।

## तीन प्रतिभागी आज होंगे पुरुस्कृत

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** सिविल जज (प्र.व.), प्र. सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नम्रता सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार गांधी जंयती 02 अक्टूबर को जनपद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जिले के समस्त प्राइमरी, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था, जिसमें उत्कृष्ट 03-03 प्रतिभागियों को निर्वाचक मंडल द्वारा दि. 10 अक्टूबर को अपरान्ह 04 बजे दीवानी न्यायालय के केन्द्रीय सभागार कक्ष में पुरूस्कृत किया जायेगा।

## पीआरडी जवानों से ले रहे ड्यूटी लगाने के रुपए

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पीआरडी के दर्जनों जवानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति को विभागीय अधिकारियों की भ्रष्ट नीति, रिश्वतखोरी और फर्जी कार्यों को लेकर शिकायती पत्र दिया है जिसमें पीआरडी के जवान शिवपाल सिंह, दिनेश चंद, रमेश चंद, विपिन कुमार उमेश चंदेश्वर दयाल सहित दर्जनों पीआरडी जवानों ने अपर जिला अधिकारी को बताया कि विकासखंड स्तर पर ब्लॉक कमांडरों से विभागीय कार्य न करा कर इधर-उधर के कार्य कराए जाते है। साथ ही जवानों से ड्यूटी लगवाने के नाम पर दो हजार रुपए प्रति माह लिए जाने की बात कही है जो जवान पैसे नहीं देते हैं उन्हें ड्यूटी पर नहीं रखा जाता है। जवानों ने अपर जिलाधिकारी से गोपनील ढंग से जांच कराए जाने की मांग की है।

## पास्को सहित अन्य अभियोग में 101 को सजा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए 01 जुलाई 2023 से अब तक पाक्सो/सनसनीखेज/अन्य अपराधों के कुल 101 अभियोगों सजा दिलाई गयी है।

## फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, प्रभारियों/थानाध्यक्षों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक ऑनलाइन वीडियों कॉनफ्रेन्सिंग द्वारा सीधे संवाद कर फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के लिए शुरु की गई है।

## लक्ष्य पूर्ण कर निपुण भारत मिशन को सफल बनाएं

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय ब्लॉक कमालगंज में जनपद स्तरीय एआरपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में सभी एआरपी को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत आप सभी को जो दायित्व मिला है उसे पूरी लग्न ईमानदारी से कर अपने लक्ष्य को पूर्ण करे।

# सिकटिया में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने की मांग

## राजस्व विभाग के अभिलेख में अस्पताल के नाम 83 डिसमिल जमीन दर्ज है

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** न्याय पंचायत सिकटिया में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न होने से यहां के मरीजों को काफी दुर्गति झेलनी पड़ रही है। यहां अस्पताल के नाम से भूमि भी उपलब्ध है। क्षेत्र के लोगों ने सांसद को पत्रक देकर अस्पताल बनवाने की मांग किया है।

सांसद को दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा गया है कि उक्त न्याय पंचायत में सिकटिया, दुबौली, अथरहा, देवराजपुर, पिपरा, लंगड़ी, मुहम्मदा जमीन सिकटिया, मुड़िला हरपुर आदि गांव है, जिसकी आबादी करीब 25 हजार है। वर्ष 2004 में ग्राम सभा सिकटिया में गाटा संख्या 806 में 83 डिसमिल भूमि अस्पताल के नाम से राजस्व विभाग के अभिलेख में दर्ज है। न्याय पंचायत जो कि आर्थिक दृष्टि से बहुत ही पिछड़ा है। यहां के मरीजों को अस्पताल न होने से दस किमी दूर मथौली बाजार अथवा 20 किमी दूर हाटा, कप्तानगंज जाना पड़ता है।

सपा सरकार में अस्पताल खोलने के लिए सर्वे हुआ था और इस अस्पताल के लिए गांवों का आवंटन भी हो गया था। लेकिन सब सर्वे ठंडे बस्ते में रह गया। नजदीक कोई अस्पताल न होने से मरीजों एवं डिलीवरी के लिए महिलाओं का समय से इलाज नहीं हो पाता है और मरीज मथौली, हाटा, कसया, रामकोला अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ देते है। लोगों ने सांसद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की मांग किया है।

## रोडवेज़ बस से टकराकर बाइक सवार भाई-बहन जख्मी

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बक्सर गांव मोड़ एनएच-2 पर रोड किनारे खड़ी रोडवेज़ बस में पीछे से बाइक चालक जाकर टकरा गया। जिसमे बाइक पर सवार भाई बहन दोनों घायल हो गए। घटना की जानकारी हाइवे पेट्रोलिंग को हुई तो तुरन्त मौके पर पहुंच कर अपने वाहन से घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थानां क्षेत्र के जगत पुरवा आदिल गांव निवासी जीवन लाल का 23 वर्षीय पुत्र अभिनेश व उसकी 24 वर्षीय बहन कल्पना दोनों बाइक पर सवार होकर कानपुर जनपद के सरसौल जा रहे थे। तभी रास्ते में कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बक्सर गाँव मोड़ एनएच 2 पर रोड किनारे खड़ी रोडवेज बस में पीछे से जाकर टककरा गए। जिसमे दोनों घायल हो गए तो घटना की जानकारी हाइवे पेट्रोलिंग को हुई तो मौके पर पहुंचे डॉक्टर भरत अपने वाहन से घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और घायलो को भर्ती कराया।

# ऑनलाइन अखिल भारतीय यूनानी क्विज प्रतियोगिता की गई आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** इंटरनेशनल यूनानी फोरम ने भारत भर के यूनानी कॉलेजों के छात्रों के बीच एक ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने और विभिन्न यूनानी कॉलेजों के बीच एकीकृत शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने और छात्रों के बीच कॉम्पिटेटिव परीक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ऐरा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने ऑनलाइन बटन दबाकर किया।

इंटरनेशनल यूनानी फोरम के संस्थापक डॉ. मुबाशेर खान ने बताया कि देश के 47 यूनानी मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों और अधिकारियों को यह कार्यक्रम बहुत पसंद आया और इसमें लगभग 800 छात्रों ने भाग लिया और कॉलेजों के अधिकारियों, विशेषकर संकाय सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी मददगार रहे। इन्होनें अहम भूमिका निभाई। आईटी विशेषज्ञ अब्दुल्ला, जो सॉफ्टेंशियल सॉल्यूशंस कंपनी के प्रबंधक हैं, ने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। यूनानी चिकित्सा का अध्ययन करने वाले हजारों छात्रों में से यूनानी चिकित्सा से संबंधित 50 प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को फोरम द्वारा भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा और 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को फोरम द्वारा उपलब्धि प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मूल्यवान पुरस्कार से आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यूनानी फोरम सम्मेलन में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंच के अन्य पदाधिकारियों डॉ. मुहम्मद खालिद (देहली), डॉ. शाहिद मलिक, डॉ. सलमान खालिद, डॉ. खुर्शीद, डॉ. तनवीर और डॉ. अराद कादरी ने भविष्य में इस कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आयोजित करने का निर्णय लिया है। पिछले दो वर्षों में यूनानी जगत में इंटरनेशनल यूनानी फोरम ने ऐसा सफल प्रयास करके यूनानी चिकित्सा को मजबूत करने और लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## आयोजित हुई फाइलेरिया बचाओ गोष्ठी

**फर्रुखाबाद।** दुर्गा नारायण पी जी कॉलेज फतेहगढ़ में सोमवार को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में फाइलेरिया (हाथी पाँव) बचाव एवं नियंत्रण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विकास द्विवेदी (सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक, लखनऊ) ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं फाइलेरिया (हाथी पाँव) बीमारी फैलने के कारण, उपचार एवं पर विस्तार से बताया तथा बचाव के लिए दवा भी बताई। कार्यक्रम में डॉ आलोक बिहारी शुक्ला (असिप्रो) भारतीय महाविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में चैतन्य उत्सव का मुख्य समारोह मनाया जायेगा

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** श्री प्रेम शक्ति सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर को श्री गुरु श्री साई आदित्य श्रीजी के अवतरणोत्सव के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में चैतन्य उत्सव का मुख्य समारोह मनाया जायेगा।



संस्थान की सदस्या श्रीमती शीलम श्रीवास्तव जी ने बताया कि चैतन्य उत्सव के अंतर्गत दिनांक 1 सितंबर से 15 अक्टूबर सभी से ईश्वर के नामजप के साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्यक्रम और पशुओं को नियमित रोटी आदि देने का आवाहन किया गया है।

# जिले में जल्द संगठन खड़ा कर समाज को करेंगे एकजुट: सगीर

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** सलमानी एकता एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी की एक बैठक शहर के नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में शामिल प्रदेश अध्यक्ष सगीर अहमद सलमानी ने कहा कि यह सोसाइटी कौशांबी सहित अन्य जनपदों में कार्य कर रही है। समाज के गरीब व पिछड़े तबके के लोगों का सहारा बनी है। जल्द ही फतेहपुर जिले में भी संगठन को खड़ा करके समाज को एकजुट किया जायेगा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आये प्रदेश अध्यक्ष सगीर अहमद सलमानी समेत अन्य पदाधिकारियों का सलमानी समाज के लोगों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात समाज के लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की का रास्ता शिक्षा से होकर गुजरता है। इसलिए अपने-अपने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से अवश्य जोड़ें। उन्होने कहा कि समाज को एकजुट करने व उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने के उद्देश्य से ही सलमानी एकता एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी का गठन किया गया है। यह संस्था प्रदेश के कई जिलों में चल रही है। जल्द ही फतेहपुर जिले में भी इसकी कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। जिससे समाज के लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराने के साथ-साथ पर्वों के दौरान उनके घरों तक सहायता भी पहुंचाई जा सके। उन्होने समाज के लोगों का आहवान किया कि एकजुटता बनाये रखें और हमेशा एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े हों। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अनवर सलमानी, रशीद सलमानी, सलमानी नवाब मलिक, मो. शमशाद सलमानी, शब्बीर सलमानी, हनीफ सलमानी सहित समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय उपजिलाधिकारी रूद्रपुर वाद सं. T202105200301409
बदस्त आवास फरोख्त के लिए सम्मन बमुजिद दफा 193 एक्ट 3 सन् 1901 ई. धारा 116 उ.प्र.
मुन्नी तिवारी
बनाम
शोभा पाण्डेय आदि
ग्रा.- महेशपुर
तथा नगवा टीकर
पर.- सिलहर
तह.- रूद्रपुर
मुद्दई बनाम मुद्दालेह
नीयत मुकदमा ता. पेशी 17-10-2023
बनाम साकिन मौजा परगना
जो कि हाजिर होना आपके वास्ते हारिजहालात मुकदमा जरूर है इस वासते बमुजिये दफा 193 ऐक्ट 1901 ई. आपको हुक्म होता है कि आप रूबरू इस अदालत में असाजतन या बाजिये मुख्तार मानस तारीख सन् 20 ई. के वक्त व मुकदमा हाजिर हजिए।
शोभा पाण्डेय पुत्री बादामी पाण्डेय पत्नी बद्रीनारायन पाण्डेय
ग्राम- महेशपुर तथा नगवाटीकर पर. सिलहर तह. रूद्रपुर जि- देवरिया
गोविन्द्र पुत्र सुनील तिवारी
रविन्द्रनाथ पुत्र पारस नाथ
कैलासी देवी पत्नी पारस नाथ
आदित्यनाथ पुत्र कैलाश
सच्चितानंद, देवानंद पुत्रगण गोरखनाथ
रामनाथ, शिवनाथ, अष्टभुजा पुत्रगण हरिबेलास
सालिन्दी पत्नी हरिबेलास
रामानुज, नपनागर, कृपासागर पुत्रगण उपेन्द्रनाथ
सुमदा देवी पत्नी उपेन्द्रनाथ
ग्राम सभा महेशपुर मार्फत ग्राम महेशपुर तथा नगवासिरा पर. सिलहर, तह. सदपुर, ज़िला. दिवरिया

# नहर की टूटी पुलिया हादसों को दे रही दावत

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर एक अजगंवा के अक्रूपुर स्थित नहर की पुलिया टूटने से कई हादसों के बाद भी जिम्मेदारों की नींद नही टूटी। मार्ग पर स्थित नहर की पुलिया टूटने से सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है जिसकी चपेट में आकर राहगीर चोटहिल हो रहे हैं। अजगवां

**दर्जन भर हादसों के बाद भी नही जागे ज़िम्मेदार**

वार्ड को शहर से जोड़ने वाले मार्ग व सूबेदार का पुरवा, मिश्रामऊ आदि गांवों के जाने के लिए मुख्य मार्ग होने की वजह से दिनभर में लगभग दो से ढाई हजार लोग गुज़रते हैं। सड़क के ऊपर भारी भरकम गड्ढा नीचे पानी देखने में बेहद भयानक स्वरूप के बीच इसी सड़क से होकर नौनिहाल स्कूलों को जाते हैं तो ग्रामीण दिन रात इसी सड़क से होकर जाने को मजबूर है। ग्रामीणों की माने तो कई वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क व पुलिया बनवाई गई है। शहर से अजगवां वार्ड के आकूपुर व सूबेदार का पुरवा, मिश्रामऊ आदि गांवों के लिये सम्पर्क मार्ग है। काफी दिनों से पुलिया के टूटने से मार्ग पर गड्ढा बन गया है जो मरम्मत न होने की वजह से धीरे धीरे बढ़ता जा रहा और जानलेवा स्वरूप में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों की माने तो प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक लोग इस गड्ढे की वजह से गिरकर घायल हो रहे हैं। वही दर्जनभर लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके है। मरम्मत का कार्य नहीं होने पर वार्ड वासियों ने जिम्मेदारों के प्रति आक्रोश जाहिर किया।

### हादसों का भरा रहता भय: सभासद

वार्ड नंबर एक सभासद विवेक सिंह के अनुसार नहर की पुलिया टूटने की सूचना उनके द्वारा लोक निर्माण विभाग को लिखित में अवगत कराया गया है लेकिन विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नही की। ग्रामीणों के आने जाने वाला प्रमुख मार्ग होने की वजह से हादसों का भय बना रहता है।

# स्वच्छता अभियान के समापन पर विजेता प्रतिभागी सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** गांधी जयंती पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे स्वच्छता जागरुकता एवं स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान का सोमवार को समापन हो गया। सप्ताह भर जिले के सभी विद्यालयो में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जिला जज समेत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

स्वच्छता अभियान के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा ने शिरकत की। इसके अलावा जिलाधिकारी सी. इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर जिला जज/सचिव नित्या पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अनुराग श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा ने भी हिस्सा लिया। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को बेसिक स्तर, माध्यमिक स्तर व महाविद्यालय स्तर निबन्ध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के कुल 18 चयनित प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण किया। बेसिक स्तर पर केजीबीवी हसवा से छात्रा कु. आंचल ने प्रथमन, केजीबीवी तेलियानी से छात्रा कु. रितांशी ने द्वितीय, यूपीएस नवाबगंज हथगॉव से कु. ज्योति मौर्य ने तृतीय स्थान चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त किया।

बेसिक शिक्षा स्तर पर उच्चतर प्राथमिक विद्यालय हाफिजपुर हरकरण से अनमोल ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, कम्पोजिट स्कूल बरेठर खुर्द विकास खंड खजुहा से कु. सौम्या ने द्वितीय स्थान एवं केजीबीवी तेलयानी की कु. मंजू ने तृतीय स्थान निबंध प्रतियोगिता में प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर राजकीय इण्टर कॉलेज से अर्श खान ने प्रथम व महर्षि विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज से अनुज लोधी द्वितीय एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज से गौरी देवी ने तृतीय स्थान चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त किया। महार्षि विद्या मन्दिर से कृष्णा तिवारी ने प्रथम स्थान, राजकीय इण्टर कॉलेज से आर्यान्स ऋषभ वर्मा ने द्वितीय व राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज से सहनीज फातिमा ने तृतीय स्थान निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तर पर डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय से कु. शिवानी देवी प्रथम स्थान, ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय से अरबीना यासीन ने द्वितीय स्थान एवं डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय से अंबर इदरीस ने चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय से सान्या शुक्ला ने प्रथम, ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय से सुहानी पटेल ने द्वितीय व पारूल मौर्या ने निबन्ध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राज्य सरकार पर बरसे कांग्रेसी, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सनातन का नाम लेने वाली प्रदेश की बीजेपी सरकार न तो सनातन के प्रति समदृष्टि रखती है और न ही कानून के समक्ष समता पर आधारित विधि के शासन में ही उसका विश्वास है। उसके लिये सनातन शब्द किसी आस्था एवं विश्वास का प्रतीक नही बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध का एक हथियार मात्र रह गया है।कांग्रेस मांग करती है कि काशी में हुई घटना पर हस्तक्षेप करते हुये प्रदेश सरकार को आवश्यक निर्देश दिए जाएं जिससे समान मामले में सभी को समान न्याय मिल सके।

प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा काशी में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द पर हुये बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में 5 अक्टूबर 2015 को काशी में निकाली गयी अन्याय प्रतिकार यात्रा के दौरान 82 लोगो पर पंजीकृत मुकदमो में से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को छोडकर शेष 81 लोगो के मुकदमें वापस लिये जाने सम्बन्धी मामले की ओर आकृष्ट कराना है। जिसका संदर्भ ग्रहण करते हुये अपर सत्र न्यायधीश वाराणसी ने उन 81 लोगो को बरी कर दिया। उक्त मुकदमें में नामजद सभी 82 लोगो पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था, परन्तु एकमात्र हमारे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को छोड़, अन्य 81 लोगो के विरूद्ध आरोप वापस लेने की संतुति अदालत से करके 81 लोगो को आरोप मुक्त कराया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा सनातन की रक्षा में राजनीतिक भेदभाव का परिचय देते हुये लिये गये फैसले के पीछे तर्क दिया गया कि अजय राय पर और भी मुकद्दमे है तो उन 81 लोगों में भी कई के विरूद्ध है, जिन्हे सरकार ने राजनीतिक सजातीयता के कारण आरोप मुक्त करवाया है।

# प्रेमी से मिलने के लिए रची झूंठे अपहरण की कहानी

**टिकैतनगर बाराबंकी।** प्रेमी से मिलने गुजरात जाने के लिए एक युवती ने अपने अपहरण की झूंठी सूचना फैला दी। सक्रिय पुलिस ने नाकाबंदी कर पड़ताल शुरू की तो युवती के मिलते ही सारी पोल खुल गई। युवती को उसके माता पिता को सौप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार टिकैतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के ट्रक चालक व अन्य के द्वारा अपहरण की सूचना पुलिस तक पहुंची तो उनके हाथ पांव फूल गए। सक्रिय हुई पुलिस ने जाल फैलाया तो कुछ देर बाद युवती कोटवाधाम में एक मंदिर के पीछे से मिल गई। पुलिस ने जब घटनाक्रम की जानकारी की तो उन्हें शक हुआ। सवाल दागते ही युवती टूट गई और सबकुछ बता दिया। पता चला कि वह अपने प्रेमी से मिलने के लिए गुजरात जाना चाहती थी इसलिए उसने अपहरण का नाटक रचा और ट्रक पर अपहरण की बात इसलिए कही ताकि वह ट्रक के जरिये ही गुजरात निकल जाती। पुलिस ने युवती को उसके माता पिता के हवाले कर दिया है।

# 30 घण्टे से ज्यादा बिजली पानी को तरस गए वार्डवासी, क्षेत्रीय जेई ने रोया अकेलेपन का रोना

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** विद्युत विभाग की लापरवाही कोई नई बात नही, वैसे भी इनकी लापरवाही से किसी की जान पर बन आये या हाथ धोना पड़े तो इनकी बला से। किसी भी अप्रिय स्थिति में इनके अधिकारियों का हाल पुलिस से भी गया गुजरा है। जैसे कि कस्बे के एक वार्ड में अचानक घरेलू लाइन का तार घनी आबादी में गिर पड़ा, गनीमत यह रही कि उस जगह कोई नही था। आफत यह कि इस तार को दुरुस्त करने में ही 35 घण्टे से ऊपर गुजर गए और इतने समय लोगों को पानी बिजली नसीब नही हुई। क्षेत्रीय नागरिक यहां के लापरवाह जेई को कोसते रहे। बताते चले कि कस्बे में हाईटेंशन लाइन के तार भी झूला झूलते दिखाई देते हैं जबकि हवा में लटके इन तारो का मजबूत होना बहुत जरूरी है। यही दशा घरेलू लाइन की भी है। अक्सर यह तार समय समय पर मरम्मत के अभाव में टूटकर जान पर खतरा बनते दिखे हैं। जाने कितनों की जान भी जा चुकी लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों पर जूं रेंगती नही दिखी। कामचलाऊ आदत व समस्या को लटकाए रखने की कार्यशैली का ही नतीजा है कि इनकी करनी का फल आम जन भुगतने को मजबूर होते रहे हैं। ऐसी ही एक घटना कस्बे के नयापुरा वार्ड में घटित हुई। वार्ड में शनिवार की रात घरेलू लाइन का तार (एबीसी) अचानक टूटकर गिर गया। काफी देर तक बिजली न रहने पर लोगों ने सोंचा कि अभी आ जाएगी पर अधिक देर होने पर लोग सशंकित हुए, तब पता चला कि तार टूट गया है। सूचना देने पर सप्लाई तो बन्द कर दी गई पर संकट ऐसा बढ़ा कि 25 घण्टे बीतने के बाद भी लोगों को बिजली नसीब नही हुई। करीब 5 हजार की आबादी 24 घण्टे से भी अधिक समय के लिए पानी बिजली को तरस गई। हाहाकार मच गया। आधे घण्टे के लिए आपूर्ति चालू हुई फिर गायब हुई बिजली सोमवार सुबह आई। क्षेत्रीय अवर अभियंता शमशुल अंसारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे, रोना यह कि एसडीओ के न रहने पर वह कुछ करने की स्थिति में नही हैं। क्षेत्र पर ध्यान कम देने वाले जेई का यह बयान लोगों को काफी अखर गया।

## अनुसूचित वर्ग सम्मेलन की तैयारी में जुटी भाजपा

**बाराबंकी।** अनुसूचित वर्ग के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए कल्याण कार्यों की उपलब्धियां गिनाने के लिए भाजपा दलित सम्मेलनों की तैयारी में जुट गई है। अनुसूचित वर्ग की बस्तियों में जन संपर्क एवम समरसता

भोज अभियान के बाद क्षेत्रीय स्तर पर बड़े सम्मेलन आयोजित करके दलित वोटरों को साधने के प्रयास भाजपा ने तेज कर दिए हैं। इन सम्मेलनों के माध्यम से भाजपा समाज के सर्वाधिक वंचित वर्ग से ताल्लुक रखने वाले दलितों को यह बताएगी कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद उनके जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव आए हैं। इसके केंद्र में मोदी व योगी की वे योजनाएं होंगी जिनका दलित समुदाय को बड़ा लाभ मिला है। भाजपा कार्यालय पर सोमवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य अतिथि व प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा संसद में पारित कराए गए ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी जन जन तक साझा करने के लिए विधानसभा स्तर पर बड़े महिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे,जिसमे नारी शक्ति का वंदन होगा। उन्होंने दलित व महिला सम्मेलनों के लिए प्रत्येक मंडल के प्रवासी भी नियुक्त किए।उन्होंने दलित वर्ग में अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए दलित बहुल गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्र में वृहत्त जन संपर्क शुरू करने का रोडमैप बताया।उन्होंने सभी को इस निमित्त जिम्मेदारियां भी सौंपी। क्षेत्रीय मंत्री विनोद सिंह ने विभिन्न अभियान की समीक्षा की। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि 60 साल तक देश की सत्ता संभालने वाली कांग्रेस ने अनुसूचित वर्ग को केवल वोट बैंक मानकर ठगा है जबकि मोदी सरकार ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पांच तीर्थ का भव्य निर्माण कराने के साथ ही अनेकों कल्याणकारी योजनाएं दलित वर्ग के लिए लागू की है।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी का स्वागत एवम आभार ज्ञापित किया। संचालन संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, बैजनाथ रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, गुरु शरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, शील रत्न मिहिर, भरत लाल सिंह, गुरदीप सिंह, रचना श्रीवास्तव धर्मेंद्र यादव, शेखर हयारण ,प्रमोद तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुकदमे में सुलह न करने पर परिवार को धमकाया

**बाराबंकी।** मुकदमे में सुलह न करने पर शातिर युवक एक परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। मोबाइल पर काल कर धमकाने का सिलसिला जारी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मंतशा पुत्री मो रकीब निवासी पीरबटावन नई बस्ती थाना कोतवाली नगर ने बताया कि उसने सरफराज उर्फ सलीम पुत्र मो0 अशफाक निवासी बेगमगंज के विरुद्ध आईपीसी की धाराओं में थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें अभियुक्त सरफराज उर्फ सलीम जिला कारागार में निरुद्ध है। 4 अक्टूबर को समय 7.51 बजे शाम को मो0 इमरान पुत्र मो0 इश्तियाक जो उक्त अभियुक्त सरफराज उर्फ सलीम के सगे चाचा का लड़का है ने उसके मोबाइल पर फोन करके गालियां दी और मुकदमे में सुलह न करने पर जान से मार देने की धमकी दी जिसकी रिकार्डिंग मोबाइल मे सेव है। इसके पूर्व भी उक्त मो0 इमरान द्वारा उसके पिता को रास्ते में जबरन रोक कर कहा गया कि मुकदमें में सुलह लगवाओ नही तो तुम्हे व तुम्हारी लड़की को किसी न किसी दिन जान से मार देंगे। उसका परिवार इस घटना से काफी भयभीत है। इमरान गुण्डा बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

## हिंदू वाहिनी संघ की बैठक हुई संपन्न

**अयोध्या।** हिंदू वाहिनी संघ के पदाधिकारियों की हुई बैठक। बैठक में संघ को विस्तार करने के लिए पदाधिकारियों से की गई चर्चा जिलाध्यक्ष अयोध्या विनोद सिंह ने कहा हिंदू वाहिनी संघ हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी अयोध्या में अगर कोई गौ माता पर अत्याचार करेगा तो हिंदूवाहिनी संघ के लोग उसके खिलाफ कार्रवाई करने का काम करेगें बैठक में महासचिव राजन सिंह संगठन मंत्री अनिल तिवारी सचिव बृजेश सिंह जिलाध्यक्ष गौ रक्षक महेश सिंह विधान सभा अध्यक्ष संतोष मौर्या कार्यकारिणी सदस्य रामजन्म मौर्या सचिव संतोष दुबे कुशीनगर जिलाध्यक्ष अवनीश शुक्ला जिला प्रभारी अरविंद दुबे जिला प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी लवकुमार पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## सपा ने अधिवक्ताओं को पार्टी से जोड़ने का चलाया अभियान

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शावेज जाफरी के नेतृत्व में 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी अयोध्या पर अधिवक्ताओं का मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जाफरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सिकंदर यादव उपस्थित रहेंगे । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 2024 लोकसभा चुनाव में अधिवक्ता सभा की सहभागिता सुनिश्चित हो सके एवं समाजवादी पार्टी अयोध्या लोकसभा में मजबूती के साथ चुनाव लड़े एवं अधिवक्ताओं की सहभागिता अधिक से अधिक रहे । इसी को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शावेज जाफरी ने 52 सदस्ययी जिला कमेटी अधिवक्ता सभा अयोध्या घोषित किया है ।

# शीलू सिंह राजपूत बनीं भारत की आल्हा सम्राट



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर के मलावन की बाग अयोध्या में भारत के आल्हा सम्राट का हुआ चयन आयोजित आल्हा महोत्सव में भारत के सर्वश्रेष्ठ आल्हा का चयन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने सर्वश्रेष्ठ आल्हा गायिका शीलू सिंह राजपूत को दिया एक लाख का चेक, आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने कहा मैं प्रमोद भाई का ऋणी हूं एक विषय पर उन्होंने मेरी एक बात का सम्मान किया था और मैं एक बात कह रहा हूं कि अपना दल परिवार प्रमोद भाई की उसे बात का हमेशा आजीवन ऋणी रहेगा कार्यक्रम संयोजक व अपना दल के प्रांतीय सचिव प्रमोद सिंह ने बताया की आल्हा सम्राट चैंपियनशिप हमारे पिता स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की याद में आयोजित किया गया हर साल यह आयोजन जिले स्तर पर होता था अबकी बार भारत आल्हा सम्राट के चयन के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भारत के हर राज्य व उत्तर प्रदेश के हर जनपद से आल्हा की टीमों प्रतिभाग किया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल व सांसद अंबेडकरनगर रितेश पांडे, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, एम एल सी अयोध्या हरिओम पांडेय, एम एल सी बाराबांकी अंगद कुमार सिंह,जलालपुर विधायक राकेश पांडेय, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, धर्मराज निषाद पूर्व मंत्री,अवधेश द्विवेदी पूर्व प्रत्याशी बीजेपी कटेहरी, मलखान सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें।

# त्योहार को परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को थाना मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी एव पुलिस क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी मे दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों एव सम्भ्रान्त जनो के बीच बैठक सम्पन हुई।

उपजिलाधिकारी रामनगर अनुराग सिंह ने लोगों से त्योहार को परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील करते हुए दुर्गा पंडाल, महिला सुरक्षा, आग से बचाव, विद्युत सप्लाई, मूर्ति विसर्जन आदि के बारे मे विस्तृत रूप से सभी को दी। थाना क्षेत्र में पूर्व से ही स्थापित की जाने वाली ही मूर्तियां स्थापित की जाएगी। यदि किसी को नई मूर्ति स्थापित करनी है। तो वह पहले अनुमति प्राप्त कर ले। पीस कमेटी मे उपस्थित लोगो से अपील करते हुए क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान ने कहा कि दुर्गा पूजा उत्सव मे अश्लील गाने बिल्कुल न बजे धार्मिक आयोजन है धार्मिक गाने ही बजे। पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रह कर दुर्गा पांडलो के अध्यक्ष और सदस्यों पूजा समिति के पदाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक प्रतिमा स्थल पर वालंटियर नियुक्त करे जो पुलिस का काम करेंगे। इस मौके पर चौकी



से वार्ता करती रहेंगी, यदि कहीं पर विवाद उत्पन्न होने की आशंका हो तो तत्काल डायल 112 व थाना के सीयूजी नम्बर तथा हल्का दरोगा को सूचना दे। नवागत थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगो से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि क्षेत्र मे 51 जगहों पर प्रतिमाओ का पंडाल पूर्व बनाया जायेगा। मूर्तियों की नंबरिंग की गई। ताकि जुलूस को लेकर कोई समस्या न हो उन्होंने दुर्गा प्रभारी सहादतगंज रूपेंद्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, रमेश्चंद्र, ग्राम प्रधान अनीस अफजाल अंसारी, मसौली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रेमनंद वर्मा, प्रधान विनोद कुमार वर्मा, सहादतगंज रामलीला कमेटी अध्यक्ष दिलीप दीक्षित, प्रधान विनोद कुमार वर्मा सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान एव दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एचडीएफसी बैंक ने अयोध्या में ग्रामीण ऋण मेले का किया आयोजन

## यह पहल ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है: राहुल श्याम शुक्ला

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक



ग्रामीण ऋण मेले का आयोजन किया। मेले में अयोध्या और पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास के जिलों के आठ जिलों और 40 तहसीलों के 8,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। मेला ग्राहकों के लिए कृषि ऋण, एमएसएमई ऋण, परिवहन उपकरण पर ऋण और स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य पर कई प्रस्तावों का लाभ उठाने का एक अवसर है।इस पहल के लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान और सरकार प्रायोजित योजनाओं, कृषि ऋण, सोने के बदले ऋण में रुचि रखने वाले व्यक्ति, छोटे व्यवसाय के मालिक, एफपीओ, व्यापारी, कमीशन एजेंट, छोटे दुकानदार, परिवहन वाहन मालिकों और ट्रैक्टर मालिकों सहित अन्य। राहुल श्याम शुक्ला समूह प्रमुख वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक, ने कहा, अयोध्या ग्रामीण ऋण मेला उत्तर प्रदेश के गहन ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूरे वर्ष के दौरान, हम देश के गहन भौगोलिक क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण लोगों के लिए ऋण को आसान बना रहे हैं। यह पहल ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। हमें अपने प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने में सक्षम होने पर गर्व है।उत्तर प्रदेश में, बैंक का वितरण नेटवर्क 366 शहरों में फैली 777 शाखाओं में है, जो 3,329 इकाइयों के बिज़नेस कोरेस्पोंडेंट नेटवर्क द्वारा समर्थित है। नवीनतम राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट के अनुसार, एचडीएफसी बैंक उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एमएसएमई बैंक है, जिसका कुल एमएसएमई बुक आकार 30 जून, 2023 तक 27,931 करोड़ रुपये है, जोकि 17 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी है। बैंक देश भर के 699 जिलों में एसएमई को ऋण प्रदान करता है और पूरे भारत में लगभग 2.5 लाख गांवों को कृषि वित्त प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।इस वर्ष की शुरुआत में, बैंक ने उत्तर प्रदेश के झाँसी में, आंध्र प्रदेश के एलुरु में; पश्चिम बंगाल के बर्दवान में; और कर्नाटक के कलबुर्गी में ग्रामीण ऋण मेलों का आयोजन किया। 30 जून, 2023 तक, पूरे देश में बैंक का वितरण नेटवर्क 3,825 शहरों/कस्बों में 7,860 शाखाएं और 20,352 एटीएम/नकद जमा और निकासी मशीनें थीं।

# रुदौली विधानसभा में जगह जगह चौपाल लगा कर किया महिलाओं को किया जागरूक

**अयोध्या।** रुदौली विधान सभा में मां कामाख्या नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के गणेश पुर के करौदी में, वार्ड नंबर 15 कालिका नगर नैयामऊ एवं भौली में महिला जागरूकता कार्यक्रम समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने एवं रुदौली विधानसभा के हर ब्लॉक हर बूथ पर महिला संगठन को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करने एवं उनको आगे बढ़ाने की बात करते हुए कहा कि हम इस देश की आधी आबादी है और अगर महिला बहने मजबूत रहेंगी तो 2024 में हम इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे जिस तरह से सरकार महंगाई बढ़ रही है किचन महंगा कर दिया है बच्चों की किताब कापी महंगी हो गई है हर एक चीज महंगी है जिससे महिलाएं सफर कर रही हैं ऐसे में हम महिलाओं को अब कमर कसनी होगी और 2024 में सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना होगा जिससे आने वाला समय में महंगाई बेरोजगारी असुरक्षा आदि पर नियंत्रण लगाया जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि हमारी महिला बहने बहुत ही मजबूत है और अगर हम कुछ ठान लेते हैं वह काम करने की जज्बा रखते हैं इसलिए हम अपनी बहनों से संगठन को और अधिक धार देने एवं मजबूती प्रदान करने के लिए आवाहन करते हैं जिससे वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का काम कर सके । श्रीमती सरोज यादव जी ने कहां की समाजवादी पार्टी ने ही महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया है चाहे पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण हो चाहे नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी हो चाहे समाजवादी पेंशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला हो। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश देश को प्रधानमंत्री देता है। लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा चुनाव है। भाजपा देश के बड़े विपक्षी नेताओं के खिलाफ तमाम तरह की साजिश और षडयंत्र कर ईडी और सीबीआई का प्रयोग कर लोकसभा चुनाव 2024 को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।

# पॉलीथिन के 30 बैग जब्त कर दस हजार जुर्माना वसूला

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज प्रतिबंधित पॉलीथिन व पशु डेरियों के खिलाफ अभियान चलाया। एक ई-रिक्शा से प्रतिबंधित पॉलीथिन के 30 बैग जब्त कर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जबकि नालियों में गोबर बहाने वाली तीन पशु डेरियों का चालान करते हुए पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर नगर निगम ने आज शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन व गोबर बहाने वाली पशु डेरियों के खिलाफ अभियान चलाया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी ने विभिन्न बाजारों में दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन की जांच की। इस दौरान देहरादून रोड पर एक ई-रिक्शा पर काफी संख्या में पॉलीथिन के बैग लदे दिखायी दिए। उनकी जांच की गयी तो अधिकांश में प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गयी। ई-रिक्शा को नगर निगम लाकर उसमें लदे 30 बैग जब्त कर लिए गए और सम्बंधित व्यापारी पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उधर पशु



चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम अधिकारियों ने आज शहर की करीब एक दर्जन पशु डेरियों की जांच की। तीन डेरियों द्वारा गोबर नालियों में बहता हुआ पाया गया। डेरा इलाहीपुरा की तीनों डेरियों पर पांच हजार रुपये जुर्माना किया गया तथा उक्त डेरियों को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने डेरी मालिकों को साफसफाई रखने और गोबर का सही ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि यदि दोबारा डेरियों से नालियों में गोबर बहता हुआ पाया गया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए भारी जुर्माना भी लगाया जायेगा।

## पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित पिता-पुत्र किए गिरफ्तार

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है, जिन्हें आवश्यक कार्यवाही के बाद में दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक व सीओ नकुड़ चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा गठित पुलिस टीम में एसएसआई कपिल देव, हैड कांस्टेबल प्रदीप, अंकित कुमार, महिला कांस्टेबल प्रीती के साथ दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे रजत पुत्र राधेश्याम व पिता राधेश्याम पुत्र तेलूराम निवासी गण गाँव लँढोरा गुर्जर थाना रामपुर मनिहारान को चुनेहटी अंडर पास दिल्ली सहारनपुर हाइवे से गिरफ्तार किया है।

## मेला गुघाल में हुआ उत्तराखण्ड सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का कहना है कि एक घंटे में एक बोली मर रही है, यही कारण है कि भाषाएं कमजोर हो रही है। बोलियां ही भाषा को मजबूत कर सकती है। उन्होंने आह्वान कि भाषाओं को बचाने के लिए बोलियों को बचाएं, उनका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मधुमक्खी और भौरों की गुंजन के बिना उपवन की कल्पना नहीं की जा सकती, इसी तरह बोलियों के बिना भाषाओं की कल्पना नहीं की जा सकती। त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां जनमंच में नगर निगम द्वारा सामाजिक समरसता और सौहार्द के प्रतीक मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित उत्तराखण्ड सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आज पूरी दुनिया गौरय्या को लेकर चिंतित है, लेकिन पहाड़ के कलाकारों ने बहुत पहले ही अपने गीत-संगीत में गौरय्या के महत्व और उसके संरक्षण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मेले संस्कृति बचाने में अहम भूमिका निभाते है। मेला गुघाल में आज पर्वतीय संस्कृति पर आधारित यह आयोजन इसका उदाहरण है। उन्होंने गढ़वाली कलाकार अमित सागर व जौनसारी नंदलाल भारती का गढ़वाली संस्कृति के प्रचार प्रसार में योगदान का उल्लेख किया। इससे पूर्व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, महापौर डॉ अजय कुमार, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, विधायक देवेंद्र निम व पूर्व महापौर संजीव वालिया ने पेशावर काण्ड के महानायक वीर चंद्रसिंह गढ़वाली व अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी देवसुमन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उत्तराखण्ड सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन किया।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे प्रशिक्षक

## ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे मास्टर प्रशिक्षक

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कराने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया है। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण के स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायती राज विभाग से मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षित किए जा रहें हैं। प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक सम्बन्धित ब्लॉक में प्रशिक्षण देंगे। साथ ही टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए टिप्स देंगे। उक्त बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.नीना वर्मा ने टीबी क्लीनिक सभागार में आयोजित मास्टर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में प्राप्त करने लिए शासन और स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों तथा



क्षय रोगियों की सहमति से उनके परिवार के एक सदस्य (देखभाल करने वाले) को प्रशिक्षित किया जाना है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.वीरेंद्र आर्य ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग से मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। छह ब्लॉक के लिए सोमवार को प्रशिक्षित किया गया है। छह ब्लॉक के लिए मंगलवार को मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों ने पहले ही राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, बीसीपीएम और एडीओ पंचायत इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद अपने अपने ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव , सीएचओ और सम्बन्धित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। मास्टर प्रशिक्षक डॉ.नीतू और हरिशंकर त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण में टीबी ग्रसित रोगियों को स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजने की व्यवस्था करने , बलगम परिवहन व उपचार ले रहे मरीजों का फॉलोअप, प्रचार-प्रसार व जागरूकता गतिविधियां, पोषण सम्बंधी सहायता और मनरेगा जैसी योजना से टीबी पीड़ित लोगों को जोड़ना शामिल है। बतौर मास्टर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों में केशव शुक्ला, अर्जुन सिंह, गणेश सिंह, सुरेन्द्र तथा प्रदीप मणि त्रिपाठी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

# संस्थापक अध्यक्ष की पहली पुण्यतिथि मनाई गई

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** चन्द्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष स्व विष्णु मोहन श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि मनाया गया। जिसमें उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रबन्धक सुधेश मोहन श्रीवास्तव, सिविल बार फरेंदा के अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, मंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, पूर्व मंत्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, उदय शंकर, प्रधानाचार्य जगमोहन मिश्र, वरिष्ट प्रशासनिक अधिकारी राजेश सहानी, प्रबन्ध कमेटी के राजीव मोहन श्रीवास्तव व रवि मोहन श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य हरी बहादुर, पुरुषोत्तम पांडेय, धीरेंद्र मिश्र, राम सूरत यादव सहित सभी स्टाफ ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# कैंडल मार्च निकाल कर दी गई श्रद्धांजली

*अवधनामा संवाददाता*

**फरेन्दा (महराजगंज)।** नगर पंचायत आनंदनगर में भगवान श्री परशुराम ब्राह्मण सेवार्थ समिति द्वारा कैंडल मार्च निकाल कर देवरिया में हुए ब्राह्मण परिवार के नरसंहार पर विरोध दर्ज किया गया। साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय देने व निष्पक्ष जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की अपील की गई। ज्ञात हो कि दो अक्टूबर को देवरिया में स्व सत्यप्रकाश दूबे सहित परिवार के चार सदस्यों की भीड़ ने सामूहिक हत्या कर दी थी। रविवार की देर शाम नगर पंचायत आनंदनगर के विष्णु मंदिर तिराहे से अंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च



निकाला गया। साथ ही एक शोक सभा आयोजित कर मृतात्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अरविंद दूबे, गौरीशंकर मालवीय, प्रभाकर उपाध्याय, दिलीप त्रिपाठी, अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्र, पंकज मिश्र, चुन्नु दूबे, अवनीश उपाध्याय, विध्वांसनी पाण्डेय, विनीत मणि त्रिपाठी, मुकेश मिश्र, आदित्य त्रिपाठी, ब्रह्मानंद पाण्डेय, संतोष दूबे सहित अन्य ब्राह्मण समाज के लोग रहें उपस्थित।

## सोनौली में विद्युत कटौती को लेकर बीजेपी नेता ने की शिकायत

**नौतनवा, (महराजगंज)।** सोनौली मे रात में हो रही विद्युत कटौती को लेकर भाजपा नेता प्रेम जायसवाल ने अवर अभियंता से शिकायत की।प्रेम कुमार का कहना था कि रात में करीब बार अकारण ही बिजली काट दी जा रही है जिससे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। प्रेमकुमार के अनुसार अवर अभियंता ने जेई विद्युत से बात कर रात में बिजली कटौती को गंभीरता से लेने की बात कही।जे ई ने कहा कि मुझे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। यदि अकारण ही बिजली कटौती हो रही है तो हम इसे देखकर सही करायेंगे। उन्होंने कहा कि कहीं फाल्ट आ जाने पर ऐसा ही हो सकता है।

# भाजपा का गठन भारत मां को परम वैभव के शिखर पर ले जाने के पवित्र उद्देश्य के साथ हुआ

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित पार्टी है। इसकी स्थापना देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने एवं भारत मां को परम वैभव के शिखर पर ले जाने के पवित्र उद्देश्य के साथ हुई है। हम सभी कार्यकर्ता इन उद्देश्यों के लिए कृत संकल्पित हैं यह बात प्रवास के दौरान युवा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की विकास यात्रा तथा पार्टी के प्रणेताओं के त्याग तपस्या और बलिदान के विषय मे विस्तार से जानकारी दी। मिश्र ने भाषण से कार्यकर्ताओं में जोश भरा तथा सभी ने दोनों हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि वो भारतमाता की बेहतरी के लिए के काम करेंगे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विशेषता है कि यह सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी तथा सर्वसमावेशी है। समाज का कोई भी वर्ग कोई भी कर्म क्षेत्र तथा कोई भी भौगोलिक क्षेत्र अछूता न रहे इसलिये पार्टी में मूल संगठन के साथ साथ विभिन्न मोर्चो एवं प्रकोष्ठें का भी गठन किया जाता है। युवाओं के लिए युवा मोर्चा, महिलाओं के लिए महिला मोर्चा के साथ साथ किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बनाए गए हैं। इसके साथ ही अनेक प्रकोष्ठ जैसे विधि प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, मछुआ प्रकोष्ठ, आईटी प्रकोष्ठ इत्यादि का भी गठन पार्टी द्वारा किया गया है। सभी के समावेश से ही पार्टी विश्व की सबसे विशाल पार्टी बनी है। कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार वर्मा ने बताया की पकरीजई हनुमानगंज व रुधौली मण्डल प्रवास के दौरान गौरा चौराहा, पड़िया चौराहा, पैडा, पुरैना, मानिकचंद, उमरा, विशुनपुरवा, रतनपुरवा, हनुमानगंज परिचयात्मक बैठक पड़रिया, कुड़ी चौराहा, बारीजोत (फायर स्टेशन) रघुनाथपुर, मध्य नगर (मठियवा) न्यू चाणक्य कोचिंग, पाण्डेय स्वीट्स, बखिरा रोड मोड़, अमन गारमेंट्स, जावित्री कम्प्लेक्श, अमर गारमेंट्स, ए एस ज्वैलर्स, मिश्रा इलेक्ट्रानिक्स, थाना शिव मन्दिर पर कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत व परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर विद्यामणि सिंह, राकेश शर्मा, भानु प्रकाश मिश्र, अभिषेक कुमार, राकेश उपाध्याय, रवि सिंह, विजय तिवारी, अतुल यादव, सुजीत सोनी, राजकुमार सोनी, राम उग्रह जायसवाल, रवि जायसवाल, मधुकर पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, सुभाष सिंह सहित जिला एवं मण्डल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईने अय्याम पुस्तक का विमोचन



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** पद्मश्री स्वर्गीय अनवर जलालपुरी के छोटे भाई मास्टर अबुल कलाम द्वारा रचित आईन -ए-अय्याम पुस्तक का रविवार को नगर के मिर्ज़ा ग़ालिब इंटर कालेज में साहित्यिक, समाजसेवियो की मौजूदगी में समालोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि शहीद अशफाक उल्ला खां समिति अयोध्या के अध्यक्ष सलाम जाफरी ने कहा कि पुस्तकें युवाओं समेत समाज के सभी लोगों में बेदारी (चेतना) जागृत पैदा करतीं हैं। मास्टर कलाम द्वारा पुस्तक में जहां देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद व पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उकेरा है वहीं नगर निवासी रहे पद्मश्री स्वर्गीय अनवर जलालपुरी, पूर्व मंत्री स्वर्गीय अहमद हसन एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय आचार्य चंद्र भूषण पांडेय समेत अहम शख्सियतों के बारे में जानकारी दी गई है। पांच साल में लिखी गई आईना-ए-अय्याम पुस्तक में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, आरक्षण, लआकड आउन एवं राहत इंदौरी की साहित्यिक सेवा समेत 31 अध्याय शामिल हैं।अदब शाला अनवर जलालपुरी के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में जाहिद जाफरी,हसन अस्करी मजलिसी, मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी कमर हयात अंसारी, शहरियार जलालपुरी, पूर्व उपायुक्त अवधेश शर्मा,अनस मसरूर, मास्टर मुनीर अहमद, डॉ महबूब आलम, साजिद जलालपुरी, मोहम्मद अज़ीम, शाहकार जलालपुरी समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। ज़ीशान जलालपुरी ने किया।

# डेंगू मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या से लोग भयभीत

**अंबेडकरनगर।** बारिश के बाद संक्रामक बीमारियां फैलने लगी हैं। विशेषकर घनी आबादी में लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं।डेंगू का प्रकोप बढ़ने से लोगों में खलबली है। डेंगू कई लोगों की जान ले चुका है, लेकिन अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन शहर की सफाई के प्रति गंभीर नहीं है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के सभी वार्डो में नालियां कीचड़ से पटी हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन दवा का छिड़काव भी नहीं करा रहा है। इससे मच्छरों की भरमार है।एक तरफ स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि सभी नगर क्षेत्र में नगर पालिका के साथ गांवों में सीएचसी के माध्यम से छिड़काव किया जाता है। लेकिन दावों के विपरित जिले की हकीकत है।ग्राम सभा के स्वच्छता समिति के मद में गांव की सफाई के लिए ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त खाते में हर वर्ष दस हजार रुपया मिलता है। सफाई कर्मी द्वारा नाली की सफाई के साथ लार्वासाइड के छिड़काव कराने का भी आदेश है।

# मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने हंगामा काटा



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मेडिकल कालेज की स्टाफ़ नर्सों ने संस्था के प्राचार्य पर अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए जिला महिला अस्पताल में एक घंटे तक स्वास्थ्य सेवाओं ठप रहीं। मरीजों व तीमारदारों को परेशान होना पड़ा। राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में मरीजों व कर्मचारियों के लिए सोमवार को 8 बजे पहुंचने के उपरांत उपस्थित न लिए जाने के कारण कर्मचारियों ने हंगामा खड़ा हो गया। इसे लेकर वहां विवाद बढ़ गया। इसी बीच नाराज कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमीरुल हसन का व्यवहार खराब है। वह कर्मचारियों को परेशान कर रही है और उन्हें हटाया जा रहा है। बिना किसी कारण के कर्मचारियों का मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।चिकित्सक व कर्मचारियों के विरोध कारण पर्चा काउंटर दवा काउंटर से वितरण भी बंद रहा। कक्ष में चिकित्सक के न होने से मरीज परामर्श के लिए इंतजार करते रहे। चिकित्सक के परामर्श न देने से जांचें भी नहीं हो सकी। एक घंटे तक मरीज व तीमारदार अस्पताल में भटकते रहे।

# व्यापार मण्डल की ब्लाक कार्यकारिणी का हुआ गठन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** विक्रमजोत कस्बा में रविवार को जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल व महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल की मौजूदगी में उद्योग व्यापार विक्रमजोत ब्लाक कार्यकारी का गठन किया गया। गठन के दौरान व्यापारियों की समस्याओं, विकास पर वृहद चर्चा की गयी व प्रत्येक नगर व कस्बे में व्यापारियों को जोड़ने हेतु डोर टू डोर अभियान चलाने व उनको जोड़ने के साथ साथ उनकी परेशानियों से रूबरू होकर निदान कराने पर विचार किया गया। इस दौरान कस्बे के अशोक कुमार कसौधन अनिल कुमार कसौधन प्रियांशु का सावधान अनिल कुमार का साधन गया प्रसाद का साधन संदीप कुमार अग्रहरी अंबुज सिंह प्रदीप कुमार कसौधन व संगठन के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए कैटिल कैचर की व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट सभागार में ब्लाक प्रमुख एवं जनप्रतिनधियों की समस्याओं को सुना। बैठक में छुट्टा पशु, विकास खण्ड में चौकीदार, भारत सरकार की योजनाओं, विद्यालयों का कायाकल्प सहित अन्य समस्याओं को रखा गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी समस्याओं को सुनकर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित को निर्देशित किया है। उन्होने बताया कि छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए कैटिल कैचर की व्यवस्था है, जिसके माध्यम से पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जा रहे है। उन्होने कस्तूरबॉ गॉधी बालिका विद्यालयों के कायाकल्प या टूटे फर्श को जनसहयोग एवं ब्लाक प्रमुख अपने निधि के माध्यम से सही करायें। विकास खण्ड में चौकीदार की तैनाती के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित से वार्ता करके आवश्यक कार्यवाही की जायेंगी।

# बीइओ और ईओ की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का समापन समारोह

अवधनामा संवाददाता





**वीरों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित कर दिलाया पंचप्रण शपथ**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन द्वारा चलाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के समापन समारोह के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के आयोजन हेत जारी किए गए दिशा निर्देश के क्रम में दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को नगर पंचायत डुमरियागंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों के सम्मान में प्रत्येक वार्डो से अमृत कलशों में संग्रहित मुट्ठी भर मिट्टी एवं चुटकी भर अक्षत चावल नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा सभी सभासदगण और समस्त कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय से भव्य तिरंगा और अमृत कलश यात्रा राष्ट्रभक्ति गीत डीजे/लाउड स्पीकर के माध्यम से बजाते हुए शिलापट्ट (शिलाफलकम) स्थल पर समारोह पूर्वक लाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में वीरों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित कर पंचप्रण शपथ दिलाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में सभासद शांती देवी, सुबराती, आरती देवी, मनोज कुमार गौतम, परवेज अहमद, मो. नसीम, फैजान अहमद, मोनिका, रेनू, नन्दलाल, उमाशंकर, हरिद्वार, अभिलाषा मिश्रा, सकीना बानो, मजीबुल्लाह, सुरेश कुमार, शमशेर आलम सभासद प्रतिनिधि चंदन सिंह, रामचंद्र, राजेश कुमार, नवाब राइनी, सभी सुपरवाइजर और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुकदमे के विरोध में वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** हापुड़ की घटना के विरोध में



आन्दोलन कर रहे अधिवक्ताओं के खिलाफ कोतवाली बांसी में 9 सितंबर को हुए मुकदमे के विरोध में अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया है। मुकदमा आदेश का उल्लंघन करने एवं नाजायज जमावड़ा करने का दर्ज किया गया है। बार एसोसिएशन बांसी के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को अधिवक्ताओं ने बैठक कर पुलिस द्वारा किए गए एफआईआर की निंदा करते हुए सर्व सम्मति से न्यायिक कार्य से विरत रहने की सहमति व्यक्त किया। इसलिए अधिवक्तागण न्यायायिक कार्य से विरत रहे। अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि शाम तक कोई संतोष जनक परिणाम नही मिला तो कल भी अधिवक्ता गण कार्य से विरत रहेंगे। बैठक में श्रीप्रकाश लाल श्रीवास्तव, अमिताभ सिंह, गिरीश चंद चौरसिया, मनोज श्रीवास्तव, नीरज त्रिपाठी, छोटेलाल, राजेंद्र राय, देवेंद्र त्रिपाठी, सत्य देव मिश्र, अमित तिवारी, राकेश तिवारी, निजामुद्दीन, कृपा शंकर मिश्र आदि अधिवक्ता मौजूद थे। बैठक का संचालन मंत्री शेष दत्त पांडे ने किया।

# आकांक्षी ब्लाक खेसरहा पर संकल्प सप्ताह का आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा ब्लाक में सेवा संकल्प सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सांसद जगदंबिका पाल तथा विशिष्ट अतिथि विधायक राजा जय प्रताप सिंह रहें। स्वास्थ्य,शिक्षा, बाल विकास, कृषि, पंचायत आदि विभागों के लगाए गए प्रदर्शनी को सांसद और विधायक ने निरीक्षण किया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि हमारा सिद्धार्थनगर जनपद एक आकांक्षी जनपद है जो आज दूसरे स्थान पर हो गया है इसी प्रकार पूरे देश में 7500 ब्लॉकों में से खेसरहा ब्लॉक का चयन आकांक्षी ब्लॉक में हुआ है यहां स्वास्थ्य,शिक्षा, वित्तीय समावेशन, बाल विकास समेत सभी विभागों में सुधार की आवश्यकता है। जिसे एक वर्ष की कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से सुधारा जाना है। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा की खेसरहा ब्लॉक जल्द ही विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ जयेंद्र कुमार, एडिशनल एसपी सिद्धार्थ, डीडीओ गोपाल कुशवाहा, सीएमओ नरेंद्र कुमार वाजपेई,खंड विकास अधिकारी चंद्रभान उपाध्याय सहित एसपी अग्रवाल, जिला महामंत्री विजय कांत, दिलीप चतुर्वेदी, राजेंद्र पांडे, अंकित पांडे, प्रिंस, विजयकांत चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख पूस्पा देवी गोपाल कुशवाहा, राजेन्द्र पांडेय, दिलिप चतुर्वेदी, केशभान राय, शिवेन्द्र दिवेद्वी, देवराज शुक्ल, अजय राय, मनोज कुमार पांडेय, राजु पांडेय, मोनू चतुर्वेदी, संजू पांडेय, पटेश्वरी दुवे, सोनू मिश्रा,अवर अभियंता राकेश पटेल, सीएचसी अधिक्षक डा.सुजीत कुमार पांडेय, एडिओ ऐजी शिवपुजन, खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गयी कांशीराम की 17वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को सामाजिक न्याय के पुरोधा दलितों पिछड़ों वंचित शोषित समाज के उत्थान के लिए आजीवन संघर्षरत रहे बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम जी की 17वीं पुण्यतिथि जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव की अगुवाई में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नेताओं ने काशीराम जी के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि मान्यवर काशीराम जी दलितों पिछड़ों शोषित एवं वंचित वर्गो के उत्थान व उनके अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे वह अधिकारी पद पर रहते हुए दलित कर्मचारियों के साथ हुए भेदभाव को लेकर उन्होंने अपनी नौकरी को त्याग दिया उनके सम्मान उनके अधिकारों और उनके उत्थान के लिए उन्होंने संघर्ष किया। उनका कहना था कि राजनीतिक सत्ता के ताकत के बगैर हम शोषित एवं वंचित वर्गो को उनका अधिकार नहीं दिला पाएंगे इसके लिए उन्होंने ड्ढह्य4 तथा बाद में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना किया और अपने संघर्ष के बल पर उन्होंने समाज के दबे कुचले पिछड़ों दलितों एवं वंचित वर्ग के लोगों को सत्ता में भागीदार बनाया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विभा शुक्ला, वरिष्ठ नेता नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, नगर पंचायत कपिलवस्तु के अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने प्रधान, जिला प्रवक्ता अब्दुल कलाम सिद्दीकी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बहरैची प्रसाद प्रेमी, अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान पहलवान, अंबेडकर वाहिनी के जिला प्रभारी चंद्रभूषण आर्य, घनश्याम जायसवाल, चंद्रजीत यादव, जेपी यादव, राम शंकर मौर्य, चंद्रहास यादव, मनोज मिश्रा, राकेश यादव, राजू चौधरी, मिलेश यादव, सलमान खान आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बच्चों में किया फल वितरित

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर क्षेत्र के नरकटहा की सामाजिक संस्था अल फुरकान एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी के कार्यकर्ताओं ने संयोजक ऐमन युसुफ जई की अगुवाई में महिलाओं व बच्चों में खेसरहा क्षेत्र के अनरहपार गांव में फल वितरित किया। इस अवसर पार ऐमन युसुफ जई ने कहा कि यह संस्था शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के साथ साथ जागरूकता कार्यक्रम का संचालन करती है और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निःशुल्क दवा वितरण के साथ साथ विभिन्न सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है।इसके बाद वहा मौजूद काफी संख्या में गांव की महिलाओं व बच्चों में फल वितरित किया गया।

इस अवसर पर तौहीद अहमद, डॉक्टर अरशद साहब, मोहम्मद अफ़सर खाँ, इसहाक खाँ, अनिल कुमार, आसिफ खाँ, जाफर, उमैर यूसुफ़ जई आदि मौजूद रहे।

# गौवंशों के लम्पी रोग के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर डायल करे: डा.बनारसी

**पथरा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम



पंचायत जमुनी गांव के बगीचे में तमाम निराश्रित गोवंश जिन्हें लंम्पी रोग अपनी चपेट में ले लिया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने डायल 1962 पर इमरजेंसी पशु चिकित्सा सेवा पर दिया। जिस पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बनारसी इमरजेंसी पशु चिकित्सा सेवा टीम के साथ गाडी से पहुंचे जहां पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ डा.सत्येंद्र मिश्र ने बेसहारा पशुओं का इलाज किया। डा. बनारसी मिश्रा ने कहा जिस तरह कोरोना वायरस ने जिस प्रकार इंसानों पर कहर बरपाया था। ठीक उसी तरह इन दिनों लंपी वायरस पशुओं पर कहर बरपा रहा है। इन हालातों के बावजूद लम्पी रोग से पशुपालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन सब कारणों के बीच जैसे तैसे पशुपालक अपने पालतू पशुओं का तो उपचार करवा रहे हैं। लेकिन बेसहारा पशुओं का सहारा कोई नहीं बन रहा ऐसे में सड़कों, गांव और खेतों में घूम रहे बेसहारा पशुओं के लिए चल पशु चिकित्सालय वेन संजीवनी बनकर आया है। ग्रामीणों के सूचना देने पर डॉक्टरों ने उन्हें धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा जहां भी किसी निराश्रित गवांशों को समस्या दिखाई पड़े तो हमारे टोल फ्री नंबर 1962 पर तत्काल सूचना दें हम आपकी सेवा के लिए उपस्थित रहेंगे इस दौरान वेटरनरी टीम में शुभम कुमार, दुखी, राधेश्याम, रामविलास राजेश अग्रहरी, कामता, राजभर, इंद्रजीत गौतम आदि उपस्थित रहे।

# देश बचाओ देश बनाओ साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत हुआ

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** आज देश बचाओ देश बनाओ साइकिल यात्रा के तीसरे दिन साईकिल यात्रा के नायक लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव तथा उनके साथियों का कारवां आज तीसरे दिन शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के संग्रामपुर चौराहे पर समाजवादी पार्टी शोहरतगढ़ के पूर्व प्रत्यशी उग्रसेन सिंह के अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओ ने भव्य स्वागत अभिनंदन किया। साइकिल यात्रा संग्रामपुर, सेमरी खानकोट, झकहिया होते हुए सेवरा में रात्रि विश्राम के लिए साइकिल यात्रा सम्पन्न हुई।

साइकिल यात्रा में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में देश तथा संविधान को खत्म करके देश की सरकारी संस्थानों को एक पार्टी की संस्थान बना कर भय का महौल तैयार किया जा रहा है। सरकारी संस्थानों का इस्तेमाल लोगों को डरवाने और धमकाने के लिए किया जा रहा है मीडिया जैसी संस्था को भी बंधक बनाया जा रहा है।

इस दौरान पूर्व सांसद आलोक तिवारी, जिला अध्यक्ष लाल जी यादव, जिला महासचिव क़मरुज़मा खान, जिला उपाध्?यक्ष वीरेंद्र तिवारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, कमाल अहमद, विधान सभा अध्?यक्ष हरि नारायण यादव, समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान रामू यादव, अबुल कलाम आज़ाद, जगदीश प्रधान, विष्णु उमर, श्याम बिहारी, सुग्रीम कुमार, सहज राम यादव, बलराम चौरसिया, बब्लू प्रधान, ओम प्रकाश सिंह, मोहम्मद अली, आलोक शुक्ला, सोनू सिंह, शशांक सिंह, राम सांवरे यादव दिनेश यादव सुरेश यादव, रामफेर यादव, साहित अन्य समाजवादी पार्टी के नेताओ नेताओ व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर समस्याओ को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** ब्लाक क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आंगनबाड़ी केंद्र पर हुई। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष विनीत राव ने कहा की सरकार द्वारा हम आंगनबाड़ी कार्यकत्री को परेशान किया जाता है जो हम लोगों द्वारा दाल तेल दरिया का फीडिंग किया जाता है उस हिसाब से नही मिल पा रहा। जिससे ग्रामीणों द्वारा हम लोगों को परेशान किया जाता है इस लिए संगठन द्वारा माग किया जा रहा है की जो फीडिंग कराया जाये उतना दिया जाये। ताकी सभी लाभार्थियों को दिया जा सके।

प्रभावती देवी संगठन मंत्री ने कहा आप सभी लोग अपने कर्त्तव्यों का पालन सही ढंग से करें। संगठन के प्रति संगठित होकर कार्य करे हम लोगों की बात नही सुनी गयी तो आर-पार की लडाई लडी जायेगी और प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा इस दौरान बन्दना सतरुपा, प्रेमलता, पुष्पा सिंह, रागनी सलमा,आशा देवी आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनाया गया स्व. कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यालय स्थित कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को मान्यवर कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस अनिल सिंह अन्नू अध्यक्षता की में मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने मान्यवर काशीराम जी के जीवन वृतांत पर विस्तार रूप से प्रकाश डाला। अनिल सिंह अन्नू ने कहा कि मान्यवर काशीराम जी का जन्म 15 मार्च 1934 में रूपनगर पंजाब में हुआ था। उन्होंने अपनी राजनीति की पारी उत्तर प्रदेश से शुरू की और दलित मजनू की भागीदारी हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ते रहे उन्होंने दलित मजबूत के उत्थान के लिए तमाम आंदोलन किया। कहा कि पूरे देश में समता मूलक महापुरुषों के विचारों व उनके कार्य को जन-जन तक पहुंचने वाले एवं सामाजिक व वैचारिक परिवर्तन के महानायक का मृत्यु आज ही के दिन 9 अक्टूबर 2006 को हो गया। सुदामा प्रसाद एवं सुधाकर त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े समाज को और सोई हुई कौम में राजनीतिक व सामाजिक चेतना को मान्यवर काशीराम जी ने जन-जन तक पहुंचाया। देवेंद्र कुमार ने सबका आभार व्यक्त किया। सुदामा प्रसाद के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अकरम अली सिद्दीकी, संतोष कुमार चौधरी, सुनील विश्वकर्मा, संदीप कुमार, अजय सिंह, धर्मेंद्र गौतम, रामप्यारे गुप्ता, शौकत अली, आदि की मौजूदगी रही।

# दस अक्टूबर को प्रदेशभर के आउटसोर्सिंग कर्मचारी लेंगे सामूहिक एक दिवसीय अवकाश

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को लेकर प्रदेश सरकार जहाँ सजग होकर नई नीति बना रही है वहीं उच्च अधिकारी सरकार की मंशा पर लगातार बट्टा लगाने का काम कर रहे है। पूर्व में महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा सभी जनपदों को महीने के प्रथम सप्ताह में संविदा निविदा कर्मचारियों को मानदेय देने का निर्देश दिया गया किन्तु इसके बाद भी आदेशो की अवहेलना के चलते तीन तीन माह का मानदेय लम्बित रहता है। मानदेय के अलावा तमाम प्रकार के शोषण के विरुद्ध दस अक्टूबर दिन मंगलवार को आउटसोर्सिंग वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वैभव मिश्रा व प्रदेश मंत्री आबिद रिजवी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर लेखाकार वेलफेयर एसोसिएशन (कावा) के प्रदेश संगठन मंत्री अनूप मिश्रा के आह्वाहन पर प्रदेश के सभी शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी एक दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर अपने शोषण के विरुद्ध सांकेतिक विरोध दर्ज कराएंगे। यदि इसके बाद भी सकारात्मक परिणाम नही मिलता है तो लखनऊ में सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को इकट्ठा कर बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

# प्रदीप प्राशिसं उसका के कोषाध्यक्ष व संतोष प्रचार मंत्री

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई उसका बाजार का कोषाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी व प्रचार मंत्री संतोष कुमार सिंह को मनोनीत किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी व मंत्री योगेंद्र पांडेय के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी पत्र में बताया गया है कि कोषाध्यक्ष के रिक्त पद पर उसका बाजार विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय उड़वलिया में कार्यरत सहायक अध्यापक प्रदीप त्रिपाठी को नामित किया गया है जबकि प्राथमिक विद्यालय सेखुई में कार्यरत शिक्षक संतोष सिंह को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से शिक्षक हित में कार्य करने की अपेक्षा की गई है।

## सनातन धर्म की अवधारणा

जैसे जैसे चुनाव नज़दीक आता जा रहा है सनातन धर्म के अवधारणा को लेकर पार्टियों में बहस तेज होती जा रही है। सनातन धर्म को हिन्दू धर्म से जोड़कर एक दूसरे पर तरह-तरह के आक्षेप लगा रहे है। कोई एक को हिन्दू धर्म विरोधी तो कोई भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का आरोप लगा रहा है। राजनैतिक विचार धारा की टकराहट, राजनीति अर्थव्यवस्था ला और आर्डर को लेकर होनी चाहिये। पर यह तो जैसे धर्म शास्त्रार्थ पर उतर आई है।

सनातन का शब्दिक अर्थ होता है शाश्वत दुनियां के कई धर्म अपने को शाश्वत मानते है। पर इतिहास समाज शास्त्र खगालने पर कोई धर्म शाश्वत हो ऐसा साक्ष नहीं मिलता है। शुरूआत में धार्मो की उत्पत्ति मध्यकाल या पूर्व मध्यकाल में हुई है। पहले तो आदिम लोग थे आदिम सभ्यता थी, आदिम संस्कृति थी धर्म नामक कुछ नहीं था। इसीलिये हम हड़प्पा धर्म नहीं हड़प्पा सभ्यता कहते है वैदिक संस्कृति कहते है।

गौर करें तो पायेगें सनातन पूरे हिन्दू धर्म के खांचे में फिट नहीं बैठता है। क्योंकि हिन्दू धर्म विविधिताओं का धर्म है। जैसे वेष्णाव शाक्त, शैव कबीरपन्थी। उत्तर वैदिक काल में वर्ण व्यस्था बनी। तब धर्म आदिम रूप में आया। उसी समय धर्म दो भागो में बट गया। एक वर्णाश्रम वादी दूसरा वर्णाश्रम विरोधी। धीरे धीरे इनकी टकराहट बढ़ती गयी और एक कर्मकान्डी ब्रहम्णवादी और एक वेदान्त ब्रहमणावादी बन गया। इस तरह दोनो की केन्द्रीय विचारधारा ब्रहमणवादी थी। इसे ब्रहमण धर्म के रूप में माना जाता था न सनातन धर्म के रूप में नहीं माना जाता था। ब्राहमणवाद के विरूद्ध बौद्ध, जैन, अजीवक आदि धर्मो की शुरूआत हुई। इसी काल में मुख्य टकराहट ब्राहमणवाद और श्रमणवाद के बीच में थी। जिसे हम सनातन धर्म कह रहे है असल में वह हिन्दू धर्म है। हिन्दू धर्म ब्रहमण धर्म को पीछे छोड़ दिया है। अब इसमें बहुत सारी जातियां, बहुत सारे लोग, बहुत सारे तबके अलग अलग समय में शामिल होते चले गये है। आज हिन्दू धर्म सनतान धर्मवादी नहीं बहुलता धर्मवादी हो गया है।

ब्राहमण वादी संस्कृति को लेकर दक्षिण में इसका विरोध हुआ है और हो रहा है। पर यह आपसी विचारधारा की लड़ाई है दुश्मनी की लड़ाई नहीं है। हिन्दू धर्म हमेशा से समावेशी रहा है अभी भी इसी राह पर है। इसीलिये उत्तर और दक्षिण तक फैला हुआ है और स्वीकार है। सनातन को बीच में लाकर बेकार बौद्धिक लड़ाई हो रही है।

ईसा से 500 साल पहले कई विचारधाराओं ने देश में प्रवेश किया। इनमें अजीवक सबसे ज्यादा व्यवहारिक थे। इसके प्रवर्तक शूद्र समाज के थे। भारत में कालान्तर में यह गायब हो गया। पर कश्मीर और तामिलनाडु में बना रहा। इसके बाद दक्षिण भारत में भक्ति अन्दोलन शुरू हुआ जो ब्रहम्ण विरोधी था। इसमें पिछड़ी जाति के सन्तो का बोलबाला था। तामिलनाडु में इवी रामा स्वामी पेरियार और महाराष्ट्र में ज्योतिबा फुले ने ब्राहम्ण विरोधी विचारधारा को सूत्रबद्ध किया पेरियार का चिन्तन अभी दक्षिण भारत का लोगों ने जो वैचारिक और संस्कृतिक स्वरूप है उसके केन्द्र में पेरियार और उनका चिन्तन गहराई से विराजमान है। हमारी बिनती है धर्म के अधर्म न बनाये।

## ईरानी जेल में रहते नोबेल जीती नरगिस


के. विक्रम राव

नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस सफी-मोहम्मदी ने साबित कर दिया कि आत्मा अजर है। दो दशकों से वे तेहरान जेल में हैं। उस पर 150 कोड़े भी पड़े थे। तन्हा कोठरी की यातना के अलावा। अपने दोनों जुड़वा बच्चों को इस मां ने आठ बरसों से देखा नहीं। पिता के साथ पेरिस में शरणार्थी हैं। नरगिस की खमभरी उलझी लटें, लालित्यपूर्ण चेहरा, गंभीर, गहरी झील सी आंखें उसकी निडरता का प्रतीक हैं। वर्ना बलात्कार, हत्या, शारीरिक यंत्रणा के लिए बदनाम ईरानी कैदखानें में तो अभौतिक अंश भी बिखर जाता है। अंगों के साथ। नरगिस का सत्ता से विरोध क्यों है ? उसकी मांग थी कि इस्लामी हुकूमत में स्त्रीसुलभ गरिमा और मर्यादा से वंचित न किया जाए। हिजाब न थोपा जाए, न बुर्का भी। महसी अमीना की हत्या (16 सितंबर 2022) पर नरगिस ने जेल के पीछे रहकर आंदोलन चलाया था। ईरानी नारी की मांग रही ज़िंदगी-आजादी। नरगिस का संघर्ष इन्हीं की दास्तां है। वैचारिक प्रतिबद्धता भी। नरगिस आजकल राज्य-विरोधी अवमानना के आरोप में कैद हैं। पति मोहम्मदी और उनका परिवार तकरीबन ईरानी क्रांति के दौर से ही राजनीतिक प्रदर्शनों में शामिल होता रहा है। ईरान में राजतंत्र 1979 के अंत में खत्म हुआ। उसके साथ ही ईरान इस्लामिक गणतंत्र बना। नरगिस ने इसी साल न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया था कि उनके बचपन की दो यादों ने उन्हें एक्टिविज्म के रास्ते की ओर मोड़ दिया। इसमें उनकी मां का उनके भाई को देखने के लिए जेल का दौरा। इसके साथ ही फांसी पर प्रतिदिन कैदियों के चढ़ाने की घोषणाएं सुनने के लिए उनका घड़ी देखना। नरगिस तब न्यूक्लियर फिजिक्स की पढ़ाई कर रहीं थीं। काजिवन शहर में उसके भावी साथी ताघी रहमानी से मुलाकात हुई। वे भी खुद राजनीतिक तौर पर सक्रिय हैं। ईरान में उन्हें भी 14 साल की जेल हुई थी। वह फ्रांस में अपने दो बच्चों के साथ निर्वासित जीवन जी रहे हैं।

नरगिस अपनी साहसी युवतियों की श्लाघा करती हैं। इन जुझारू लड़कियों और महिलाओं ने स्वतंत्रता और समानता के लिए अपनी बहादुरी से पूरी दुनिया को आकर्षित कर लिया। नरगिस हमेशा कहती हैं जीत आसान नहीं है, लेकिन यह निश्चित तो है। अपनी किशोरावस्था में नरगिस ईरानी महिलाओं के अधिकारों, मृत्युदंड के खात्मे और राजनीतिक कैदियों को कड़ी सज़ाओं के खिलाफ अखबारों में लिखती रहीं। पति के तेहरान स्थित कार्यस्थल से ही वह लाइव वीडियो प्रसारण करती थीं। इंजीनियर थीं। वह दो दशकों से ईरान में सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स में शामिल थीं, जो मृत्युदंड को खत्म करने के लिए ईरानी वकील शिरीन इबदी द्वारा स्थापित किया गया था। इबदी को 2003 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। नरगिस को पहली बार 2011 में गिरफ्तार किया गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रपट के मुताबिक न्यायपालिका नरगिस को पांच बार सजा दे चुकी है। इस साल उनके खिलाफ तीन और न्यायिक मामले खोले गए जो अतिरिक्त सजा का कारण बन सकते हैं। नरगिस जेल में भी दूसरे कैदियों के साथ प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। उनकी किताब 'व्हाइट टार्चर' 2002 उस समय प्रकाशित हुई जब दिल की सर्जरी के बाद कुछ दिनों के लिए घर पर थीं। नरगिस की व्यथाकथा पढ़कर, सुनकर यकीन हो जाता है कि इस्लामी ईरान आज भी सोलहवीं सदी में जी रहा है। तब सफाविद बादशाह तहमास्प ने मुगल भगोड़े मिर्जा मुहम्मद नसीरूद्दीन हुमायूं को तेहरान में पनाह दी थी। सम्राट शेरशाह सूरी से चौसा और कन्नौज में हारकर हुमायूं ईरान आया था। शिया बन गया था। फिर दिल्ली का राज पा लिया। ईरान में इन पांच सदियों में स्त्री जीवन में कोई प्रगतिवादी बदलाव नहीं आया। शरीयत कानून के तले महिलाएं जीती रहीं। नरगिस को यही शिकायत रही। उसके संघर्ष का यही आधार है। नरगिस जब कोड़ों की मार सह रही थी तो उसी समय इस्लाम की जन्मस्थली सऊदी अरब में कोड़ों की सजा पर रोक लगा दी गई थी। कोड़े मारने की सजा को जेल या जुर्माने में बदला गया है। इस निर्देश को शाह सलमान और उनके बेटे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की ओर से मानवाधिकार सुधारों को विस्तार देने के लिए उठाया गया था। तेहरान की नारकीय कारागार (जेंडिन-ए-एविन), जहां नरगिस कैद हैं, का भी इतिहास है। भारत के पांच केंद्रीय जेलों में तेरह माह (1976-77) बिताने के कारण मेरी विविध कैदखानों से दिलचस्पी स्वाभाविक है। तेहरान में इस इविन जेल में कई श्रमजीवी पत्रकारों ने दम तोड़ा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

एशियाई खेलों में भारत ने कुल 28 स्वर्ण पदक समेत 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीत कर शतक को भी पार किया है। खेल के अंतिम दिन शनिवार को भारत ने 6 स्वर्ण सहित 12 पदक जीत कर कीर्तिमान बनाया है। 2018 के जकार्ता एशियाड में भारत ने 16 स्वर्ण समेत कुल 70 पदक जीते थे। इस बार हमने 107 पदक हासिल किए हैं। 'इस बार सौ के पार' का सूत्रवाक्य भी हमारे खिलाडियों ने जीवंत और साकार कर दिया है। एशियाड के 72 सालों में पहली बार भारत ने शतक पार पदक जीते हैं।

# एशियाई खेलों में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन


संतोष कुमार भार्गव

यह सुखद ही है कि भारत ने एशियाड के 72 साल के इतिहास में पहली बार पदकों का सैकड़ा पार किया। जीत की प्रतिबद्धता लिये खिलाड़ियों ने कुल 107 पदक जीतकर भारत को एशिया के 45 देशों में चौथे नंबर पर पहुंचा दिया। निस्संदेह, अब देश खिलाड़ियों से उम्मीद रखेगा कि आने वाले वर्षों में यह नंबर और ऊंचाइयों की तरफ जाए। जिस तरह आखिरी दिन भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा ने स्वर्णिम आभा बिखेरते हुए छह स्वर्ण पदक हासिल किये, उससे अंत भला तो सब भला की कहावत चरितार्थ हुई।

भारत ने 1951 के एशियाई खेल में 51 पदक जीते थे, जिसमें 15 स्वर्ण, 16 रजत और 20 कांस्य पदक शामिल था। एशियाई खेल की पदक तालिका में भारत से आगे सिर्फ जापान था, जिसने 60 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया था। तैराक सचिन नाग ने 1951 में नई दिल्ली में 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में जीत दर्ज करते हुए एशियन गेम्स में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। उसी साल रोशन मिस्त्री भी एशियन गेम्स में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं, जब उन्होंने 1951 के एशियन गेम्स की 100 मीटर रेस स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। तब से भारत ने एशियाई खेल में 183 स्वर्ण, 239 रजत और 357 कांस्य सहित 779 पदक जीते हैं। भारत के ट्रैक एंड फील्ड एथलीटों ने 19 संस्करणों में सबसे अधिक 283 पदक हासिल किए हैं। दिग्गज भारतीय धावक मिल्खा सिंह, बिना किसी शक के भारतीय एथलेटिक्स का सबसे बड़ा नाम हैं, जिन्होंने 1958 के एशियाई खेल में 200 मीटर और 400 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद जकार्ता में 1962 के संस्करण में दो और स्वर्ण अपने नाम किया। इसके बाद एशियाई खेल की ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता में भारत की स्वर्णिम परंपरा को पीटी उषा ने जारी रखा। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से जाने जाने वाली पीटी उषा ने 1986 के एशियाई खेल में ट्रैक पर शानदार प्रदर्शन किया। उस साल भारत के द्वारा जीते गए पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते पीटी उषा ने जीते थे। यह सुखद ही है कि इस बार हांगझोऊ में बेटियों ने अपना दमखम दिखाया। पहला व सौवां पदक बेटियों ने ही जीता। जो हमारे समाज में बेटियों की इस प्रतिष्ठा को स्थापित करता है कि बेटियां कहां बेटों से कम होती हैं। लेकिन यह विडंबना ही है कि देश में एशियाड में सोना,चांदी व कांस्य पदक विजेताओं को लेकर वैसा जुनून पैदा नहीं हुआ जैसा एक छोटे क्रिकेट मैच के लिये हो जाता है। वहीं मीडिया कवरेज में भी सुधार की जरूरत है। दरअसल, क्रिकेट में बाजार की इतनी बड़ी भूमिका रहती है कि शेष खेलों को आर्थिक मदद व तरजीह नहीं मिल पाती। जबकि एशियाड में भारत की धरती में फले-फूले खेलों की पताका लहरायी है। हमने परंपरागत हाकी और कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को कायम रखा है। वैसे एथलीटों व निशानेबाजों ने



भी खूब कमाल किया। एशियाई खेलों में भारत ने कुल 28 स्वर्ण पदक समेत 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीत कर शतक को भी पार किया है। खेल के अंतिम दिन शनिवार को भारत ने 6 स्वर्ण सहित 12 पदक जीत कर कीर्तिमान बनाया है। 2018 के जकार्ता एशियाड में भारत ने 16 स्वर्ण समेत कुल 70 पदक जीते थे। इस बार हमने 107 पदक हासिल किए हैं। 'इस बार सौ के पार' का सूत्रवाक्य भी हमारे खिलाडियों ने जीवंत और साकार कर दिया है। एशियाड के 72 सालों में पहली बार भारत ने शतक पार पदक जीते हैं।

यह उपलब्धि आकस्मिक नहीं है। यदि बेटों ने 52 पदक ( 15 स्वर्ण, 19 रजत, 18 कांस्य) जीते हैं, तो बेटियां भी 46 पदकों (9 स्वर्ण, 17 रजत, 20 कांस्य) के साथ पीछे नहीं रही हैं। नौ पदक बेटे-बेटियों ने मिलकर मिश्रित मुकाबलों में भी जीते हैं। हमारे स्वर्णिम खिलाडियों ने विश्व कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। शाबाशी इसकी भी देनी चाहिए कि एशियाई खेलों के पदकवीरों की सूची में अब भारत चौथे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि भी 37 लंबे सालों के बाद अर्जित की गई है। बैडमिंटन का उल्लेख खासतौर पर किया जाना चाहिए, क्योंकि सात्विक रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी अब विश्व में 'नंबर वन' हो जाएगी। यह अभूतपूर्व उपलब्धि है। इस जोड़ी ने पहली बार बैडमिंटन में भारत के माथे स्वर्ण-ताज सजाया है।

चीन, जापान, मलेशिया, कोरिया आदि देश एशिया में बैडमिंटन के 'चौम्पियन गढ़' रहे हैं। उनकी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय जोड़ी ने हमारी झोली में 'स्वर्ण पदक' डाला है। अब लक्ष्य को हासिल करके रुकना नहीं है। यह 107 का सम्मानित आंकड़ा सिर्फ 'अर्द्धविराम' है। रुककर सोचने, विमर्श करने, रणनीतियां तय करने का समय है। भारत पूरी तरह एक 'खेल-राष्ट्र' बनने का माद्दा रखता है। हम नीरज चोपड़ा जैसा विश्व चौम्पियन खिलाड़ी पैदा कर सकते हैं, तो साबले, श्रीशंकर सरीखे पुरुष खिलाड़ी से लेकर हरमिलन बैंस और वेंकटेश तक की बेटी खिलाडियों को भी तैयार किया है। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच और प्रशिक्षण मुहैया कराने की जरूरत है। भारत सरकार और राज्य सरकारें इन राष्ट्र-नायकों की बुनियादी जरूरतें पूरी करें।

हमारे खिलाडियों की मेहनत, जुनून और उनका हुनर अब भारत को 'ओलंपिक चौम्पियन' भी बनाएगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। क्रिकेट की पुरुष-महिला टीमों को स्वर्ण पदक बैडमिंटन युगल मुकाबले के चौम्पियन कबड्डी की दोनों टीमों के गले में 'पीला तमगा' कमाल की सटीक तीरंदाजी में 'स्वर्णिम बौछार' हुई। इस खेल में भारत ने रिकॉर्ड 9 पदक हासिल किए हैं, जिनमें 5 स्वर्ण पदक शामिल हैं। स्क्वैश में भी भारत 'स्वर्णिम महारथी' बना रहा। हमारे अचूक निशानेबाजों ने 'स्वर्णिम लक्ष्य' भेदे। सिफ्ट कौर सामरा ने 50 मीटर राइफल स्पर्धा में विश्व कीर्तिमान स्थापित कर नया इतिहास लिखा। रुद्रांक्ष, दिव्यांश और ऐश्वर्य ने भी विश्व कीर्तिमान के साथ भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। हमारे खिलाडियों के हिस्से चांदी खूब बरसी है और कांस्य पदक भी गले में सजे हैं। यकीनन यह भारतीय खेल के पुनरोत्थान और ताकत का दौर है।

प्रधानमंत्री मोदी 10 अक्तूबर को अपने आवास पर इन तमाम खिलाडियों से रूबरू मुलाकात करेंगे।सौभाग्य की बात है कि एशियाड व अन्य खेलों में आम घरों व संघर्षो की तपिश में तपे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अकसर सुनने को मिलता है कि एक सिक्योरिटी गार्ड या श्रमिक की बेटी ने सोने का तमगा जीता। वास्तव में इसे इन बच्चों की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। संसाधनों के अभाव व अच्छी डाइट न मिलने के बावजूद वे देश का सिर गर्व से ऊंचा करते हैं। विडंबना यह भी है कि जब कोई गुदड़ी का लाल अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर लाता है तो तब हम उसे पलक-पांवड़ों पर बैठा लेते हैं। लेकिन उसके बाद हम उसे भूल जाते हैं। अकसर खबरें आती हैं कि एशियाड पदक विजेता फलां जगह में मजदूरी कर रहा था, सब्जी बेच रहा था और जरूरतों के लिये मोहताज है। हमारे देश के नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि खेल प्रतिभाओं का आर्थिक पक्ष यकीनी बनाएं। उनके लिये नौकरियां सुनिश्चित की जाएं। वैश्विक स्पर्धा के स्तर के अनुरूप नौकरियों का निर्धारण हो।

# हम इतने व्यस्त हैं कि हमारे पास समय ही नहीं


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आजकल हम अक्सर सुनते हैं कि हम बहुत व्यस्त रहते है, हमारे पास समय कहा, ऐसा कथन लोगों के जुबान पर बना रहता है और सोशल मीडिया पर कीमती समय बर्बाद करके खूब ओतप्रोत स्नेह दर्शाते है, परन्तु प्रत्यक्ष मिलने के लिए समय नहीं होता। आधुनिकता और दिखावे के चक्कर में हम अपनी संस्कृति, परंपरा, घर-परिवार, रिश्ते-नातों, अपनों से काफी दूर निकल गए है। बाहरी सुख के मृगतृष्णा में हम अपनी आत्मीय खुशियों की होली खुद ही जला आये है। सुंदर, सरल और संतुष्ट जीवन की ओर देखने का नजरिया अब बिल्कुल बदल गया है। लोग धन देखकर अब आदरभाव दिखाते हैं। लोगों की खुशी में खुश होने वाले लोग अब ईर्ष्या से जलने लगे है और कभी मासूम-सी मुस्कान रहने वाले चेहरों पर झूठी हंसी रहने लगी है। सच और अच्छाई की जगह अब झूठ और बुराई तुरंत वायरल होते हैं और ऐसे ही अफवाहों का बाजार निरंतर गर्म रहता है। मनोरंजन की दुनिया में अश्लीलता को सभ्यता का आचरण मानकर प्रोत्साहन दिया जा रहा और दूसरी तरफ सदाचार, ज्ञान को उबाऊ मानकर अवहेलना की जा रही है। गांवों से ज्यादा साधन सुविधा सम्पन्न शहरी लोग होकर भी ज्यादा बीमारियां लेकर घूमते हैं। शरीर को बीमार कर अस्पतालों में बड़े-बड़े बिल भरेंगे लेकिन अपनों से दिल मिलाने का समय नहीं हैं। हमने जो नहीं करना चाहिए बस वही कर रहे हैं इसीलिए स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ रहा है।

> विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, अवसाद एक सामान्य मानसिक विकार है। विश्व के लगभग 7 में से 1 किशोर को मानसिक विकार है। हर साल 700,000 से अधिक लोग आत्महत्या से मर जाते हैं। गंभीर मानसिक विकार वाले लोग सामान्य आबादी की तुलना में 10 से 20 साल पहले मर जाते हैं।

विश्वभर में तेजी से बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा निर्धारित इस वर्ष 2023 की थीम मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार यह है। मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी मानव अधिकार अंतर्गत हर किसी को, चाहे वह कोई भी हो और जहां भी हो, मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का अधिकार है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रहने का अधिकार, उपलब्धता, सुलभता, स्वीकार्यता, अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल का पूर्ण अधिकार, स्वतंत्रता और समाज में शामिल होने का अधिकार है। वैश्विक स्तर पर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के साथ जी रहा है, किशोरों और युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्या तेजी से प्रभावित कर रही हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले लोग व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना कर रहे है। कई लोगों को घर-परिवार, सामाजिक जीवन से बाहर कर दिया जाता है, भेदभाव किया जाता है, कई मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल से वंचित रहते है, यह उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है। डब्ल्यूएचओ कहता है कि मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दिया जाए, प्रोत्साहित किया जाए, संरक्षित किया जाए, तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि हर कोई अपने मानवाधिकारों का उपयोग कर सके और उन्हें




आवश्यक गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त हो सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, अवसाद एक सामान्य मानसिक विकार है। विश्व के लगभग 7 में से 1 किशोर को मानसिक विकार है। हर साल 700,000 से अधिक लोग आत्महत्या से मर जाते हैं। गंभीर मानसिक विकार वाले लोग सामान्य आबादी की तुलना में 10 से 20 साल पहले मर जाते हैं। कम आय वाले देशों में प्रति एक लाख आबादी पर एक से भी कम मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारी हैं, जबकि उच्च आय वाले देशों में 60 से अधिक हैं। अवसाद और चिंता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष उत्पादकता में लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। कोरोना महामारी के पहले वर्ष में दुनिया भर में चिंता और उदासी की व्यापकता में 25 फीसदी की वृद्धि हुई थी। भारत को सबसे अवसादग्रस्त देशों में से एक कहा गया है, देश में आत्महत्या की ग्रोथ भी अधिक है। साल 2022 में कुल वित्तीय स्वास्थ्य बजट में से केवल 0.8 फीसदी मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया गया था।

हमारा रहन-सहन, यांत्रिक संसाधन, प्रदूषण, व्यवहार, स्वार्थ और असंतुलित दिनचर्या ने हमें बीमार बनाया है। भौतिक सुख कभी आत्मीय सुख की जगह नहीं ले सकते फिर भी हम उसी के पीछे भाग रहे हैं और सुख चैन गवां रहे है। दुनिया में ऐसे कई अमीर लोग हैं जो अपना वैभव छोड़कर प्रकृति के सानिध्य में सादा जीवन जीते हैं क्योंकि इससे उन्हें मानसिक शांति मिलती है। आज के समय में मानसिक विकारों को बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हम खुद हैं, क्योंकि हमने खुद को नकारात्मक विचारों से घेर लिया है। दिन-रात बुरे विचार, गलत खान-पान, दूसरों पर ज्यादा भरोसा, दूरदृष्टि की कमी, दिखावा, गलत लोगो की संगत, सहनशीलता, मेहनत व जागरूकता की कमी ने हमारी सोच को ख़राब कर दिया है। लोगों में सहनशीलता इस कदर खत्म हो चुकी है कि अगर किसी को गलत काम करने से रोको तो वो आपको ही मारने पर उतारू हो जाता हैं, छोटी-छोटी बात पर आप खो देते है। अभिभावक के डांटने भर से बच्चे अनुचित कदम उठाने लगे है। किशोरों में नशाखोरी और अपराधवृत्ति लगातार बढ़ रही है। संस्कारों की धज्जियां तो खुले आम उड़ाई जाती है। बच्चे कहाँ जा रहे हैं, किससे मिलते, कहाँ समय व्यतीत करते, आज यह बहुत से अभिभावकों को पता नहीं है। अभिभावक क्या बच्चों को आवश्यक पोषक वातावरण बनाकर दे रहे है? आखिर कहा व्यस्त होते है इतना, कि खुद के लिए या बच्चों के अच्छे परवरिश के लिए भी हमारे पास समय नहीं होता। दुर्व्यवहार और कलह तनाव का कारण बनता है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन योग्य पद्धति से न करना ही भविष्य में समस्याओं की निर्मिति हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य विकार बढ़ाता है।

लोग इतना व्यस्त दिखते हैं कि एक ही बस्ती में रहकर भी सालों तक पुराने परिचितों, दोस्तों से मिल नहीं पाते हैं। लोगों की बड़ी-बड़ी बातें दिलों के बीच दूरी बढ़ाते हैं। अहंकार, द्वेश ने लोगों को व्यस्त किया हैं वर्ना समय सबके पास होता हैं, बस आपकी इच्छाशक्ति प्रबल होनी चाहिए। बिना किसी काम के निस्वार्थ भाव से किसी के लिए समय निकालकर उनसे मिलने जाना अब दुर्लभ होते जा रहा हैं। रक्तदान, अन्नदान की तरह आज के समय में वक्तदान भी बहुत महत्वपूर्ण दान बन गया हैं, औरों के लिए समय निकालना सबको सीखना होगा। मानसिक स्वास्थ्य को निरोगी बनाए रखना बहुत आसान है, केवल हमें अपने व्यस्त जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करना है। रोज खुद के लिए भी समय निकालना सीखें, सकारात्मक विचारों वाले लोगों से जुड़े, नशा और झूठे दिखावे से बचें, पोषक आहार लें, रोजाना व्यायाम और पूरी नींद जरूरी है। झगड़ालू और रोने-धोने वाले सीरियल मस्तिष्क को पीड़ा देते है, ऐसे सीरियल ना देखें। बच्चों को संस्कारशील और सुजान नागरिक बनाने की जिम्मेदारी अभिभावक की है, अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। बड़े-बुजुर्गो का आदर करें, हेल्दी दिनचर्या बनायें। हमारी वजह से किसी को भी हानि न हो, ईमानदारी से नियमों का पालन करें।

# मानसिक रोगी भी मूलभूत सुविधाओं के हकदार हैं


आरती शांत

भारत जैसी बड़ी संख्या वाले देश में दिव्यांगों की भी एक बड़ी तादाद है। अगर आंकड़ों की बात करें तो 2.21 प्रतिशत भारतीय आबादी किसी न किसी तरह की दिव्यांगता की शिकार है। इसका अर्थ है कि भारत में 2.68 करोड़ लोग दिव्यांग हैं। इनमें मानसिक रूप से अक्षमों की भी एक बड़ी संख्या है। परंतु उनके लिए सुविधाओं की बात करूं तो वह शून्य में भी नहीं आती है। यदि कोई बच्चा दिव्यांग है, तो उसके माता-पिता यह सोच कर उसे पढ़ाना नहीं चाहते हैं कि पढ़ लिख कर क्या करेगा? कुछ काम तो नहीं कर सकता है।

यहां तक कि ऐसे बहुत से स्कूल हैं जहां मानसिक रूप से तो दूर, शारीरिक रूप से कमज़ोर बच्चों को भी एडमिशन तक नहीं दी जाती है। यदि कोई स्कूल एडमिशन कर भी ले तो उस बच्चे के लिए पर्याप्त सुविधाएं जैसे कि उसके लिए व्हीलचेयर, उसके आने जाने के लिए सुगम रास्ता बनवाना अथवा एक हेल्पर तक की सुविधाएं नहीं होती हैं। उस बच्चे के साथ अलग बर्ताव किया जाता है। डिसेबल्ड बच्चा कह कर उसके हौसले को तोड़ दिया जाता है। जबकि यदि डिसएबल की जगह उसे स्पेशली एबल्ड या विशेष गुणों वाला कह दिया जाए तो शायद उसके अंदर सकारात्मक ऊर्जा आए और वह सामान्य बच्चों की तरह पढ़ाई कर सके।

मानसिक रूप से कमज़ोर लोगों विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य और उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। सबसे पहले 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ ने इस दिन को मनाने की शुरुआत की। प्रति वर्ष इससे जुड़ी थीम रखी जाती है। इस वर्ष का थीम मानसिक स्वास्थ्य का अधिकार रखा गया है। दरअसल समाज में इससे प्रभावित लोगों या बच्चों को अनावश्यक समझ कर उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों से भी वंचित कर दिया जाता है। उन्हें दिव्यांग कह कर उपेक्षित किया जाता है। शिक्षा और जागरूकता के अभाव में शहरों की अपेक्षा देश के दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे विशेष गुणों वाले बच्चों के लिए जीवन अधिक कष्टकारी हो जाता है। उन्हें वह सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं जिसके वह हकदार हैं।

> बच्चों के स्वास्थ्य और उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। सबसे पहले 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ ने इस दिन को मनाने की शुरुआत की। प्रति वर्ष इससे जुड़ी थीम रखी जाती है। इस वर्ष का थीम मानसिक स्वास्थ्य का अधिकार रखा गया है। दरअसल समाज में इससे प्रभावित लोगों या बच्चों को अनावश्यक समझ कर उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों से भी वंचित कर दिया जाता है। उन्हें दिव्यांग कह कर उपेक्षित किया जाता है।

इसकी एक मिसाल जम्मू-कश्मीर के डोडा-किश्तवाड़ आदि जिलों के ग्रामीण क्षेत्र हैं। ज़्यादातर यह पहाड़ी इलाका है। जहां स्वस्थ लोगों के लिए सुविधाएं पहुंचना मुश्किल हैं तो विशेष गुणों वाले बच्चों की क्या बात करें? उनके लिए इन पहाड़ी इलाकों पर चलना रहना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह लोग अपना सही से इलाज तक नहीं करा पाते हैं, क्योंकि यहां की आर्थिक स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं है।



अधिकतर ग्रामीण आर्थिक रूप से काफी कमज़ोर होते हैं। जो ज़्यादातर खेती-बाड़ी पर ही निर्भर हैं। जिससे इतनी आमदनी नहीं हो पाती है कि वह मानसिक रूप से कमज़ोर अपने बच्चों का उचित इलाज करा पाएं। यहां के गुंदोह तहसील स्थित समाई गांव में 16 लोग दिव्यांग हैं, जो खुद से अपना काम तक नहीं कर पाते हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं जिनका सही समय पर यदि इलाज हो जाता तो वह ठीक हो सकते थे। परंतु आर्थिक कठिनाइयों के कारण परिवार वाले उनका इलाज नहीं करा पाए।

इनमें से अधिकतर अब युवा हो चुके हैं। यह सारे लोग ऐसे हैं जो छोटे स्तर पर कुछ काम करना चाहते हैं, परंतु उचित जानकारी और मदद के अभाव में कर नहीं पाते हैं। यह लोग दुकान खोलना, बिजनेस करना या डिलिवरी आदि का काम अच्छे से कर सकते हैं। परंतु सुविधाएं पूरी ना होने के कारण यह लोग कुछ भी नहीं कर पाते हैं और परिवार वालों पर आश्रित होकर रह गए हैं। हालांकि सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए पेंशन की व्यवस्था भी है। लेकिन कई बार पेंशन बंद हो जाने से इनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। इस संबंध में गांव के एक दिव्यांग ज्ञानी राम कहते हैं कि मेरे हाथ और पैर काम नहीं करते हैं। मुझे दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है। बिना किसी ठोस कारण के सरकार ने हमारी पेंशन भी बंद कर दी है। जिससे मेरे सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

कई बार परिवार और समाज का उचित साथ नहीं मिलने पर दिव्यांग व्यक्ति अवसाद का शिकार हो जाता है। अक्सर ऐसे लोग आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठा लेते हैं। इसी गांव के सीताराम इसका उदाहरण हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से कमज़ोर होने के कारण वह बचपन से स्कूल नहीं जा सके और माता पिता पर आश्रित रह गए, जबकि उनके अन्य भाई बहन शिक्षा प्राप्त करने में सफल रहे। वह स्वयं को परिवार पर बोझ समझने लगे। जिसकी वजह से वह अवसाद से ग्रसित हो गए और अंत में उन्होंने आत्महत्या कर ली। इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि शारीरिक रूप से कमज़ोर इंसान या बच्चे को बार-बार दिव्यांग कहने से वह अपनी अहमियत नहीं समझते हैं।

वह मानसिक रूप से अपने आप को किसी काबिल समझना छोड़ देते हैं तथा तनाव का शिकार हो जाते हैं। जबकि ऐसे बच्चों में भी सामान्य बच्चों की तरह प्रतिभाएं होती हैं। कई अवसरों पर विशेषज्ञ ऐसे बच्चों के माता-पिता को सुझाव देते हैं कि वह उन्हें बेचारा बनाने की जगह धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनाएं, किसी से उसकी तुलना ना करें, क्षमता से अधिक करने के लिए बच्चों को ना कहें, बार उसके सामने उसकी कमज़ोरी को उजागर न करें, सहानुभूति दर्शाने वाले लोगों से हमेशा अपने बच्चों को दूर रखें और बच्चों में हीन भावना न पनपने दें। तभी ऐसे बच्चे भी अपना सामान्य जीवन जी सकते हैं।

दरअसल, मानसिक रूप से कमज़ोर बच्चों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की ज़रूरत है ताकि युवावस्था में वह किसी प्रकार के अवसाद का शिकार न हो सकें। इसके लिए ज़रूरी है कि सरकार की ओर से उन्हें दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ दिलाएं। सरकार के समाज कल्याण विभाग की ओर से शारीरिक रूप से कमज़ोर और अक्षम लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना प्रमुख है। इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों का खुद का व्यवसाय स्थापित कर उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवानी है। इसके लिए उन्हें बैंकों से दस लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन जागरूकता के अभाव में स्वयं समाज ही उनकी मदद नहीं कर पाता है। (चरखा फीचर)

# भगवान श्रीराम का जीवन मूल्य पूरे विश्व के लिए प्रेरणा का श्रोत : जयवीर

## अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी दुर्लभ धरोहरों, संरचनाओं को प्रदर्शित किया जायेगा

अवधनामा संवाददाता







**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी में भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी दुर्लभ धरोहरों, संरचनाओं तथा उत्खनन से प्राप्त विभिन्न अवशेषों को पूरे विश्व समुदाय के अवलोकनार्थ प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक छत के नीचे भगवान श्रीराम के मंदिर के इतिहास को दर्शाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज सम्पन्न हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार यह सभी सामग्री श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या द्वारा संरक्षित की जायेगी। एमओयू निष्पादन के अवसर पर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र भी उपस्थित थे।

पर्यटन मंत्री आज संगीत नाटक अकादमी के सभागार में संस्कृति विभाग उ0प्र0 तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के मध्य सम्पन्न हुए समझौता ज्ञापन के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लम्बे संघर्षों तथा बलिदान के बाद मंदिर निर्माण में सफलता प्राप्त हुई। देश के प्रधानमंत्री मा0 मोदी जी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री योगी जी के मार्गदर्शन में मंदिर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। जनवरी, 2024 में इसे प्रधानमंत्री जी करकमलों द्वारा शुभारम्भ होगा।

श्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या की भव्यता एवं भगवान श्रीराम के मंदिर को दर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। इससे प्रदेश में बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी आयेंगे। पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार तथा राजस्व अर्जन की असीमित संभावनायें हैं। दुनिया के अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर आधारित है। भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो जाने से अयोध्या में काशी की तरह ही पर्यटकों की संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी।

श्री जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार देश की गौरवशाली संस्कृति एवं सनातन परम्परा को आगे बढ़ाते हुए राजस्व के साथ ही रोजगार सृजित करने पर विशेष जोर दे रही है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों का दर्शन करने के साथ ही भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सकेंगे। इससे रामराज्य के स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि मा0 मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था पॉचवें स्थान से आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर पहुँचेगी। उन्होंने कहा कि

**■ संस्कृति विभाग एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के मध्य समझौता ज्ञापन निष्पादित**

वह दिन दूर नहीं है, जब भारत भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित होगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष निर्माण समिति श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या श्री नृपेंद्र मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस संग्रहालय में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों से जुड़े विशिष्ट पहलुओं को प्रदर्शित किया जायेगा। जो आने वाली पीढ़ी को सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राज्य सरकार की सभी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेगा।

ट्रस्ट के महासचिव श्री चंपत राय ने कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर एक लम्बे इतिहास को समेटे हुए है। यह विश्व मानवता की धरोहर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि 06 दिसम्बर, 1992 से लेकर मंदिर निर्माण के दौरान खुदाई में दुर्लभ वस्तुएं प्राप्त हुई हैं। यह श्रद्धालुओं के लिए बहुमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि मंदिर के नीचे उत्खनन से प्राप्त बहुमूल्य सामग्री तथा 1154 ई0 के शिलालेख तथा भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सभी वस्तुओं को सुरक्षित रखा गया है। इन सभी सामग्री को संग्रहालय में प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1885 के दौरान ब्रिटिश अधिकारियों के पत्र के अलावा फ्रांसीसी यात्री की प्रकाशित डायरी तथा अन्य दुर्लभ दस्तावेजों को सुरक्षित तथा संरक्षित रखा गया है। इन्हें भी संग्रहालय को हस्तान्तरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्त दुर्लभ सामग्रियों को अभिलेखीकरण कराने का प्रयास किया जायेगा।

श्री चंपत राय ने कहा कि सारा संसार राममय है। विश्व के कोने-कोने में राम से जुड़े ग्रन्थों, पाण्डुलिपियों को आम जनता के अवलोकनार्थ संग्रहालय को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज को अतीत के गौरवशाली इतिहास को देखने एवं चिन्तन करने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य श्री मुकेश मेश्राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का समझौता ज्ञापन ट्रस्ट को संग्रहालय के संरक्षण तथा देखरेख के लिए किया गया है। भगवान श्रीराम का जीवन के आदर्श मूल्यों के साथ जुड़ा हुआ एक आयाम है। जो मनुष्य को मनुष्यता का बोध कराता है। इसके साथ ही रामचरित मानस मानव समुदाय को जीवन मूल्यों को आधार देता है।

इस मौके पर 'लखनऊ की रामलीला' तथा 'स्कृति में राम' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज की सुप्रिया सिंह रावत एवं उनकी टीम ने मनोहारी भेड़िया नृत्य का प्रदर्शन किया। इसके अलावा संगीत नाटक अकादमी द्वारा सुरभि शुक्ला की परिकल्पना पर आधारित नमामि राम नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी गयी। निदेशक संस्कृति एवं सूचना श्री शिशिर जी ने अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए मनोहारी प्रस्तुति के लिए कलाकारों को बधाई दी। इस अवसर पर श्री अनूप कुमार मित्तल सदस्य मंदिर निर्माण समिति के अलावा विशेष सचिव संस्कृति श्री राकेश चन्द्र शर्मा तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पांच राज्यों के 'इलेक्शन सिरीज' में भाजपा का होगा सफाया : प्रमोद

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि आगामी 5 राज्यों (राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) की 'इलेक्शन सिरीज' में कांग्रेस 5-0 से जीतेगी और भारतीय जनतापार्टी का 5-0 से सूपड़ा साफ होगा।

इन पॉच राज्यों में जनता को जिस घड़ी का इन्तजार था वह समय अब आ गया है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसान तथा युवाओं के साथ - साथ लगभग हर वर्ग के साथ भा.ज.पा. ने धोखा एवं विश्वासघात किया है, अब जनता उसका सही फैसला करेगी। श्री तिवारी ने कहा है कि इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) की वह भविष्यवाणी सही साबित होगी जो उन्होंने अपने मुख पत्र आर्गनाइजर में चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा था कि अकेले दम पर ''मोदी'' अब जिताऊ चेहरा नहीं रहे। हमें जीतने के लिये अब कुछ और करना होगा।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित , अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने,

**■ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम**

विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।

जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

# टीएमयू नर्सिंग के पांच एल्युमिनाई ने साझा किए अनुभव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र समन्वय सेल-एआरसी और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के पूर्व छात्र सेल की ओर से दो दिनी एलुमनी वर्कशॉप में एल्युमिनाई और टीएमयू अस्पताल की क्लीनिकल समन्वयक श्रीमती हिमांशी ने स्टुडेंट्स को अनुसंधान कार्य और नैदानिक प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नर्सिंग के रुझानों, चुनौतियों, समस्याओं और समाधानों के बारे में बताया। साथ ही सरकारी नौकरी के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धी पुस्तकों का संदर्भ लेने की सलाह दी। पूर्व छात्रा एवम् राजश्री

**■ टीएमयू के एआरसी और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के पूर्व छात्र सेल की ओर से दो दिनी एलुमनी वर्कशॉप**

इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बरेली की सहायक प्रोफेसर सुश्री जेनिफर ने नर्सिंग पाठ्यक्रम के दायरे और नर्सिंग के बाद अवसरों के बारे में विषय को कवर किया। पूर्व छात्र एवम् सरकारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के लेक्चरर श्री अभिषेक ने छात्रों के साथ अपने अध्ययन के समय और फैकल्टी बॉन्डिंग के अनुभव साझा किए। उन्होंने सरकारी क्षेत्र, सैन्य नर्सिंग और अन्य स्वास्थ्य क्षेत्रों में नौकरी के विभिन्न अवसरों से परिचित कराया।

# टिम्बर व्यापारियों के हितों की रक्षा हमारी सरकार की जिम्मेदारी : वन मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आज दिनांक 9 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के वन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना के सरकारी आवास पर राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के दर्जनों जिलों के पदाधिकरियों व व्यापारियों ने अपने अपने जिले से संबंधित समस्याओं को वन मंत्री जी के समक्ष रखा। वन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना जी ने सभी व्यापारियों की बातों को ध्यान से सुनने के पश्चात कहा कि देश की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ नाथ जी सरकार किसी भी व्यापारी का शोषण होने नही देगी,व्यापारी हमारी सरकार का स्तंभ है और हमारी प्राथमिकता है पुराने टिम्बर व्यापारियों को सम्मान के साथ उनके व्यापार हेतु सहूलियत प्रदान की जाएं। टिम्बर व्यापारियों के हितों की रक्षा हमारी सरकार की प्रार्थमिकता है। वही प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि संगठन व प्रदेश भर से आए टिम्बर व्यापारियों द्वारा माननीय वन मंत्री जी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तत्पश्चात उन्हे संगठन की ओर से एक मांग पत्र सौंपा गया जिसके माध्यम से पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को लाइसेंस देने,ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से आवेदन करने वाले व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन के आधार पर व्यापार शुरू करने का अवसर देने, उत्तर प्रदेश से बाहर जा रहे गोल बोटें को हरियाणा जाने से रोकने साहित 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। वन मंत्री जी से भेंट करने वालो में मुख्य रूप से संगठन के संरक्षक अख्तर खान, विधिक सलाहकार आशीष त्रिवेदी, नगर उपाध्यक्ष एजाज खान, प्रखर श्रीवास्तव, अमरोह से मोहम्मद रजा, मेरठ जिले से सुशील कुमार, रकात, सिकंदर, रहीम, अयोध्या से ठाकुर प्रसाद सिंह सहित दर्जनों जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दूरसंचार विभाग ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का करेगा परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दूरसंचार विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से, दूरसंचार विभाग आपदाओं के दौरान आपातकालीन संचार सुबिधाओ को बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए एक सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम परीक्षण करेगा।

दूरसंचार के अनुसार भारत के नागरिकों और समुदायों की सुरक्षा के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता में, प्रत्येक दूरसंचार सेवा प्रदाता पर सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। विभिन्न मोबाइल ऑपरेटरों और सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम की आपातकालीन चेतावनी प्रसारण क्षमताओं की दक्षता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए ये परीक्षण समय-समय पर देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में किए जाएंगे।

सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है जो हमें एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के भीतर सभी मोबाइल उपकरणों पर आपदा प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण और समय-संवेदनशील संदेश भेजने की अनुमति देता है, भले ही प्राप्तकर्ता निवासी या आगंतुक हों, यह सुनिश्चित करता है कि महत्वपूर्ण आपातकालीन जानकारी समय पर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इसका उपयोग सरकारी एजेंसियों और आपातकालीन सेवाओं द्वारा जनता को संभावित खतरों के बारे में सूचित करने और गंभीर परिस्थितियों के दौरान उन्हें सूचित रखने के लिए किया जाता है। सेल ब्रॉडकास्ट का उपयोग आमतौर पर आपातकालीन अलर्ट देने के लिए किया जाता है, जैसे कि गंभीर मौसम की चेतावनी (जैसे, सुनामी, फ्लैश फ्लड, भूकंप आदि), सार्वजनिक सुरक्षा संदेश, निकासी नोटिस और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी।

# पंजाबी दुनिया में दसवीं सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा : दविन्दर पाल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के तत्वावधान में भारतीय भाषा उत्सव, 2023 के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में दिनाँक 09 अक्टूबर को इन्दिरा भवन के पाँचवे तल पर कक्ष संख्या 511 में ''भारतीय भाषा में पंजाबी भाषा का महत्व एवं स्थान'' विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। उसमें आमंत्रित विद्वानों ने कहा कि पंजाबी दुनिया में दसवीं सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। इस अवसर पर कार्यक्रम कॉर्डिनेटर अरविन्द नारायण मिश्र ने गोष्ठी में उपस्थित सम्माननीय विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आमंत्रित विशेषज्ञ सरदार दविन्दर पाल सिंह ने कहा कि पंजाबी भाषा भारत में बोली जाने वाली एक आर्य भाषा है, जिसकी शुरुआत सौरसेनी अपभ्रंश से मानी जाती है। प्राकृत भाषाओं, विशेष रूप से पाली और आदि-आर्य भाषाओं ने इसकी ध्वनि विज्ञान और रूपा विधान दोनों को प्रभावित किया है। परिणाम स्वरूप, पंजाबी भाषा प्राचीन पंजाब की सांस्कृतिक और भाषा वैज्ञानिक बुनियादों का एक सतत भाषा शास्त्रीय इतिहास प्रस्तुत करती है। अपने समृद्ध इतिहास के कारण पंजाबी भाषा दुनिया की सबसे बहुमुखी भाषाओं में से एक है। पंजाबी भाषा भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। परिचर्चा में डॉ0 सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पंजाबी भाषा दुनिया भर में सबसे विकसित भाषाओं में एक विशेष स्थान रखती है। यह दुनिया में दसवीं सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, इंग्लैंड में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है और पाकिस्तान में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। दुनिया भर में लगभग 150 मिलियन लोग पंजाबी बोलते हैं, और यह आज भी दुनिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण और जीवंत भाषा बनी हुई है। तकनीकी दृष्टि से इसका स्थान बहुत ऊँचा है। इसके अतिरिक्त, यह कनाडा में पांचवें और इंग्लैंड में तीसरे स्थान पर है। ऊपरी पंजाब क्षेत्र में पंजाबी गुरुमुखी लिपि में लिखी जाती है।

# कलमवीरों का सम्मान हिंदी संस्थान में 12 अक्टूबर को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** '43वें राष्ट्रीय कलमवीर दिवस' समारोह का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर, वृहस्पतिवार को अपरान्हः 3.30 बजे से निराला सभागार, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, हजरतगंज में किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की मूर्धन्य हस्तियों को कलमवीर चक्र सम्मान एवं कलमवीर रत्न सम्मान से नवाजा जायेगा। समारोह की अध्यक्षता प्रो. (डा.) वी.जी. गोस्वामी, पूर्व अधिष्ठाता, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय करेंगे जबकि वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' समारोह के स्वागताध्यक्ष होंगे।

इस सम्मान समारोह में कलमवीर चक्र सम्माान से सम्मानित होने वालों में श्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री जय शंकर मिश्र, पूर्व आई.ए.एस, प्रो. अब्बास अली मेंहदी, कुलपति, इरा मेडिकल, डा. अनिल कुमार मिश्र, पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रो. खान मोहम्मद आतिफ पूर्व विभागाध्यक्ष, फारसी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री वासिफ फारुकी, अन्तर्राष्ट्रीय शायर, डा. हरिओम, आई.ए.एस., प्रो. अब्बास रजा नैय्यर, विभागाध्याक्ष, उर्दू, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो. हरि शंकर मिश्र, पूर्व आचार्य, हिन्दी एवं भाषा, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रमुख हैं। इसके अलावा, कलमवीर रत्न सम्मान से नवाज जाने वालों में डा. दिनेश चंद्र अवस्थी, वरिष्ठ साहित्यकार, आचार्य ओम नीरव, वरिष्ठ साहित्यकार, श्री सुशील दुबे, समाजसेवी, श्री प्रदीप कपूर, वरिष्ठ पत्रकार, डा. रीमा सिन्हा, कवियत्री, सुश्री मंजू सक्सेना, वरिष्ठ साहित्यकार, डा. सुधा मिश्रा, कवियत्री, श्री रिजवान फारूकी, शायर एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमुख हैं।

# एमर्सन जॉय मिस्टर, तो संध्या बनीं मिस फ्रेशर

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन की ओर से बीएबीएड की फ्रेशर पार्टी का आगाज

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन की ओर से बीएबीएड की फ्रेशर पार्टी- आगाज में एमर्सन जॉय को मिस्टर फ्रेशर और संध्या वोदरा को मिस फ्रेशर चुना गया। स्टुडेंट्स भावना गोस्वामी को मिस डीवा, आयुष कुमार को मिस्टर डैशिंग, प्रशंसा सिन्हा को मिस फ्लेयर और दीपांशु कनौजिया को मिस्टर फ्लेयर के खिताब से नवाजा गया।

नवागंतुक स्टुडेंट्स का प्रथम राउंड में परिचय और रैंप वाक किया गया। परिचय और रैंप वाक प्रस्तुत करने वाले स्टुडेंट्स दूसरे राउंड में पहुंचे। आंतरिक कला प्रदर्शन से अंतिम राउंड में पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं के लिए टास्क प्रतियोगिता हुई। अंतिम राउंड में 6 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, एचओडी डॉ. अशोक कुमार लखेरा, डॉ. विनोद जैन, एआर श्री दीपक मलिक आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करके फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर स्टुडेंट्स कनक, शिवम, पुनीत, मानवी, अदिति, अलीना, ख्याति, संध्या, आरती, अनन्या, खुशी, रीतू, मेघा, प्रतीक्षा, आयुष, कृतिका, अमर्सन, जसविंदर, शशांक, ऋषिका, भावना, नवोदिता, समृद्धि, मान्या, गौरी, जोया आदि ने अभिव्यक्ति गीत, नृत्य, सामूहिक नृत्य, झलकी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अंत में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने मिस्टर और मिस फ्रेशर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की ।

मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा, हमें आत्मविश्वास से लबरेज होना चाहिए। हम किसी भी परिस्थिति से भागे नहीं, बल्कि उसमें भाग लें। परिस्थितियों से भागना कायरों की पहचान होती है और परिस्थितियों में हिस्सा लेकर खुद की काबिलियत को प्रस्तुत करना कर्मठ व्यक्ति का व्यक्तित्व होता है। बतौर विशिष्ट अतिथि डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने अध्यापक कर्तव्य की शपथ दिलाते हुए कहा, हम आज की शिक्षक संस्कृति का हिस्सा हैं। हमारी संस्कृति विश्व की सर्वोच्च संस्कृति है। हमें संकल्प लेना चाहिए, हम एक होनहार शिक्षक बनेंगे और जन-जन का भविष्य संवारने में अग्रसर रहेंगे। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा ने कहा, फ्रेशर पार्टी यूनिवर्सिटी परिवार में जुड़ने वाले नए स्टुडेंट्स को परिवार बनाकर पुरातन करने की शोभा देने का कार्यक्रम है।

# अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की नर्सरी की प्रतिभाशाली छात्रा आद्यया सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने आद्यया की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# विश्व प्रसिद्ध खानकाह वाहिदीया का कुल शरीफ मुकम्मल

## तीन दिवसीय रोजा उर्स संपन्नः फिजूल खर्ची से बचो अपने बच्चों को दीनी तालीम पढ़ाओ

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम हरदोई।** पीर ए तरीक़त रहबरे राहे शरीयत हज़रत सुहैल मियां व रिजवान मियां की ज़ेरे सरपरस्ती में तीन दिवसीय कार्यक्रम बिलग्राम नगर के मोहल्ला सुल्हाड़ा की बड़ी मस्जिद के स्थित गिराउंड में आयोजित किया गया दूसरे दिन की शाम को 4 बजे चादरपोशी का कार्यक्रम हुआ।जिसमें मुख्य रूप से हजरत सुहैल मिया व रिजवान मिया की सरपरस्ती में बड़ी मस्जिद में ही सैय्यद मीर अब्दुल वाहिद की दरगाह पर चादरपोशी की।जिसमें बड़ी संख्या में उनके साथ उनके अनुयायी शामिल हुए।बाद नमाज़े ईशा महफ़िल ए मीलाद सजाई गई।जिसमें देश के कई राज्यों से आए हुए ओलेमा व शोहरा ए कराम तशरीफ़ लाये।जिन्होंने लोगों को हिदायत की बातें बताई और उन्हें अमल में लाने की जरूरत पर बल दिया।कुरान ए पाक की तिलावत से जलसा की शुरुआत नातिया मुशायरा से हुआ जिसमें देश भर के शोरा इकराम ने दूसरे दिन तीन रोज उर्से वाहिदी जिसमें देश भर के शोरा इकराम ने उर्स में तकरीर करने वाले मौलाना हनीफुल क़ादरी शाने आलम मसूदी बहराइच एहमादुल फ्ताह फेजाबादी मुफ्ती मसीहुद्दीन साहब मौलाना अलुद्दीन झारखंड मुफ्ती अख्तर हुसैन अलीमी बस्ती मौलाना आबिद मिसवाही गोवा मौलाना अली अहमद निजामी मुंबई कारी इकबाल बैग कानपुरी राशिद मरकजी बरेली उर्स में नात पढ़ने वाले असद इक़बाल कलकतव्वी सैफ रज़ा कानपुरी मोहम्मद अली फ़ैज़ी वाहिदी जावेद सिद्दीकी तुफैल शम्शी इज़्हार शाहजहांपुरी सहित आदि लोगो ने कलाम पढ़े मनकबत से महफिल में समा पैदा कर दिया।जलसे में दूर दराज से आये मेहमानों के लिए लंगर खाने का भी इन्तिजाम किया गया था दूर दूर से लोगों ने शिरकत की सभी लोग सम्मिलित होकर नात व मनकबत से महफिल में समा पैदा कर दिया अगली शाब ताक़रीरि के प्रोग्राम में मुल्क भर के उलमा ए इकराम ने लोगों को अमन व शांति से जीवन यापन कर स्वतंत्रता बनाएं रखने का पैगाम दिया वही दरगाह के नए सज्जादा हजरत सैयद सोहेल मियां ने लोगों में भाईचारा व साहिब उसके नक्शे कदम पर चलने का पैगाम जारी किया साथ ही रविवार के दिन में 1:40 पर मजार के कुल शरीफ का ऐलान जारी किया इस मौके पर हजारों की तादाद में कुल शरीफ में शामिल हुए व जियारत की उसके बाद तबर्रुक तकसीम किया गया इस मौके पर मेले जैसा नजारा देखने को मिला महिलाओं की संख्या थी खरीददारी करती दिखाई दी सभी प्रकार की दुकानें सजी थी दूर दराज से आए लोगो ने जमकर खरीदारी कीऔर उर्स में सज्जादानशीन सैय्यद बादशा हुसैन वास्ती क़ादरी बिलग्रामी मौजूद रहे।

# सघन मिशन इन्द्रधनुष (आईएमआई) 5.0 का तीसरा चरण शुरू

- शून्य से पाँच साल तक के 20,038 बच्चों एवं 5181 गर्भवती के टीकाकरण का लक्ष्य
- 3019 सत्र के माध्यम से लगाए जाएंगे टीके

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** सघन मिशन इन्द्रधनुष (आईएमआई) 5.0 के तीसरे चरण की शुरुआत सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल पंकज द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विभूति नगर में की गई। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शून्य से पाँच साल् तक के जो बच्चे और गर्भवती किन्हीं कारणों से नियमित टीकाकरण से छूट जाते हैं उनका टीकाकरण करने के लिये आईएमआई अभियान चलाया जाता है। नौ से शुरू हुआ यह अभियान 14 अक्टूबर तक चलेगा। आईएमआई के तीसरे चरण में शून्य से पाँच साल तक के 20,038 बच्चों एवं 5181 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाये जाने का लक्ष्य है। नियमित टीकाकरण 3019 सत्रों के माध्यम से किया जाएगा। जिला प्रतिक्षण अधिकारी डा. आर.के.सिंह ने जानकारी दी कि आईएमआई का पहला चरण अगस्त में और दूसरा चरण सितंबर में चला था। नियमित टीकाकरण के द्वारा 12 जानलेवा बीमारियों जैसे-टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिसबी, खसरा, रूबेला, जापानी इंसेफेलाइटिस, निमोनिया, डायरिया, गलघोंटू, काली खाँसी, टिटनेस से बचाव के लिए 11 टीके लगाए जाते हैं। गर्भवती को टिटनेस और वयस्क डिप्थीरिया(टीडी) का टीका लगाया जाता है।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सभी से अपील कि बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। यह घर के समीप ही लगाया जा रहा है और इसको लगवाने में कोई रुपया भी खर्च नहीं होगा। हर बच्चे को टीका नई सुई से लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि अभिभावक जब भी टीकाकरण के लिए आयें मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड अवश्य लेकर आयें और एएनएम दीदी को अवश्य दिखाएं। इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सर्विलांस मेडिकल अफिसर सौम्य देव, यूनिसेफ से संजू कश्यप, कोल्ड चेन मैनेजर हफीज खान और पीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा ।

## बरसाना में राधारानी मंदिर के रास्ते पर अतिक्रमण से श्रद्धालु आहात

**मथुरा बरसाना।** बरसाना में जयपुर मंदिर से राधारानी मंदिर तक उद्यान क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर शिकायत की गई है, जिस पर एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए कार्यवाई के आदेश किए है। क्षेत्र के उद्यान प्रभारी कुमर सिंह ने कुछ दिन पूर्व एसडीएम को शिकायत करते हुए कहा था कि जयपुर मंदिर से राधारानी के मंदिर तक के मार्ग और उद्यान की जमीन पर ढकेल, रिक्शा, खोखे , तख्त लगाकर अबैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया है। कई दुकानदार प्लास्टिक की शीट बिछाकर रास्ते में बैठ जाते हैं। इससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों को मुश्किल होती है। कई बार पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाया भी गया है, लेकिन अतिक्रमणकारीयो के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं।

# सगी बहनों की हत्या करने वाली अभियुक्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा। अपर** पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना बलरई पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही। घटना का संक्षिप्त विवरण-वादी जयवीर सिंह पाल पुत्र बारे लाल निवासी ग्राम बहादुरपुर द्वारा थाना बलरई पर सूचना दी गयी कि दिनांक 08.10.2023 को समय लगभग 06.00 बजे सांय जब वह अपने खेत पर काम कर रहा था उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी बेटी सिल्पी उम्र 07 वर्ष एवं रोशनी उम्र 05 वर्ष के गले पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई। सूचना का पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर द्वारा जोनल/जनपदीय फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बलरई पर मु0अ0सं0 25/2023 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन में एसओजी/सर्विलान्स व थाना बलरई से पुलिस टीम का गठन किया गया। गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन में एसओजी/सर्विलान्स व थाना बलरई पुलिस टीम द्वारा थाना बलरई क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर बालिकाओं की हत्या करने वाली उसकी सगी बड़ी बहन उम्र 19 वर्ष को ग्राम बहादुरपुर में उसके घर से आलाकत्ल फावड़ा सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्ताः** 01.मृतक बालिकाओं की 19 वर्षीय बड़ी बहन।

**पंजीकृत अभियोगः** 01.मुअसं 25/2023 धारा 302 भादवि थाना बलरई जनपद इटावा ।

**बरादमगीः** 1.01 आलाकत्ल फावड़ा,

**पुलिस टीमः** प्रथम टीम- निरी0 रमेश सिंह पर्यवेक्षक एसओजी/सर्विलांस, निरी0 तारिक खान प्रभारी एसओजी मय टीम, उ0नि0 श्री समित चौधरी प्रभारी सर्विलांस मय टीम। **द्वितीय टीम-** निरीक्षक अनिल मणि त्रिपाठी प्रभारी थाना बलरई मय टीम के रहे।

# व्यापारियों पर लगे झूठे मुकदमे वापस ले जिला प्रशासन

- बिना जांच के इकतरफा कार्यवाही से व्यापारियों में रोष

अवधनामा न्यूरो



**इटावा।** युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक पिलखर के पास राज रिसोर्ट होटल में आयोजित की गयी, जिसमे व्यापारीयों के हो रहे उत्पीड़न पर चर्चा हुई, तथा संघर्ष के लिए आगे की रणनीति पर मंथन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित नें कहा कि व्यापारी अर्थ व्यवस्था की रीढ़ होता है, पिछले दिनों जिले के बड़े टैक्स पेयर व्यापारी को बिना पूरी जांच किये एकतरफा शिकायत के आधार पर गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया जाना निदंनीय है, प्रशासन को उच्च अधिकारियों से जांच कराकर अविलंब मुकदमा वापिस लेना चाहिए, उन्होंने कहा कि ये हास्यास्पद है कि बड़े अधिकारियों को कपंनी एक्ट की जानकारी नहीं है और न ही उन्होंने विधिक राय लेना उचित समझा और व्यापरी अजहर फरीदी सहित चार व्यापारीयों पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है, इसकी शिकायत व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री से की गयी है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने फूड एक्ट की विसंगतियों पर बोलते हुए कहा की खाने-पीने के सभी सामान खेत से निकलकर आते हैं। खेती में डलने वाली रसायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय नहीं है सिंचाई में इस्तेमाल आने वाले भूगर्भ जल मैं भी भारी केमिकल इंबैलेंस है। सभी खाद पदार्थ फल सब्जी अनाज दाल मसाले आदि कृषि उपज पैदा करते समय खेती में अंधाधुंध कीटनाशक व रासायनिक खादों के इस्तेमाल होने के कारण प्राकृतिक रूप से अनेकों केमिकल अनियमितता होने वाली उपज में उत्पन्न हो चुकी है, जिससे खाद पदार्थो के मानक बदल गए हैं तब कृषि उपज से खाद्य पदार्थ बनाने वाला व्यापारी किस प्रकार दोषी हो सकता है।

यह सोचने का विषय है, जब तक खेत में इस्तेमाल की जाने वाली रासायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय ना किए जाएं जब तक व्यापारियों के खाद्य पदार्थों की सेंपलिंग बंद की जाए। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, वरूण राज यादव, बंटी मंसूरी, अवनीश वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, युवा महामंत्री अजीत कुमार, युवा शहर अध्यक्ष बल्लू मंसूरी, जितेंद्र दुबे, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित

**मथुरा।** निदेशक संस्कृति शिशिर ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2023-24 हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्यक्षेत्रों यथा- कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल करने वाले को उ0प्र0 गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाता है। उ0प्र0 गौरव सम्मान' के लिये नामांकन नियमावली के बिन्दु संख्या 5 (क) के अनुक्रम में संस्तुतकर्ता द्वारा संलग्न प्रारूप पर स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निदेशक, संस्कृति निदेशालय को प्रेषित किया जायेगा। निदेशक, संस्कृति निदेशालय द्वारा परीक्षणोपरान्त मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित 04 विशिष्ट व्यक्तियों को उ0प्र0 गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उ0प्र0 गौरव सम्मान हेतु दिनांक 10.11.2023 तक पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर भरकर ऑनलाइन या ऑफलाइन https://upculture.up.nic.in/hi/gauravsamman प्रस्तावित किये जा सकते हैं। पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 10.11.2023 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रस्तावित करने का कष्ट करें।

# मान्यवर कांशीराम की परिनिर्माण पर भावपूर्ण स्मरण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा बहुजन नायक मान्यवर काशीराम के 18 वे परिणिर्वाण दिवस पर ग्राम पंचायत दतिया ब्लॉक मथुरा में श्रद्धांजलि सभा एवं मान्यवर काशीराम साहब का राजनीतिक आंदोलन की दिशा दशा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी विषय पर विराट परिचर्चा आयोजित की।

परिचर्चा में सर्वप्रथम समाजसेवी बद्री प्रसाद सिंह एड एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ भगवान सिंह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम सिंह कर्दम एडवोकेट , विजेंद्र सिंह बौद्ध आदि ने संयुक्त रूप से मान्यवर साहब के राजनीतिक आंदोलन की दशा का उल्लेख किया। साथ ही मान्यवर काशीराम साहब के विचारों को आगे बड़ाकर उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया, तभी लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के साथ धोखा किया है जिसकी कीमत हिंदू मुस्लिम करने वाली भाजपा सरकार को चुकानी होगी।

अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहां की मान्यवर काशीराम ही नारी सशक्तिकरण के सच्चे हिमायती थे और अच्छे पैरोकार साबित हुए।

# राजेंद्र की पत्नी अंजू ट्यूमर ऑपरेशन के बाद हो रहीं स्वस्थ

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र भसीन की धर्मपत्नी अंजू भसीन, जो सेंट मेरी इंटर कालेज में टीचर है, पिछले सितम्बर माह से राजीव गांधी हॉस्पिटल रोहिणी नई दिल्ली में ब्रेन ट्यूमर की जटिल व मेजर सर्जरी के बाद ईश्वर की अनुकम्पा और उनके सभी शुभ चितकों की प्रार्थना और शुभकामनाओं से धीरे धीरे स्वस्थ हो रही हैं। राजेन्द्र भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रेन ट्यूमर के मेजर ऑपरेशन के बाद राजीव गांधी हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टर्स न्यूरो सर्जन डा.आईसी प्रेमसागर व फिजियो हेड डा.नवनीत सिंह की नियमित देखभाल में अंजू फिजियोथेरेपी और एक्सरसाइज कराते हुए स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। सभी धर्मों में आस्था रखने वाले समाजसेवी पत्रकार राजेन्द्र भसीन ने सभी देवी देवताओं से प्रार्थना करते हुए गुरुद्वारा श्री बंगला साहब कनाट प्लेस नई दिल्ली में मत्था टेक कर अपनी पत्नी की सलामती के लिए दुआ करते हुए अरदास



की। उन्होंने अपने परिजनों, प्रियजनों और शुभ चिंतकों समेत इटावा जनपद के पत्रकारों सुधीर मिश्र, अतुल वी.एन.चतुर्वेदी, गौरव डुडेजा, वीरेश मिश्रा, सन्तोष पाठक, शिवम श्रीवास्तव, ओम रतन कश्यप, रामनरेश यादव, महेन्द्र सिंह चौहान, रघुवीर सिंह यादव, गणेश ज्ञानार्थी, शाकिर अली, माधवेन्द्र शर्मा, अखिल सक्सैना सोम यादव, गुलशन भाटी, चिकित्सक डा.डी के सिंह, डा.संजीव यादव, डा.डी.के.दुबे, डा.एस.सी गुप्ता, डा.पी.के.गुप्ता, डा.बी के मिश्रा, डा.यू.सी.भटेले, डा.श्री कांत, डा.पीयूष वर्मा, शिक्षाविद डा.विवेक यादव, शिव प्रसाद यादव, फादर जोबी जोसेफ, फादर बिंसन, फादर बिबिन, सिस्टर नवीना, डा.कैलाश यादव, डा.धर्मेन्द्र शर्मा, डा.हरी नारायण चतुर्वेदी, सौरभ दुबे, सौरभ त्रिपाठी, अल्पना केसरवानी, प्रीति छाबड़ा, खुशी टंडन, आनन्द मित्तल, अर्पित पोरवाल, देवेन्द्र सक्सेना प्रो.आर. के.अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, संजीव राजपूत, पूर्व मंत्री राकेश यादव, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूनम तिवारी, गोपाल यादव, व्यापारी नेताओं सन्तोष सिंह चौहान, आलोक दीक्षित, आकाशदीप जैन, अभय टंडन, धर्मेन्द्र जैन का अंजू के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए की गई दुआओं एवं शुभकामनाओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# राजकीय शिशु व किशोर गृह के बच्चों को हुनर दिखाने का मिला मंच

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद के राजकीय संप्रेक्षण गृह शिशु एवम राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, मथुरा में ÷मेरा हुनर-मेरी पहचान÷ के 7 दिवसीय बाल मेला के समापन पर 9 अक्टुबर को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में विकास चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अधीक्षक हरीश चंद्र वर्मा व राजेश कुमार उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा माँ सरस्वती, महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बताते चलें कि माननीय किशोर न्याय समिति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद की पहल पर बाल एवं संप्रेक्षण गृह के बच्चों के बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक, व्यावसायिक एवं कौशल विकास के लिए मथुरा में जून से कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। उक्त समिति के पायलट प्रोजेक्ट के अनुक्रम में इस प्रकार के कार्यक्रम रिहर्सल दिनांक 2 से 8 अक्टुबर तक किया गया था।

सर्वप्रथम राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में निवासित किशोरों द्वारा देशभक्ति पर आधारित कविताएं व गाने के साथ साथ गौतम बुद्ध के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से शांति का संदेश दिया तथा भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। तदोपरांत राजकीय संप्रेक्षण गृह (शिशु) में निवासित शिशुओं/ बालको द्वारा कविताएं, देशभक्ति गानों पर नृत्य किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सचिव श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा कहा कि गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम सब में गांधी भी है और शास्त्री भी हैं। हमें उनके जीवन मूल्यों को अपने आप में आत्मसात करने की जरुरत है।

इसके साथ साथ इस प्रकार के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से आपके अंदर छुपी हुई प्रतिभा बाहर निकल कर आती है। यदि सभी किशोरों द्वारा अपनी ऊर्जा का उपयोग सही दिशा में आगे बढ़ने हेतु किया जाता है तो निश्चित ही आपका भविष्य उज्जल हो सकता है। कार्यक्रम के समापन के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा की सचिव श्रीमती नीरू शर्मा एवम जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा द्वारा प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो बच्चों को पुरस्कार के साथ साथ चॉकलेट, टॉफीया वितरित किए गए।

# सीएमओ ने सघन मिशन इंद्र धनुष का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिले में सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तीसरे चरण की शुरुआत हो गई है। छूटे बच्चों और गर्भवती के टीकाकरण के लिए तीन चरणों में चलाए जाने वाले अभियान के तीसरे चरण में लक्ष्मी नगर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सदर स्थित सत्र स्थल पर अभियान का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष- 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। पहला चरण सात से 12 अगस्त तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर तक सफलतापूर्वक चले और अब तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा। मिशन इंद्र धनुष के दौरान 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईएमआई- 5.0 को सफल बनाने के लिए शून्य से पांच वर्ष तक के नियमित टीकाकरण से छूटे हुए लक्षित बच्चे को नजदीकी सत्र स्थल पर ले जाकर टीकाकरण से टीकाकरण से आच्छादित करने की अपील की है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अधिशासी अधिकारियों की बैठक




**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उपजिलाधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा की सभी एमआरएफ केन्द्रों को जल्द सक्रिय किया। बदलते मौसम के दृष्टिगत नगर पालिकाओं में फॉगिंग कार्य कराया जाए। नगर पालिका की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। कान्हा गोशालाओं में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए। भूसा चारा दाना आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। ठंड से बचाव के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी जाएं। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों का सभी बिंदुओं पर संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी नगर निकायों में राशन की मॉडल शॉप का निर्माण कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश



**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा कोतवाली शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले संवेदीनशील स्थानों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों, दुकानदारों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से शांति/सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## सोनम ने जिले में प्रथम स्थान किया प्राप्त



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** राज्य विधिक् सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरुकता अभियान के अंतर्गत 2 अक्तूबर गाँधी जी की जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों मे कला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था।जिसमें विकास खण्ड जसवंतनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट)के वाला की छात्रा कु.सोनम यादव ने जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया।इस अवसर पर आज जिला जज जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विजेता बच्चो को पुरस्कृत किया गया जिससे विद्यालय परिवार एवं अलकेश सकलेचा खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवंत नगर की तरफ़ से सोनम यादव को शुभकामनाएं प्रेषित की गई गांव में भी बिटिया के परिवार वाले अत्यधिक उत्साहित थे। इस अवसर पर राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक हरी कुमार अरबिंद कुमार राजेश कुमार ज्योति यादव पूजा दोहरे शिवनारायण रेनू यादव आदि ने शुभकामनाएं एव बधाई दी।

## प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय खो-खो ट्रायल आयोजित किए गए



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** विकास खंड बसरेहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कृपाल पुर में ब्लॉक स्तरीय खो-खो ट्रायल आयोजित किए गए।कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जन्म सिंह ने माता सरस्वती के चित्र पर दीप जला एवं माल्यार्पण कर किया।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों का न सिर्फ शारीरिक विकास करते हैं बल्कि टीम भावना तथा संघर्ष की क्षमता बढ़ाते हुए नेतृत्व के गुणों का विकास करते है।ट्रायल में विकास खंड बसरेहर के सभी संकुलों से विद्यार्थी गण आए जिनका परिचय मुख्य अतिथि द्वारा प्राप्त किया गया। ब्लॉक पी टी आई अर्चना चौधरी के नेतृत्व में क्रीड़ा अनुदेशक राहुल शाक्य, रणधीर सिंह, जितेंद्र सिंह, ज्योत्स्ना सिंह, प्रियंका, रूपा यादव ने ट्रायल संपन्न कराया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक दाताराम, जयनारायण, एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**मथुरा।** अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन जितेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि वर्ष-2023-24 के लिए गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन हेतु आवेदनकर्ता भारत का मूल नागरिक हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्य तथा निवास करता रहा हों, मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो, गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो।

# प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को एशियाई खेलों के भारतीय दल से मिलेंगे



मोदी हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेकर लौटे भारतीय दल से मंगलवार को अपराह्न 4.30 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मुलाकात करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेकर लौटे भारतीय दल से मंगलवार को अपराह्न 4 . 30 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

भारत ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण समेत रिकॉर्ड 107 पदक जीते और वह चौथे स्थान पर रहा। एशियाई खेलों में यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री इस मौके पर खिलाड़ियों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिये बधाई देने के साथ ही भविष्य के लिये शुभकामनायें भी देंगे।

पीएमओ ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय दल में शामिल सभी खिलाड़ी, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि और खेल मंत्रालय के अधिकारी भाग लेंगे।

# एशियन गेंम्स में इस बार भारत ने हासिल किए 107 मेडल

**सफर**

**एशियन गेम्स में भारत ने शानदार समापन किया है। एशियन गेम्स 2023 के साथ ही भारतीय टीम का सफर भी अब खत्म हो गया है।**




इनमें से कई खिलाड़ी पहली बार बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। रैंकिंग के लिहाज से भी महाद्वीप में भारत का कद कई पायदान ऊपर बढ़ गया। पदक तालिका में चौथा स्थान 1951 और 1962 में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान के बाद भारत का सर्वकालिक तीसरा सर्वश्रेष्ठ है।

एशियन गेम्स में भारत ने शानदार समापन किया है। एशियन गेम्स 2023 के साथ ही भारतीय टीम का सफर भी अब खत्म हो गया है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। हांगझोउ एशियाई खेलों में 107 पदकों के रिकॉर्ड के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने देश के खेल इतिहास में एक शानदार अध्याय लिखने के साथ ही अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीदें जगा दी हैं।

भारत ने एशियाई खेलों में लगभग 660 खिलाड़ियों के दल को भेजा था। भारतीय दल ने इन खेलों में रिकॉर्ड 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीते। कुल पदकों की संख्या 2018 में हुए जकार्ता खेलों की तुलना में 37 अधिक है। भारतीय खिलाड़ियों ने निशानेबाजी और तीरंदाजी जैसी कुछ स्पर्धाओं में अपनी उम्मीदों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारत इन खेलों की पदक तालिका में चीन, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद चौथे स्थान पर रहा जो कि खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

इनमें से कई खिलाड़ी पहली बार बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। रैंकिंग के लिहाज से भी महाद्वीप में भारत का कद कई पायदान ऊपर बढ़ गया।

पदक तालिका में चौथा स्थान 1951 और 1962 में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान के बाद भारत का सर्वकालिक तीसरा सर्वश्रेष्ठ है। भारत 2018 जकार्ता खेलों की तालिका में आठवें स्थान पर था। यहां की ऐतिहासिक सफलता ओलंपिक की मेजबानी को लेकर भारत की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा दे सकती है।

# स्वियातेक ने चीन ओपन का खिताब जीता कोर्डा ने शंघाई में मेदवेदेव को हराया



सेबेस्टियन कोर्डा ने तीसरी रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव को 7-6 (8), 6-2 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। तेइस साल के कोर्डा ने तीन सेट प्वाइंट बचाकर पहले सेट के रोमांचक टाईब्रेक में जीत हासिल की। दूसरी रैंकिंग पर काबिज इगा स्वियातेक ने रविवार को ल्यूडमिला सेमसोनोव पर 6-2, 6-2 की जीत के साथ चाइना ओपन टेनिस का खिताब अपने नाम किया। स्वियातेक का यह सत्र का पांचवां खिताब है। उन्होंने मौजूदा सत्र में इससे पहले फ्रेंच ओपन के साथ दोहा, स्टटगार्ट और वारसॉ में खिताब अपने नाम किये है। स्वियातेक ने 69 मिनट तक चले मैच में 22वीं रैंकिंग की खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। सेबेस्टियन कोर्डा ने तीसरी रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव को 7-6 (8), 6-2 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। तेइस साल के कोर्डा ने तीन सेट प्वाइंट बचाकर पहले सेट के रोमांचक टाईब्रेक में जीत हासिल की। उन्होंने दूसरा सेट आसानी से जीतकर उलटफेर किया। कोर्डा का अगला मुकाबला फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जिन्होंने मार्टन फुकसोविक्स को 3-6, 6-4, 7-5 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने चीन ओपन फाइनल में जीत के बाद 25वीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन बाएज को 6-3, 3-6, 6-2 से हराया।

# क्रिकेट की दीवानगी तो देखिए! वर्ल्ड कप देखने के लिए बेच डाला था घर, 73 साल के मशहूर फैन की दिलचस्प कहानी



क्रिकेट का खेल सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में काफी मशहूर है। 22 गज की पिच पर होने वाले रोमांचक मैच को देखने के लिए क्रिकेट फैन्स किसी भी हद तक गुजरने को तैयार रहते हैं। सचिन तेंदुलकर के जबरा फैन सुधीर कुमार चौधरी की कहानी तो आप सभी ने सुनी होगी, जो शरीर पर तिरंगा बनवाकर भारतीय टीम को चीयर करने पहुंचते हैं। हालांकि, आज आपको भारत नहीं, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट के एक नायाब फैन की दिलचस्प स्टोरी बताने वाले हैं। 73 साल के इस फैन ने साल 1999 में खेले गए वर्ल्ड कप को देखने के लिए अपना घर तक बेच डाला था।

हम बात पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सबसे चहिते फैन और चाचा क्रिकेट के नाम से मशहूर चौधरी अब्दुल जलील की कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो चाचा क्रिकेट लगभग 500 से ज्यादा इंटरनेशनल मैचों में पाकिस्तान टीम को चीयर करने पहुंचे हैं। दुनिया के हर कोने और लगभग हर स्टेडियम में बैठकर अब्दुल जलील ने अपनी टीम का हौसला बढ़ाया है।

अब्दुल जलील ने पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट मैच साल लाहौर में 1969 में देखा था। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेले गए इस मुकाबले के समय पर चाचा क्रिकेट की उम्र सिर्फ 19 साल थी। बस यहीं से उनको क्रिकेट का चस्का लग गया था। उन्होंने साल 1973 से लेकर 1996 तक अबु धाबी के एक पंपिंग स्टेशन में काम किया। हालांकि, 1986 में शारजाह में खेले गए एशिया कप में पहली बार चाचा क्रिकेट वर्ल्ड क्रिकेट में सुर्खियों में आए।

साल 1986 में शारजाह में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में जावेद मियांदाद के सिक्स ने चाचा क्रिकेट को पॉपुलर किया। मियांदाद के बल्ले से निकला सिक्स स्टैंड में उसी तरफ जाकर गिरा, जहां चाचा क्रिकेट बैठे हुए थे। इसके बाद अपने नारे और मजाक करने के स्टाइल ने अब्दुल जलील को वर्ल्ड क्रिकेट में एक नई पहचान दिला दी। कुछ ही सालों में वह चाचा क्रिकेट के नाम से बेहद मशहूर भी हो गए।

चाचा क्रिकेट ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने 1999 का वर्ल्ड कप देखने के लिए अपना घर तक बेच डाला था। अब्दुल जलील का कहना था कि वकार अहमद के 1998 में पीसीबी चीफ बनने के बाद उनको इंग्लैंड जाने का वीजा देने से मना कर दिया गया था। इसके बाद उनको इंग्लैंड की ऐंबेसी से संपर्क करने पर वीजा के लिए मंजूरी मिल सकी थी। चाचा क्रिकेट इंग्लैंड ऐंबेसी उस समय तक देखे सभी इंटरनेशनल मैचों की तस्वीरें लेकर पहुंचे थे। हालांकि, पैसा की व्यवस्था ना होने की वजह से उनको सियालकोट में मौजूद अपना घर 15 लाख में बेचना पड़ा था। चाचा क्रिकेट के अनुसार, पहले वह मैच देखने के लिए जाने से लेकर टिकट तक का खर्च खुद ही उठाया करते थे, लेकिन वर्ल्ड क्रिकेट में पॉपुलर होने के बाद अब उनको कंपनियों की तरफ से स्पॉन्सरशिप भी मिलती है।

# प्रो कबड्डी लीग 2023 नीलामी की तारीख, समय, लाइव स्ट्रीमिंग और रिटेल खिलाड़ियों की पूरी डिटेल




प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 की नीलामी मुंबई में 9-10 अक्टूबर 2023 को होगी। नीलामी में लीग की सभी 12 टीमें 500 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। जहां हर टीम के पर्स में 5 करोड़ रुपये हैं जो पीकेएल नीलामी के पर्स बैलेंस में तीन सीजन के बाद बढ़ोतरी हुई है। बता दें कि, प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 को लेकर अच्छी खबर है कि इस बार ऑक्शन के लिए सभी टीम के पर्स को भारी किया गया है। यानी पैसा 4.4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। ये बदलाव तीन सीजन के बाद आया है।

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की बोली 9 और 10 अक्टूबर को मुंबई में रात 8.15 बजे से शुरू होगी।

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आप अपने घर पर आराम से बैठकर देख सकते हैं। लाइव स्ट्रीमिंग आप डिज्नी हॉटस्टार में देख सकते हैं। इसके अलावा आप स्टार स्पोर्ट्स-2 और स्टार स्पोर्ट्स फर्स्ट पर भी नीलामी को लाइव देख सकते हैं। इसके अलावा प्रो कबड्डी के आधिकारिक वेबसाइट पर भी आपको ऑक्शन से जुड़ी जानकारी मिलती रहेगी।

प्रो कबड्डी लीग सीज 10 के लिए नीलामी में सभी 12 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें गुजरात जायंट्स, तेलुगु टाइटंस, बंगाल वॉरियर्स, बेंगलुरु बुल्स, यू मुंबा, तमिल थलाइवाज, यूपी योद्धा, हरियाणा स्टीलर्स, दबंग दिल्ली केसी, पटना पाइरेट्स, पुनेरी पल्टन और जयपुर पिंक पैंथर्स शामिल हैं। खिलाड़ियों की नीलामी में घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को चार कैटेगरी में बांटा जाएगा। कैटेगरी-ए, कैटेगरी-बी,

***कैटेगरी-सी और कैटेगरी-डी कैटेगरी और बेस प्राइस***

कैटेगरी-ए के लिए बेस प्राइस 30 लाख रुपये रखा गया है।

कैटेगरी-बी के लिए बेस प्राइस 20 लाख रुपये रखा गया है।

कैटेगरी-सी के लिए बेस प्राइस 13 लाख रुपये रखा गया है।

कैटेगरी-डी के लिए बेस प्राइस 9 लाख रुपये रखा गया है।

नीलामी के लिए किस टीम के पर्स में कितना शेष रुपया

बंगाल वॉरियर्स- 4.23 करोड़ रुपये पर्स में शेष

पुनेरी पलटन- 2.81 करोड़ रुपये पर्स में शेष

दबंग दिल्ली केसी- 3.13 करोड़ रुपये पर्स में शेष

हरियाणा स्टीलर्स- 3.13 कोरड़ रुपये पर्स में शेष

जयपुर पिंक पैंथर्स- 97 लाख रुपये पर्स में शेष

तमिल थलाइवाज- 2.44 करोड़ रुपये पर्स में शेष

बेंगलुरु बुल्स- 2.99 करोड़ रुपये पर्स में शेष

पटना पाइरेट्स- 3.10 करोड़ रुपये पर्स में शेष

यूपी योद्धा- 2.06 करोड़ रुपये पर्स में शेष

गुजरात जायंट्स- 4.03 करोड़ रुपये पर्स में शेष

तेलुगु टाइटंस- 3.44 करोड़ रुपये पर्स में शेष

यू मुंबा- 2.69 करोड़ रुपये पर्स में शेष

# तो ये हैं सलमान खान की मिस्ट्री गर्ल चेहरा रिवील कर भाईजान ने कहा जीन में ही प्यार और केयर है



हाल ही में अभिनेता सलमान खान ने सोशल मीडिया पर एक मिस्ट्री गर्ल के साथ तस्वीर शेयर की थी। फैंस ये जानने के लिए बेताब थे कि आखिर सलमान के साथ मौजूद वह लड़की कौन है। खैर अब सलमान ने मिस्ट्री गर्ल का चेहरा रिवील कर दिया है। आइए आपको दिखाते हैं एक्टर का लेटेस्ट पोस्ट।

बॉलीवुड के मोस्ट एलिजबल बैचलर सलमान खान की शादी फिल्मी गलियारों में सबसे हॉट टॉपिक है। हर कोई भाईजान को शादी के बंधन में बंधते हुए देखना चाहता है। इस बीच बीते दिन एक्टर ने एक ऐसी तस्वीर शेयर कर दी, जिसके बाद लोगों को लगने लगा कि दबंग खान को उनकी हमसफर मिल गई है।

सलमान खान ने 8 अक्टूबर 2023 को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लड़की के साथ तस्वीर शेयर की थी। फोटो में टाइगर मिस्ट्री गर्ल के साथ साइड हग करते हुए पोज देते नजर आए थे। इस दौरान सलमान का तो चेहरा दिख रहा था, लेकिन मिस्ट्री गर्ल ने बैक साइड से फोटो खिंचवाई थी, जिसके चलते उनका चेहरा नहीं दिखाई दिया।

सलमान खान के साथ मिस्ट्री गर्ल की ये फोटो मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लोग ये जानने के लिए बेताब थे कि आखिर वह कौन हैं। कुछ लोगों ने तो यहां तक मान लिया था कि वह सलमान की गर्लफ्रेंड हैं। हालांकि, ऐसा कुछ भी नहीं है।

सलमान खान ने लेटेस्ट तस्वीर शेयर करते हुए खुलासा कर दिया है कि वह मिस्ट्री गर्ल उनकी गर्लफ्रेंड नहीं बल्कि उनकी भांजी अलिजेह अग्निहोत्री हैं। सल्लू मियां ने अपनी भांजी के साथ फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। एक फोटो में अलिजेह अपने मामू को पीछे से हग करती दिख रही हैं तो वहीं दूसरी तस्वीर में वह सलमान को देखकर स्माइल कर रही हैं।

मामा-भांजी की इन दिल छू लेने वाली तस्वीरों को शेयर करते हुए सलमान खान ने कैप्शन में लिखा, जीन में है प्यार और केयर। हम वैसे ही हैं, जैसे हम हैं। बता दें कि सलमान खान के क्लोदिंग ब्रांड बींग ह्यूमन के वुमन कलेक्शन का चेहरा अलिजेह बन गई हैं। अलिजेह अग्निहोत्री आगामी फिल्म फर्रे से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। ये मूवी इसी साल 24 नवंबर को रिलीज होगी।

# बिग बॉस 17 में जैद हदीद की एक्स गर्लफ्रेंड होंगी शामिल! आकांक्षा पुरी को लेकर पहले ही बटोर चुकी हैं चर्चा

सलमान खान का शो बिग बॉस 17 कुछ दिनों में शुरू होने वाला है। शो के प्रोमो पहले ही सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस बीच अब एक और पॉपुलर सेलेब के शामिल होने की खबर आई है।

बिग बॉस 17 के लिए अब तक टीवी और बॉलीवुड के कई चर्चित चेहरों के नामों की चर्चा हो रही है। इस बीच अब जानकारी आई है कि बिग बॉस 17 में फिरोजा खान (खानजादी) भी शामिल होने वाली हैं। ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार खानजादी का नाम सलमान खान के शो के लिए कन्फर्म हो गया है।

फिरोजा खान, बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विवादित कंटेस्टेंट जैद हदीद की वजह से भी जानी जाती हैं। दरअसल, फिरोजा खान कई बार जैद हदीद के साथ नजर आ चुकी हैं और दोनों के रिलेशनशिप की भी चर्चा रही है। हालांकि, बीच में उनके ब्रेकअप



की खबरें भी आ चुकी है।

बिग बॉस ओटीटी 2 में जैद हदीद ने खूब चर्चाएं बटोरी थी। शो में उनके अड़ियल रवैये ने दर्शकों के बीच उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई थी। इसके अलावा आकांक्षा पुरी के साथ उनका ऑन स्क्रीन लिपलॉक भी वायरल हुआ था। जैद हदीद की बेबिका धुर्वे संग लड़ाई ने भी उन्हें खूब लाइमलाइट दिलाई थी। अब ये देखने वाली बाच होगी कि क्या उनकी एक्स गर्लफ्रेंड फिरोजा खान क्या कारनामा करती हैं।

बता दें के फिरोजा खान कुछ समय पहले आकांक्षा पुरी को लेकर भी चर्चा बटोर चुकी हैं। उन्होंने खुलेआम मीडिया के सामने आकांक्षा पुरी को धमकी दी थी कि वो उनके ब्वॉयफ्रेंड जैद हदीद से दूर रहे। बिग बॉस 17 में शामिल होने के लिए के अब तक कई सेलेब्स के नाम सामने आ चुके हैं। इनमें ऐश्वर्या शर्मा के अलावा विवियन डीसेना, ऋषभ जायसवाल, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, ईशा मालविया, अभिषेक कुमार, नील भट्ट, ऐश्वर्या शर्मा और आयशा सिंह जैसे स्टार्स के नामों की भी चर्चा हो चुकी है।

# दिसंबर में होगी रिलीज वरुण तेज, मानुषी छिल्लर अभिनीत ऑपरेशन वैलेंटाइन



इस फिल्म के साथ विज्ञापन फिल्म निर्माता और चलचित्रकार शक्ति प्रताप सिंह हाड़ा फिल्म निर्देशन में कदम रख रहे हैं। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म की तारीख की घोषणा की है।

अभिनेता वरुण तेज, मानुषी छिल्लर अभिनीत फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन आठ दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस' ने यह घोषणा की। सच्ची घटनाओं से प्रेरित आगामी फिल्म एक एक्शन थ्रिलर होगी, जो तेलुगू और हिंदी में रिलीज होगी।

इस फिल्म के साथ विज्ञापन फिल्म निर्माता और चलचित्रकार शक्ति प्रताप सिंह हाड़ा फिल्म निर्देशन में कदम रख रहे हैं। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म की तारीख की घोषणा की है।

पोस्ट में बताया गया, डरा-धमकाकर शांति सुनिश्चित करना। ऑपरेशन वैलेंटाइन स्काई हाई रिवील। फिल्म के निर्माता सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनासियांस पिक्चर्स के संदीप मुड्डा हैं जबकि सह-निर्माता नंदकुमार अबिनेनी और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट हैं।

# दुनिया को बदलने आ रहा है गणपत, ट्रेलर रिलीज से पहले सामने आया टाइगर और कृति का नया लुक

टाइगर श्रॉफ की गिनती बॉलीवुड के उन एक्टर्स में होती है जो कमाल का एक्शन सीन करते हैं। अपनी इस कला को टाइगर हर फिल्म में दिखाने का प्रयास करते हैं। कृति सेनन के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म गणपत में भी कुछ ऐसा ही होते देखने को मिलने वाला है। फिल्म से टाइगर श्रॉफ का नया लुक सामने आया है।

टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्म गणपत ए हीरो इज बॉर्न के ट्रेलर को देखने के लिए बेताब बैठे हैं। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में एक बार फिर इन हीरोपंती स्टार्स का रोमांस और सिजलिंग केमेस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म के धांसू पोस्टर और टीजर कुछ दिन पहले ही रिलीज कर दिए गए, जिसके बाा मेकर्स ने टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की नई इमेज शेयर की है। गणपत का ट्रेलर एक्सक्लूजिवली व्हाट्सऐप चैनल पर लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद



मेकर्स इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर करेंगे। फिल्म का ट्रेलर अनोखे अंदाज में रिलीज किया जाएगा, जिसमें सबसे पहले टाइगर और कृति की झलक उन्हें दिखाई जाएगी, जो उनके चैनल से जुड़े हैं। मगर इससे पहले मेकर्स ने टाइगर और कृति की एक ऐसी इमेज शेयर की है, जिसमें जाबांज अंदाज के साथ ही आंखों में गुस्सा और पैशन दोनों नजर आ रहा है। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म गणपत में टाइगर श्रॉफ और कृति के साथ अमिताभ बच्चन भी होंगे। फिल्म से टाइगर का नया लुक कुछ ऐसा है, जिसमें वह बॉक्सिंग मैच की ड्रेस पहने नजर आ रहे हैं। पहले जारी किए पोस्टर में भी टाइगर को बॉक्सिंग मैच के बैकग्राउंड में दिखाया गया था, जिससे साफ है कि फिल्म की कहानी में बॉक्सिंग को बड़े पैमाने पर दिखाया जाएगा।

गणपत फिल्म के प्रोड्यूसर वासु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल हैं। फिल्म 20 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा।

# पहले से भी ज्यादा होगा सस्पेंस, दुरंगा 2 का धांसू टीजर जारी, विलेन बनकर छाए अमित साध

साल 2022 में रिलीज हुई दुरंगा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक रही। इस सस्पेंस क्राइम थ्रिलर सीरीज को काफी पसंद किया गया था। तब से इसके दूसरे सीजन का इंतजार किया जा रहा था। आखिरकार, दूसरा सीजन ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है और धमाकेदार टीजर ने फैंस के बीच बज क्रिएट कर दिया है। हाल ही में, दुरंगा सीजन 2 का ऑफिशियल टीजर रिलीज किया गया। टीजर इतना दमदार है कि फैंस इसका इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। टीजर का सबसे बड़ा हाइलाइट अमित साध हैं, जिनकी शानदार झलक भर ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है।

टीजर की शुरुआत सारंगवाड़ी हत्यारा से होती है। दृष्टि धामी किलर को ढूंढने के लिए जी जान लगाती दिखाई देगी। वहीं, सम्मित पटेल यानी गुलशन देवैया पहचान बदलकर अपनी फैमिली के साथ नई शुरुआत करने की कोशिश करता है। वहीं, 14 साल से कोमा में अमित साध से जुड़ा सम्मित का एक पास्ट है, जो मन ही मन उसे डरा रहा है। उसे डर है कि अगर अमित साध उठा तो सम्मित और उसका परिवार का क्या होगा। इसके बाद होती है अमित साध की एंट्री, जो सम्मित (गुलशन) की जिंदगी दूभर कर देगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि अमित साध से सम्मित खुद को और फैमिली को कैसे बचाता है।

दुरंगा सीजन 2 को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं। अभी तक रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है। सीरीज में दृष्टि, अमित और गुलशन के अलावा अभिजीत खांडेकर, दिव्या सेठ, हेरा मिश्रा, राजेश खट्टर, जाकिर हुसैन, बरखा सेनगुप्ता, निवेदिता सराफ, संजय गुरबक्सानी, श्रीनिवास प्रसाद किरण, और स्पर्श वालिया जैसे सितारे अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे।

# बैठक में कांग्रेस का चुनावी मंथन

## पांच राज्यों में जीतने के लिए लगानी होगी पूरी ताकतः खरगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एआईसीसी के कार्यालय में कांग्रेस के कार्य समिति की अहम बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से समन्वय, अनुशासन और एकता के साथ काम करने और पांच राज्यों में चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगाने को कहा। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए, उन्होंने एक बार फिर एससी, एसटी और ओबीसी को उनकी आबादी के अनुसार सामाजिक न्याय और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए देशव्यापी जाति जनगणना कराने की मांग उठाई। खरगे ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं में उचित हिस्सेदारी के लिए, समाज के कमजोर वर्गों की स्थिति पर सामाजिक-आर्थिक डेटा होना और उनके लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता में आई तो, महिला आरक्षण लागू करेगी। पार्टी नेताओं से सरकार की विफलताओं को उजागर करने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए कहते हुए, उन्होंने कहा कि उन्हें सत्तारूढ़ भाजपा के झूठे प्रचार का तुरंत मुकाबला करना चाहिए, क्योंकि चुनाव नजदीक आने पर ऐसे झूठ बढ़ जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, मणिपुर में प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति चुनाव वाले राज्यों में उनकी लगातार यात्राओं के बिल्कुल विपरीत है। कांग्रेस पार्टी पर झूठ और झूठ से भरे उनके आधारहीन हमले आने वाले दिनों में बढ़ जाएंगे। यह जरूरी है कि हम इन झूठों का मुकाबला अपने बयानों के जरिए करें। खरगे ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, एमपी, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए एक प्रभावी रणनीति की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। बैठक में उन्होंने कहा, जैसा कि हम आगामी विधानसभा चुनावों और आम चुनावों के करीब हैं, यह महत्वपूर्ण है कि पार्टी सावधानीपूर्वक समन्वय और पूर्ण अनुशासन और एकता के साथ काम करे। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ÷आज हमारा देश महंगाई, बेरोजगारी और पुरानी पेंशन योजना को लागू करने में सरकार की विफलता का सामना कर रहा है। सत्तारूढ़ दल की विभाजनकारी रणनीति और स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग लोकतांत्रिक स्थिरता के लिए खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 में, हमें एक ऐसी सरकार स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए, जो देश के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान करे और हाशिए पर रहने वाले युवाओं, महिलाओं, किसानों और मजदूरों की जरूरतों को पूरा करे। उन्होंने कहा, इसके साथ ही, हमें लोगों की आवाज के प्रति सचेत रहते हुए महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करना चाहिए। खरगे ने कहा, ÷हमें कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों और पिछली कांग्रेस सरकारों के अनुकरणीय कार्यों का प्रचार करना चाहिए।

**रणनीति**

**सत्तारूढ़ दल की विभाजनकारी रणनीति और स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग लोकतांत्रिक स्थिरता के लिए खतरा है।**



## बिलकिस बानो के दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर 11 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (9 अक्टूबर) को बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म और 2002 के गुजरात दंगों के दौरान उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों की समयपूर्व रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 11 अक्टूबर को करेगा। जस्टिस बी वी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि हम बुधवार (11 अक्टूबर) को सुनवाई करेंगे और कोशिश करेंगे कि उसी दिन मामले की सुनवाई समाप्त हो जाए। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हमारे पास याचिकाकर्ताओं की लिखित दलीलें मिली हैं जिन्हें रिकॉर्ड पर ले लिया गया है पीठ ने कहा, ÷केस को 11 अक्टूबर 2023 को दोपहर 2 बजे सूचीबद्ध करें।÷ पीठ को दोषियों की समयपूर्व रिहाई का विरोध करने वालों की प्रत्युत्तर प्रस्तुतियां सुनने के लिए निर्धारित किया गया था। पीठ ने 6 अक्टूबर को बिलकिस बानो सहित याचिकाकर्ताओं के वकीलों से अपनी संक्षिप्त लिखित जवाब में दलीलें दाखिल करने को कहा था। इससे पहले 20 सितंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूछा था कि क्या दोषियों के पास माफी मांगने का मौलिक अधिकार है। पीठ ने कोर्ट में 11 दोषियों की तरफ से मौजूद एक वकील से पूछा, ÷क्या माफी मांगने का अधिकार मौलिक अधिकार है? क्या कोई याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 (जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर सीधे शीर्ष कोर्ट में जाने के अधिकार से संबंधित है) के तहत होगी।÷ वकील ने स्वीकार किया था कि माफी मांगना वास्तव में दोषियों का मौलिक अधिकार नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि पीड़ित और अन्य को भी अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर करके सीधे सुप्रीम कोर्ट में जाने का अधिकार नहीं है क्योंकि उनके किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं किया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि पीड़ितों के पास अनुदान को चुनौती देने के लिए अन्य वैधानिक अधिकार हैं। छूट.

वहीं, 17 अगस्त को दलीलें सुनते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकारों को दोषियों को छूट देने में चयनात्मक नहीं होना चाहिए और सुधार और समाज के साथ फिर से जुड़ने का अवसर हर कैदी को मिलना चाहिए।



## सिक्किम जल प्रलय में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई, 105 लोग अब भी लापता

**गंगटोक।** सिक्किम के ल्होनक ग्लेशियर में 3 अक्टूबर को बादल फट गया। अचानक बादल फटने के कारण झील का एक किनारा टूट गया, जिससे तीस्ता में जल स्तर बढ़ गया और राज्य के कई इलाके जलमग्न हो गए। देखते ही देखते यह प्राकृतिक संकट आपदा का रूप ले लिया। सिक्किम के इस जल प्रलय में कई लोगों की जान गई है कई लोग अब भी लापता चल रहे हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) की 9 अक्टूबर की सुबह 10:00 बजे की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों की संख्या 34 दर्ज की गई थी। इसमें आगे कहा गया है कि 105 लापता बताए गए हैं। वहीं 8 अक्टूबर को कुल 33 लोगों की मौत और 105 लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी। भारतीय सेना के अनुसार, इससे पहले आज, सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा लाचेन से निकाले गए पर्यटकों के पहले बैच का मंगन जिले के रिंगिम हेलीपैड पर स्वागत किया गया। भारतीय सेना ने बाढ़ के कुछ दिनों बाद भी सिक्किम के लाचुंग में फंसे पर्यटकों को चिकित्सा देखभाल, भोजन और संचार प्रदान करके अपनी सहायता जारी रखी।




## भारत ने फलस्तीन के साथ एकजुटता के लिए डाक टिकट किया था जारीः ओवैसी

**हैदाबाद।** स्वतंत्र देश की मांग करने वाले हमास के आतंकियों के खिलाफ इजरायल की जंग जारी है। ज्यादातर पश्चिमी देश हमास के इस आतंकी हमले की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि, अरब और ज्यादातर इस्लामिक मुल्क फलस्तीन के साथ खड़े हैं। इजरायल फलस्तीन विवाद पर भले ही मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ और इजरायल के साथ खड़ी है। लेकिन, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने फलस्तीन की वकालत की है। सोमवार को हैदराबाद में उन्होंने कहा कि बीजेपी के एक दिवंगत नेता ने एक बार फिलिस्तीन के बारे में कहा था कि अरब समुदाय के लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने भाजपा नेता का नाम नहीं लिया। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने फलस्तीन के साथ एकजुटता के लिए डाक टिकट भी जारी किया था। हालांकि, भारत ने हमेशा फलस्तीन का समर्थन किया, लेकिन इसमें शिफ्ट तब आया जब कांग्रेस की सरकार थी। ओवैसी ने आगे ओस्लो समझौते को याद करते हुए कहा, ÷इस समझौते के तहत कहा गया था कि वेस्ट बैंक और गाजा में एक स्वतंत्र फलस्तीनी देश बनाया जाएगा। अब 30 साल हो गए हैं... दुनिया जानती है कि अल -अक्सा मस्जिद वहां है। गाजा पट्टी पिछले 16 वर्षों से अवरुद्ध है... यह एक खुली हवा वाली जेल है।

हमास के आतंकियों ने शनिवार (7 अक्टूबर) को भारी मात्रा में इजरायल पर हवाई हमले किए। इजरायल पर हुए हमास के रॉकेट हमले में 700 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इजरायली सेना इजरायल डिफेंस फोर्स भी लगातार गाजा में हमास के आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। युद्ध की घोषणा के बाद से इजरायली विमानों ने गाजा पट्टी के 426 ठिकानों को निशाना बनाया है। गाजा में भी 400 से अधिक लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनी उग्रवादी समूहों का दावा है कि उन्होंने इजरायली पक्ष के 130 से अधिक लोगों को बंदी बना रखा है।

**खिलाफ**

**इजरायल फलस्तीन विवाद पर भले ही मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ और इजरायल के साथ खड़ी है।**



## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से नौ लोगों की मौत, सीएम स्टालिन ने मुआवजे का किया एलान

**अरियालुर।** तमिलनाडु के पीटीआई जिले में सोमवार (9 अक्टूबर) को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई। राज्य के



मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बयान जारी करके नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही सीएम ने मृतक के परिवारों के लिए नकद राहत की घोषणा की। यह घटना अरियालुर जिले के विरागलुर गांव में स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हुई, हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सीएम स्टालिन ने कहा कि पांच घायल लोगों को तंजावुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन्हें विशेष चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। सीएम स्टालिन ने कहा कि उन्होंने बचाव और राहत गतिविधियों में तेजी लाने के लिए अपने कैबिनेट के मंत्री एसएस शिवशंकर और सीवी गणेशन को तैनात किया है। सीएम ने हर मृतक के परिवार को तीन-तीन लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल हुए लोगों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## चेतावनी का संकेत होगा रूसी परमाणु परीक्षण, ब्रिटेन की संस्था ने जताई चिंता

**लंदन।** हाल ही में रूस ने एक सफल परमाणु परीक्षण किया था और वह परमाणु परीक्षण करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। हालांकि, यह एक ऐसा कदम होगा, जो पश्चिम के साथ तेजी से तनाव बढ़ाएगा और संभवतः अन्य विश्व शक्तियों को फिर से परीक्षण शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले सप्ताह कहा था कि रूस की संसद को 1996 की व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) के मास्को के अनुसमर्थन को वापस लेने पर विचार करना चाहिए, जो परमाणु विस्फोटों से जुड़े परीक्षणों पर रोक लगाता है। संसदीय नेता सोमवार को इस मुद्दे पर चर्चा करने वाले थे। कुछ पश्चिमी सुरक्षा विश्लेषकों को अब रूसी परीक्षण की संभावना बढ़ती दिख रही है, भले ही पुतिन ने कहा कि इसका उद्देश्य केवल संयुक्त राज्य अमेरिका की स्थिति को प्रतिबिंबित करना था, जिसने संधि पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है। कार्नेगी में परमाणु नीति कार्यक्रम के सह-निदेशक जेम्स एक्टन ने कहा, अब एक रूसी परमाणु परीक्षण स्पष्ट रूप से पूरी तरह तैयार है। मुझे नहीं लगता कि यह निश्चित है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पूर्व सोवियत और रूसी राजनयिक निकोलाई सोकोव ने आगे कहा, एक रूसी परमाणु परीक्षण वास्तव में परमाणु हथियार के उपयोग की दिशा में एक बहुत ही गंभीर वृद्धि का प्रतीक होगा। सोकोव ने कहा, ÷फिलहाल मुझे परमाणु परीक्षण की संभावना नहीं दिख रही है, लेकिन स्थिति बहुत तनावपूर्ण है और इसका बढ़ना असंभव नहीं है।÷ सोकोव ने कहा, ÷किसी बिंदु पर आपको यह दिखाने की आवश्यकता हो सकती है कि आप संभवतः परमाणु हथियारों के उपयोग के बारे में बहुत गंभीर हैं। यहीं पर परमाणु भूमिगत परीक्षण एक बड़ी भूमिका निभा सकता है।÷ गौरतलब है कि रूस ने 1990 में सोवियत संघ का हिस्सा बनने के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। रूस ने साल 2000 में छ्रञ्जक्ष्ह्ल की पुष्टि की। हालांकि, यह संधि औपचारिक रूप से लागू नहीं हुई है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, भारत, पाकिस्तान और इजरायल सहित अन्य ने इसकी पुष्टि नहीं की है, इसने प्रभावी रूप से परमाणु परीक्षण को वर्जित बना दिया है। मालूम हो कि इस सदी में केवल उत्तर कोरिया ने ही परमाणु विस्फोट से जुड़ा परीक्षण किया है।

पुतिन ने पिछले हफ्ते दो परमाणु-सक्षम हथियारों, परमाणु-चालित ब्यूरवेस्टनिक क्रूज मिसाइल और सरमाट अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल पर प्रकाश डाला था, जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि रूस अब बड़े पैमाने पर उत्पादन करेगा और युद्ध ड्यूटी पर रखेगा।



## हमास के हमले के बाद इजराइल की खुफिया क्षमता पर खड़े हुए सवाल, दांव पर प्रतिष्ठा

**अवीव।** इजरायल में फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा हमले के बाद इजराइल की खुफिया क्षमता पर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, इजरायल गाजा में निगरानी ड्रोन से फिलिस्तीनियों पर लगातार नजर बनाए रखता है और उसका बॉर्डर अत्यधिक सुरक्षित माना जाता है क्योंकि देश की सीमा पर कैमरों और सुरक्षा में तैनात सैनिकों से भरी रहती है। इसके अलावा इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद दुनियाभर से गोपनीय सूचनाएं निकालने के लिए जानी जाती है। इन सबके बावजूद इजरायल को आतंकी समूह हमास के इतने भयानक हमले की सूचना पहले नहीं मिली। हमास ने इजराइली बॉर्डर पर लगे सुरक्षा घेरों को तोड़ते हुए सैकड़ों आतंकवादियों को इजरायल में दाखिल करवा दिया। यानी इजरायल की एसेंजी की चूक से इतना बड़ा हमला सामने आया है।

दरअसल, इजरायल की खुफिया एजेंसियों ने कई उपलब्धियों की वजह से दशकों से दुनियाभर में नाम कमाया है। माना जाता है कि मोसाद अपने किसी भी मिशन को उसके अंजाम तक पहुंचाती है।

लेकिन हमास के इस बड़े घुसपैठ और हमले ने इजरायल की खुफिया एजेंसियों की प्रतिष्ठा को संदेह के घेरे में डाल दिया है। हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले में लगभग 700 इजरायली नागरिक मारे गए हैं। इसके अलावा हमास ने कई दर्जन इजरायली नागरिकों को अपने कैद में रखा हुआ है। वहीं, आतंकी इजरायल में इतनी बड़ी तादात में घुसे हैं कि वो अभी इजरायली सेना से लड़ाई कर रहे हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार याकोव अमिड्रोर ने इसे एक बड़ी विफलता माना है। उन्होंने कहा, ÷यह ऑपरेशन वास्तव में साबित करता है कि गाजा में हमारी (खुफिया) क्षमताएं अच्छी नहीं थीं। वहीं, मुख्य सैन्य प्रवक्ता, रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने स्वीकार किया कि सेना को जनता से स्पष्टीकरण देना होगा, लेकिन डेनियल हैगारी ने कहा कि स्पष्टीकरण देने का अभी समय नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले हम लड़ेंगे और फिर जांच करेंगे। इजरायल के ऊपर यह हमला देश के कठिन समय में हुआ है। इजरायल के पीएम नेतन्याहू द्वारा सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने के लिए लाए गए प्रस्ताव के लिए इतिहास में सबसे बड़े विरोध का सामना कर रहे हैं, जबकि उनके ऊपर भ्रष्टाचार का केस भी चल रहा है। देश में विरोध कर रहे लोग नेतन्याहू के ऊपर पर सत्ता हथियाने का आरोप लगा रहा है।

**सुरक्षा**

**इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार याकोव अमिड्रोर ने इसे एक बड़ी विफलता माना है।**



### अफगानिस्तान तक बीआरआई का विस्तार करेगा चीन और पाकिस्तान, भारत पर क्या असर होगा?

**इस्लामाबाद।** चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का विस्तार अब अफगानिस्तान तक किया जाएगा। पाकिस्तान और चीन सीपीईसी में तीसरे पक्षों को शामिल करने पर सहमत हो गए हैं। एक शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक ने यह जानकारी दी। दरअसल, सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत इसका दृढ़ता से विरोध करता आ रहा है। सीपीईसी चीन के शिनजियांग को पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादर बंदरगाह से जोड़ेगा, जो कि पीओके से होकर गुजरता है। यह 60 अरब डॉलर की परियोजना है। बीआरआई के जरिए चीन विदेशों में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है।

## अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार क्लाउडिया गोल्डिन को मिला, श्रम बाजार के क्षेत्र में किया था कार्य

**स्टॉकहोम।** नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को प्रदान किया गया। उन्हें ये पुरस्कार महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की समझ को आगे बढ़ाने के लिए दिया गया। गोल्डिन यह पुरस्कार जीतने वाली दुनिया की तीसरी महिला हैं, जिसकी घोषणा स्टॉकहोम में रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हंस एलेग्रेन ने की। आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन ने कहा श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। क्लाउडिया गोल्डिन के अभूतपूर्व शोध के लिए धन्यवाद, अब हम अंतर्निहित कारकों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं और भविष्य में इन बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता हो सकती है। अर्थशास्त्र पुरस्कार 1968 में स्वीडन के केंद्रीय बैंक द्वारा बनाया गया था और इसे औपचारिक रूप से अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में बैंक ऑफ स्वीडन पुरस्कार के रूप में जाना जाता है।

पिछले साल के विजेता पूर्व फेडरल रिजर्व अध्यक्ष बेन बर्नानके, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप डायबविग थे जिन्होंने बैंक विफलताओं पर अपने शोध के लिए 2007-2008 के वित्तीय संकट के लिए अमेरिका की आक्रामक प्रतिक्रिया को आकार देने में मदद की थी। बता दें सम्मानित किए गए 92 अर्थशास्त्र पुरस्कार विजेताओं में से केवल दो महिलाएं हैं। एक सप्ताह पहले, हंगेरियन-अमेरिकी कैटालिन कारिको और अमेरिकी ड्रू वीसमैन ने चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार जीता था। भौतिकी पुरस्कार मंगलवार को फ्रांसीसी-स्वीडिश भौतिक विज्ञानी ऐनी एल हुइलियर, फ्रांसीसी वैज्ञानिक पियरे एगोस्टिनी और हंगरी में जन्मे फेरेंक क्रूज को दिया गया। अमेरिकी वैज्ञानिकों मौंगी बावेंडी, लुईस ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव ने बुधवार को रसायन विज्ञान पुरस्कार जीता। उनके बाद नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे थे, जिन्हें साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

वहीं शुक्रवार को जेल में बंद ईरानी कार्यकर्ता नर्गेस मोहम्मदी ने शांति पुरस्कार जीता। गौरतलब है कि पुरस्कार दिसंबर में ओस्लो और स्टॉकहोम में होने वाले पुरस्कार समारोहों में दिए जाते हैं। उन्हें 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (लगभग 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और डिप्लोमा भी मिलता है।

**पुरस्कार**

**अमेरिकी वैज्ञानिकों मौंगी बावेंडी, लुईस ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव ने बुधवार को रसायन विज्ञान पुरस्कार जीता।**




## सिफर मामले में 17 अक्टूबर को इमरान खान पर तय होंगे आरोप

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व पीएम इमरान खान को 17 अक्टूबर को सिफर मामले में आरोप तय किए जाएंगे। विशेष अदालत ने सोमवार को इसकी घोषणा की। मालूम हो कि इस मामले में सुनवाई की अध्यक्षता विशेष अदालत के न्यायाधीश अब्दुल हसनात जुल्करनैन ने की।

वहीं, रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान अभियोजक जुल्फिकार अब्बास नकवी, पूर्व पीएम इमरान खान के वकील सलमान सफदर और उनकी पार्टी के नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी और बेटा भी उपस्थित थे। मालूम हो कि 71 वर्षीय खान को पिछले साल मार्च में गोपनीय दस्तावेज के खुलासे के बाद गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। मालूम हो कि संघीय जांच एजेंसी (स्न्ढ्ढ) ने 30 सितंबर को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत में एक चार्जशीट दाखिल किया था, जिसमें इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को सिफर मामले में मुख्य आरोपी घोषित किया गया था। मालूम हो कि तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में अदालत द्वारा तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद इमरान को 5 अगस्त, 2023 को अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं, इस मामले में सजा के निलंबन के बाद सिफर मामले में उन्हें न्यायिक रिमांड पर रखा गया था। 26 सितंबर को पीटीआई नेता की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इमरान खान को अटक जिला जेल से रावलपिंडी की आदियाला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।



# पुलिस इनकाउंटर में अंतर्जनपदीय बदमाश को पैर में लगी गोली

**पुलिस संयुक्त ऑपरेशन में दो आये शिकंजे में, एक फ़रार**

**अवधनामा संवाददाता**

**खेतासराय (जौनपुर)** शाहगंज कोतवाली के बद्दोपुर पुलिया के पास बीती रात्रि बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। बदमाशों की गोली से कोतवाली प्रभारी बाल बाल बच गए। जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश को पैर में गोली लगी। स्थानीय सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक अन्य अपराधी को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। तीसरा अंधेरे का फ़ायदा उठाकर फ़रार हो गया। तीनों अंतर्जनपदीय बदमाश है वह पूर्वांचल के जनपदों में लूट समेत अन्य अपराधों में लिप्त थे। उनके पास से एक मोटरसाइकिल, असलहा व कारतूस, नक़दी और आठ एटीएम कार्ड बरामद हुआ है।

सीओ शाहगंज शुभम तोदी ने बताया कि कोतवाली पुलिस और सरपतहा पुलिस क्षेत्र के बद्दोपुर पुलिया मजडीहा मार्ग पर तलाशी अभियान चला रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो फायरिंग करने लगे। उनकी गोली से प्रभारी कोतवाली एसएचओ जय प्रकाश यादव बाल बाल बच गए। पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश को पैर गोली लग गई। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके एक अन्य साथी अपराधी को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल की पहचान अजय भारती उर्फ़ जेपी पुत्र राकेश निवासी खूमहौरा के रूप में हुई। उस पर लूट, शराब तस्करी, गैंगेस्टर समेत क़रीब दो दर्जन गम्भीर आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित ने अपना नाम दिलीप कुमार पुत्र लालजी निवासी कोहड़ा बताया। उस पर भी लूट और हत्या के प्रयास का दो मुक़दमे है। हालांकि पुलिस और बदमाशों के बीच कितनी राउण्ड में गोली चली पुलिस ने स्पष्ट नही किया। अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुआ तीसरा बदमाश की पहचान संगम यादव पुत्र तालुक दार यादव निवासी अंगूरी पोखरा थाना खुटहन है। उस पर एक दर्जन से ज़्यादा गम्भीर आपराधिक मामले पंजीकृत है। कोतवाली पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

**पूर्वांचल में आतंक के पर्याय हैं बदमाश: जेपी**

**खेतासराय (जौनपुर)** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बद्दोपुर पुलिया पर पुलिस की संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस के शिकंजे में आये दो बदमाश तथा फ़रार लुटेरों की कुंडली को खंगाली जाए तो इनका घर भले ही जिले में है। लेकिन इनका जरायम जनपद समेत भदोही, अयोध्या, वाराणसी, गाजीपुर जिलों में आतंक के पर्याय थे। लूट, टप्पेबाजी और शराब तस्करी समेत अन्य संगीन अपराध से इनका जुड़ाव रहा। पल भर में जरायम को अंजाम देते थे। घायल बदमाश अजय भारती उर्फ़ जेपी बहुत ही शातिर है। सँयुक्त कार्यवाही में प्रभारी एसएचओ जय प्रकाश यादव, एसओ सरपतहा विनोद कुमार सिंह समेत दोनों थाने की पुलिस जवान शामिल रहे।

# कांशी राम साहब का 17वां परिनिर्वाण दिवस पर बसपा ने किया नमन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** बहुजन समाज पार्टी मण्डल आजमगढ़ के तत्वाधान में बामसेफ, डीएस-4 व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशी राम साहब का 17वां परिनिर्वाण दिवस नेहरू हाल के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर व मान्यवर कांशी राम जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुआ। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद सालिम अंसारी व संचालन विनोद चौहान ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में सालिम अंसारी ने बताया कि आज जिस महापुरूष का परिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। वह हमारे हक व अधिकार के बारे में साईकिल से घूमकर कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक बताने का काम किये और प्रदेश में चार बार बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में सरकार भी बनवाये। जिसमें सबकी तरक्की व बेहतरी हुई। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. बलिराम साहब ने कहाकि आज जिस महापुरुष का परिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

# श्री लंकेश की शोभा यात्रा से शुरू होगा कटरा रामलीला का मंचन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सोमवार को श्री राम लीला कमेटी कटरा की तरफ से श्री राम परिवार का मुकुट पूजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष सुधीर केशरवानी एवं महामंत्री उमेश चन्द्र केशरवानी उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, विनोद केशरवानी, मयंक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अश्वनी केशरवानी मंत्री शिवबाबू गुप्ता, महेश चन्द्र गुप्ता, विपुल मित्तल, पार्षद आनंद ढिलडियाल, आनंद आनंद प्रकाश पांडेय, अरुण अग्रवाल, संतोष गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौरसिया ने पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमोद शाहू, लाल जी केशवानी, विकास गुप्ता, नितिन केशरवानी, देवमूर्ति दिवेदी, राजन गुप्ता, बच्चा पाल, मोहित जायसवाल, शेखर, श्याम बाबू आदि उपस्थित रहे। कमेटी के उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि 10 अक्टूबर दिन मंगलवार को शाम को 6:00 बजे रावण की शोभायात्रा आनन्द भवन स्थित भरद्वाज मुनि आश्रम से शुरू होकर पूरे कटरा क्षेत्र में भ्रमण करेगी। इस वर्ष कमेटी द्वारा निर्मित चांदी की भव्य चौकी और दूसरे प्रान्तों से आने वाले बैंड, और चौकियां शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# भारत विकास परिषद 'शौर्य' के तत्वावधान में समूह गान प्रतियोगिता आयोजित

**बीआरपी, महावीर और डीबीएस ने जीते पुरस्कार**

**भारत विकास परिषद शौर्य के कार्य अत्यन्त सराहनीयः डीके सिंह**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय के नेतृत्व में तथा रतन शर्मा भाविका बेकर्स के सहयोग से एक भव्य समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर हाल में किया गया। इस प्रतियोगिता में डीबीएस इंटर कॉलेज, ऋषिकुल अकैडमी, एसबीएस पब्लिक स्कूल, एलाफ्ट डेल सेनियर स्कूल, महावीर कॉन्वेन्ट स्कूल, सरस्वती बाल मन्दिर, बीआरपी इंटर कॉलेज, सर्वोदय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आयुक्त चित्रकूट और पूर्व जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश कुमार सिंह रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ठ अतिथि पुलिस उपाधीक्षक सदर श्री एसपी उपाध्याय द्वारा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर तथा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके पश्चात महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव द्वारा वन्दे मातरम गीत गाया गया। अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय ने अपने उद्बोधन में समूह गान के विषय में बताया तथा शौर्य शाखा द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यक्रमों के विषय मे चर्चा की। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने कहा कि शौर्य शाखा के गठन में 70 सदस्यों का एक साथ शपथ ग्रहण एक ऐतिहासिक काम है। उपस्थित लोगों से भी निवेदन किया कि समाज के प्रति जागरूक रहें और कहा कि गरीबों की मदद करके प्राप्त आत्मसंतोष से बड़ा कोई धन नहीं है। प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख राजेश सोनी, जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव तथा प्रकल्प प्रमुख सुजीत यादव ने डा. संदीप को बधाई देते हुए उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित पं. सूर्य प्रकाश मिश्र, डा. सोनाली विश्नोई तथा डा. प्रीती उपाध्याय ने प्रतिस्पर्धा के पश्चात निर्णय घोषित किया। जिसमें बीआरपी इंटर कॉलेज को प्रथम, महावीर कॉन्वेंट को द्वितीय, डीबीएस इंटर कॉलेज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह तथा अध्यक्ष द्वारा सभी विजय छात्रों को शील्ड और प्रतिभाग करने वाले छात्रों को प्रशस्ति-पत्र दिया गया। कार्यक्रम में संगीत अध्यापक जुबेर खान, मंजू देवी, प्रीती, रवी पांडेय तथा पूर्व अध्यक्ष अवधेश गिरी, अतुल जायसवाल, पंकज सिंह, जनार्दन पांडे, जयशंकर सिंह, आनंद स्थाना, चंद्रशेखर निषाद, संदीप चौधरी, सावित्री सिंह, आनन्द सिंह, मीरा अग्रहरि, मीनू श्रीवास्तव, राजेश, प्रमोद माली, प्रशांत सिंह, सुनील सिंह, अम्बरेश पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय तथा ज्योति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम संयोजक रतन शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**जौनपुर (शाहगंज)** क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर रविवार की देर रात को हुए सडक दूर्घटना में दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर रोड स्थित बरदहिया बाजार समीप रविवार की रात रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पख्खनपुर गांव निवासी शिवम यादव (20) पुत्र सुरेन्दर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरी घटना आजमगढ़ रोड स्थित पावर हाउस समीप रोड पार करते समय रविवार की देर रात (45) वर्षीय बाइक सवार अज्ञात युवक सामने से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# न्याय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**कांग्रेस जनों ने दी काशीराम को श्रद्धांजलि**

**प्रयागराज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर गणेश प्रतिमा विसर्जन करने जारहे में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर किये गए बर्बर लाठीचार्ज के खिलाफ बनारस में 5 अप्रैल 2015 को अन्याय प्रतिकार यात्रा निकालने के आरोप में दर्ज मुकदमें में कुल 82 लोग नामजद किये गए थे। लेकिन विगत दिनों सरकार ने उनमें से 81 लोगों पर से मुकदमा वापस ले लिया और अजय राय को छोड़ दिया गया। इस प्रकरण पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश सरकार की इस कार्यवाही को दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए मांग की गई कि यह सामान्य न्याय के सिद्धान्तों के अनुरूप नहीं है अतः कांग्रेस अध्यक्ष पर से भी मुकदमा वापस लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि एक ही मामले में दोहरा आचरण करने वाली भाजपा की प्रदेश सरकार न तो सनातन का सम्मान करती है और न ही कानून की समानता के अधिकार का, बल्कि वह इसे सिर्फ एक राजनैतिक हथियार के बतौर इस्तेमाल करती है। ज्ञापन में मांग की गई कि महामहिम राज्यपाल समान मामले में समान न्याय को सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार को निर्देशित करें जिससे न्याय के सिद्धांत का अनुपालन हो सके। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रधांजलि अर्पित की। इस मौके पर शहर अध्यक्ष ने मान्यवर श्री कांशीराम को दलित समाज की राजनैतिक चेतना को उन्नत करने वाला तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने वाला पुरोधा बताया जिनका देश सदैव ऋणी रहेगा। उपरोक्त कार्यक्रमों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष यमुनापर अरुण तिवारी , उज्जवल शुक्ला, आशीष पांडेय , बृजेन्द्र मिश्रा, रघुनाथ द्विवेदी, दिवाकर भारती, लल्लन पटेल, जावेद उर्फी, मानस शुक्ला, प्रवीण सिंह भोले, मोहम्मद इरफान, अरविंद पांडेय, सुशील मिश्र, काजी अर्शी, विनय पांडेय, अभिषेक शुक्ला, दरख्शां कुरैशी, रचना पांडेय, पूनम यादव, इर्शादुल्लाह, अभय राज सरोज, अभय कृष्ण सरोज, अजेन्द्र गौड, राम मनोरथ सरोज, रमेश चंद्र यादव, राम लखन यादव, नफ़ीस कुरैशी, अब्दुल कलाम, सहित अन्य नेता व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## युवा पत्रकार मोहम्मद अरशद को किया सम्मानित

**जौनपुर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शनिवार और रविवार को खेतासराय कस्बे में भव्य सजावट की गई। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये। कस्बे की प्रसिद्ध अंजुमन गुलमान-ए-अशरफ सजावट कमेटी की टीम ने नगर को विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट किया था। जिसे मीडिया के माध्यम से देश दुनिया मे पहुचाने पर युवा पत्रकार मोहम्मद अरशद को स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया। यह सम्मान देते हुये अंजुमन गुलमान-ए-अशरफ सजावट कमेटी के लोगों ने कहा कि स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करना बड़े ही गर्व की बात है। इस मौके पर अबदाल अहमद, शादाब नवाज, समीर अंसारी, साकिब खान, सलाउद्दीन अंसारी, युवा सपा नेता अनुराग यादव,आलमजेब असलम (ज़ेबू), काशिफ खान, मोहम्मद फैजान इराकी, मोहम्मद अलकैस इराकी, फैज खान समेत तमाम लोग रहे।

# शहीदों के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा सांसद बीपी सरोज

**नगर पंचायत रामपुर में आजादी के अमृत कलश यात्रा का आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत सोमवार को नगर पंचायत रामपुर में बधु वाटिका मैरिज हॉल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि सांसद बीपी सरोज ने आजादी में शहीद हुए वीर सपूतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज उन शहीदों की देन है की अब भारत विश्व में विश्व गुरु के रूप में जाना जाने लगा है। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान हमारी सरकार ने हमेशा किया है यह कलश गांव कस्बा शहरो से मिट्टी अक्षत लिया जा रहा है।जो शहीद पार्क के लिए एकत्रित किया जा रहा है इससे शहीदों के प्रती श्रद्धांजलि होगी तथा स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया,नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल ने शहीदों को नमन करते हुए उपस्थित सभी जनमानस का आभार व्यक्त किया, तथा अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गोंड ने कहां की इस मिट्टी के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों ने देश के प्रति जो बलिदान दिया है उसे कभी भी बुलाया नहीं जा सकेगा तथा हम सब सदैव उनके ऋणी रहेंगे, नायब तहसीलदार संदीप सिंह ने भी शहीदों को नमन कर दीप प्रज्वलित किया , नगर पंचायत रामपुर के सभी वार्डो से मिट्टी एवं अक्षत कलश एकत्रित कर गाजे बाजे के साथ यात्रा आरंभ की गई सभी उपस्थित सभासद एवं जन मानस ने भारत माता की जय के नारो के साथ पूरा नगर पंचायत गूंज उठा तथा सभी ने इस कार्यक्रम में बड़ा चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अशोक शर्मा ,कैलाश दुबे ,शरद उपाध्याय, अदया प्रसाद गिरी, राजा बाबू विश्वकर्मा, मनीष शुक्ला, रामाश्रय, अंशु जायसवाल, सत्य प्रकाश विश्वकर्मा एवं नगर के जनमानस उपस्थित रहे।

# मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर सपाजनो ने दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज बहुजन मसीहा मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित कर श्रद्धाजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर गोष्ठी कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गयी। एम0एल0सी0 डॉ0 मानसिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में बहुजनों के अधिकारों एवं उनके उत्थान के लिए आजीवन संघर्षरत रहे मान्यवर कांशीराम को बहुजन मसीहा माना जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित शोषित समाज के हितों के लिए संघर्ष करते हुए व्यतीत किया। सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं यमुनापार पप्पू लाल निषाद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम ने बहुजन समाज के हितों को लेकर जो सपना बाबा साहेब अम्बेडकर ने देखा था एवं संविधान में उनके अधिकारों को प्रदत्त किया था उसे व्यवहार रूप में धरती पर उतारने के लिए मान्यवर कांशीराम ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया था। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री मुलायम सिंह यादव ने अपने समर्थन एवं सहयोग से कांशीराम जी को देश की सर्वोच्च पंचायत में सांसद बनाकर भेजने का कार्य किया था। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने अपने पुराने संस्मरणों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजलि दी। गोष्ठी में प्रमुख रूप से अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, डॉ0 मानसिंह यादव, ई0 जगदीश यादव, रामअवध पाल, दान बहादुर 'मधुर', नाटे चौधरी, आर0एन0 यादव, कृष्णराज सिंह, सुरेश नेता, सोमदत्त पटेल, राकेश गौतम, राकेश पासी, संदीप कटका, अवनीश मिश्रा, आशुतोष तिवारी आदि ने अपने विचार व्यक्त

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को अहमियत दे रही है सरकार

**प्रयागराज में अपराधियों और जेल में बंद कैदियों पर अब आर्टिफिशियल की इंटेलिजेंस रहेगी नजर**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** योगी सरकार द्वारा प्रदेश में सुरक्षा और ट्रैफिक कंट्रोल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रयागराज में इसे अपराध नियंत्रण, जेल सुरक्षा और ट्रैफिक कंट्रोल में उपयोग करने का रोड मैप तैयार किया गया है।

क्रिमिनल को ट्रैक करने और क्राइम क्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महत्वपूर्ण बनती जा रही है। प्रयागराज में भी इसका बड़े पैमाने पर उपयोग करने के लिए रोड मैप प्रशासन की तरफ से तैयार किया जा रहा है।

प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा बताते हैं कि शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन्हे आईसीसीसी से जोड़ा गया है जहां से इसे एआई से कनेक्ट किया जा रहा था ताकि आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा जेल में भी अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल जेल में किया जा रहा है। जेल में किसी भी कैदी से मुलाकात और बातचीत करने वाले सभी व्यक्तियों का पूरा लेखा-जोखा रखा जाएगा और इसके लिए एआई के माध्यम से उस व्यक्ति की तस्वीर त्रिनेत्र ऐप पर अपने आप पर अपलोड हो जाएगी। इससे भविष्य में उसकी अवैध गतिविधियों में संलिप्तता का शक होने पर होने पर पुलिस और जेल प्रशासन को छानबीन करना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं अगर कोई अपनी जानकारी या पहचान छिपा कर किसी बंदी से मिलेगा तब भी आई उसके बारे में पूरी जानकारी एकत्र रहेगी। प्रयागराज की इस सेंट्रल नैनी जेल में कश्मीर के कई आतंकियों , कुख्यात अपराधियों के अलावा माफिया अतीक अहमद का बेटा उसके गिरोह के सदस्य भी बंद हैं। सीसीटीवी के जरिए इन पर रखी जा रही थी लेकिन सीसीटीवी में इनका डाटा हमेशा उपलब्ध न रहने की वजह से कई बार साजिश करने वाले अपराधी इनकी पकड़ में नहीं आ पाते । ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मददगार साबित होगा। जेल सुरक्षा व्यवस्था में तकनीकी के इस्तेमाल के तहत मुलाकात करने वाले स्थान पर भी कैमरे लगाए जा रहे हैं और उन्हें एआई तकनीक से कनेक्ट किया जा रहा है।

**भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था में होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल**

महाकुंभ 2025 में आने वाली संभावित 40 करोड़ से अधिक की भीड़ का प्रबंधन महाकुंभ प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी । महाकुंभ 2025 के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक कारगर माध्यम साबित हो सकता है।

महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के इस सैलाब को देखते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। कुंभ मेला प्रशासन के पास 2019 के कुंभ का सफल प्रयोग कि इसके लिए मजबूत आधार बन रहा है। आईसीसीसी के कार्यों में भी विस्तार किया जा रहा है। इसमें अस्थायी सर्विलास सिस्टम के अन्तर्गत 676 सीसीटीवी कैमरे, 12 एएनपीआर कैमरे और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित उत्कृष्ट भीड़ प्रबन्धन प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यातायात पुलिस ट्रैफिक सिग्नल कंट्रोल करेगी। भीड़ का दबाव आते ही एआई की मदद से ट्रैफिक सिग्नल खुद ही ग्रीन और हरा हो जाएगा।

कुंभ से पहले प्रयागराज को जाम मुक्त बनाने की कवायद के अंतर्गत इसे शामिल किया जा रहा है। इसके लिए यातायात पुलिस सड़कों पर चौराहों की बनावट से लेकर यातायात का दबाव का भी अध्ययन किया जा रहा है। प्रमुख स्थान पर्वो पर जाम की समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख 10 स्थान को चिन्हित किया है जहां की सेटेलाइट मैपिंग की जा रही है। इन स्थानों में जीटी जवाहर चौराहा , लोपी बाग, सोहबतिया बाग, लोक सेवा आयोग चौराहा, हाई कोर्ट पानी की टंकी और रामबाग शामिल है।

# बसपा संस्थापक के महपर्णीर्वन दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सोमवार को मान्यवर कांशीराम के 17वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन माथुर वैश्य धर्मशामा मम्फोर्डगंज में आयोजित की गई है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमण्डल प्रभारी डॉ0 जगन्नाथ पाल प्रयागराज मण्डल ने की। डा0 जगन्नाथ पाल ने आदरणीय बहन कुमारी मायावती को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री उ0प्र0 मण्डल प्रभारी डा0 अशोक गौतम प्रयागराज उपस्थित थे। डॉ0 अशोक गौतम ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने काश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक की साईकिल यात्रा कर समाज को जोड़ने का काम किया। बहुजन समाज पार्टी बनाकर उ0प्र0 में में आदरणीया कु0 बहन मायावती के नेतृत्व में चार बार सरकार बनवाकर पूरे समाज का उत्थान कर कानून का राज स्थापित किया। दूसरे मुख्यअतिथि के रूप में मण्डल प्रभारी राजू गौतम प्रयागराज ने कहा कि आप लोग भारतीय जनता पार्टी की सरकार के हिन्दू व मुस्लिम के छलावा में नहीं आइयेगा इस समय आप लोग 2024 में भारतीय जनता पार्टी को हराकर संविधान को बचाने के लिए बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनवाने का काम करेगें। राजू गौतम ने कहा वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। तीसरे मुख्य अतिथि के रूप में



मुख्य मण्डल प्रभारी अमरेन्द्र बहादुर भारतीय ने कहा कि मान्यवर के संघर्ष को आप लोग भुला दिये हैं मान्यवर साहब के संघर्ष के कारण ही बहुजन समाज पार्टी सरकार उ0प्र0 में बनी आप लोगों को सुरक्षा और सम्मान देने का काम किया। अतिथि के रूप में मुख्य मण्डल प्रभारी, राजेश पासी और साबिर सिद्दीकी और एस0पी0 सिद्धार्थ ने सभी से 2024 में कुमारी बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। जिला प्रभारी घनश्याम पटेल ओ0बी0सी0 समाज से अपील की कि बी0जे0पी0 के छलावा में मत आइये आपको लाल बत्ती तो दे सकते हैं लेकिन आपके अधिकार नहीं दे सकते। जिला प्रभारी अशोक विन्द ने अपने समाज से अपील की कि आप लोग का सम्मान बहुजन समाज पार्टी में सुरक्षित है। अपना मतदान बहुजन समाज पार्टी को ही करिये। जिलाध्यक्ष प्रयागराज आर060 त्यागी, प्रयागराज मण्डल के सभी आये हुये सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जी ने कहा मान्यवर कांशीराम साहब ने कहा था कि जिनकी जितनी संख्या उनकी उतनी भागेदारी। जिलाध्यक्ष सुशील गौतम प्रतापगढ़ ने कहा कि मान्यवर कांशी राम ने कहा था जितनी सरकारी जमीन वह बहुजन समाज का है। जिला महासचिव प्रयागराज विजय कुमार सरोज ने प्रयागराज मण्डल में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किये। सरोज ने कहा कि बहुजन समाज के लोग आप मजबूती से संघर्ष करते रहिये बहन जी कहीं से कमजोर नहीं है। सोशल मीडिया पर आदरणीया बहन कु0 मायावती जी छाया हुयी हैं चाहे इण्डिया गठबन्धन हो, चाहे एन0डी0ए0 गठबन्धन हो सब आदरणीय कु0 बहन मायावती जी को अपने पाले में रखना चाहते हैं। गुलाब धैर्य (बिजनेस मैन) मेजा ने सैकड़ो साथियों के साथ बसपा की सदस्यता ग्रहण की।मुख्यरूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष कौशाम्बी ओम प्रकाश पासी, जिलाध्यक्ष फतेहपुर, नीरज पासी, उषा देवी पूर्व पार्षद, ज्ञान सिंह पटेल पूर्व पार्षद, अतुल कुमार टीटू पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक राजबली जैसल, जिला प्रभारी - चिन्तामणि वर्मा, शारदा प्रसाद, मनोज पासी, आकाश राव, राजनाथ पाल, श्याम नारायण, आलोक चौधरी, घनश्याम पटेल, प्रेम चन्द्र निर्मल, महेन्द्र दिवान, कमलेश भरतिया , बच्चा कुशवाहा , राम निवास जिला संयोजक वामसेफ, संगीता पाल जिला सहसंयोजक वामसेफ, जिला संयोजक बी0बी0एफ0 अनिल पासी, घनश्याम पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष, राम जतन पाल, विनय पासी, शशिकान्त, पवन सोनी योगेश्वर कान्त, समस्त विधानसभा प्रभारी एवं विधानसभा अध्यक्षों ने मान्यवर कांसीराम को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# खो-खो प्रतियोगिता संपन्न आजमगढ़ बना चौम्पियन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** मंडलीय विद्यालयीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन आज सुखदेव पहलवांन स्टेडियम आजमगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता में आजमगढ़ मऊ एवं बलिया जनपद की बालक सीनियर बालक सब जूनियर तथा बालिका सीनियर बालिका सब जूनियर की सभी वर्गो मे चार-चार टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ा सचिव दिनेश कुमार सिंह ने किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए श्री सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग होना चाहिए, इसे हमें प्रतिदिन अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। आज खेले गए मैच में 19 वर्षीय बालिका वर्ग में मऊ प्रथम बलिया द्वितीय एवं आजमगढ़ तृतीय स्थान पर रहा। वही सब जूनियर बालिका वर्ग में आजमगढ़ प्रथम, मऊ द्वितीय एवं बलिया तृतीय स्थान पर रहा।बालक सब जूनियर वर्ग में बलिया प्रथम, मऊ द्वितीय तथा आजमगढ़ तृतीय बालक सीनियर वर्ग में आजमगढ़ प्रथम ,बलिया द्वितीय तथा मऊ तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर अबरार अहमद खान विनोद सिंह भूपेश सिं उग्रसेन सिंह राजेश सिंह सर्वेश सिंह राम जन्म राम सिंह अमित कुमार हृदयनाथ दानिश अमरेंद्र आज लोगों ने अपनी सक्रिय सभ्यता प्रदान की।

# भारत और फ्रांस ने इंडियन स्पेस कॉनक्लेव 2023 में अंतरिक्ष क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ किए

**नई दिल्ली।** इंडियन स्पेस एसोसिएशन (इस्पा) ने आज राष्ट्रीय राजधानी में वार्षिक इंडियन स्पेस



कॉनक्लेव के दूसरे संस्करण उद्घाटन किया। इस कॉनक्लेव का पहला दिन अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-फ्रांस गठबंधन को समर्पित रहा। इस आयोजन में फ्रांस और भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के दिग्गज, स्टार्टअप्स के प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी शामिल हुए।

इस आयोजन में अंतरिक्ष उद्योग की क्षमताओं की समझ बढ़ाने और फ्रांस एवं भारत में कारोबारी अवसरों को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस्पा और जिफास- फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस गठबंधन से फ्रांस और भारत के अंतरिक्ष उद्योगों में टिकाऊ वृद्धि, नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने और नई प्रौद्योगिकियां अपनाने में मदद मिलेगी। यह एमओयू अंतरिक्ष क्षेत्र में पहले से ही बेहतर भारत-फ्रांस संबंध का विस्तार करेगा और सदस्यों के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय संपर्कों के लाभ के जरिए इन संगठनों का व्यक्तिगत एवं सामूहिक सदस्यता आधार बढ़ेगा। जैसा कि दुनियाभर में विद्यार्थियों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र के प्रति रुचि बढ़ रही है, इस साझीदारी से दोनों संगठनों के बीच अकादमिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम के आदान प्रदान में सुविधा मिलेगी जिससे सभी स्तरों पर प्रशिक्षण सुगम होगा।

इस कॉनक्लेव के साथ ही तीन दिन की प्रदर्शनी लगाई गई है जिसमें अग्रणी अंतरिक्ष स्टार्टअप्स और अकादमिक संस्थानों से 24 प्रदर्शकों ने अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत में फ्रांस के मानद राजदूत टी. मैथू और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं पूर्व रक्षा सचिव शेखर दत्त द्वारा किया गया।

# एक ट्रक ड्राइवर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: राजेश कौल, बिजनेस हेड-ट्रक, टाटा मोटर्स

1. टाटा मोटर्स ने ड्राइवर्स का कौशल विकास और सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाये हैं। कृपया उन कदमों के बारे में बताएं।

एक ट्रक ड्राइवर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न केवल व्यवस्थित और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में, बल्कि सड़क सुरक्षा और वाहन के आर्थिक परिचालन का ज़्यादा से ज़्यादा लाभ उठाने में भी उसकी भूमिका होती है। इसे स्वीकार करते हुए, टाटा मोटर्स ने देश भर में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ सहयोग किया है। ये इंस्टिट्यूट सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण, दोनों प्रदान करते हैं। इनके पाठ्यक्रम में लाइट मोटर व्हीकल्स (एलएमवी) से लेकर हैवी-ड्यूटी ट्रकों और विशिष्ट मशीनरीज, जैसे की टिपर्स और कंस्ट्रक्शन व्हीकल्स तक के क्षेत्र शामिल हैं। एक दशक में इन संस्थानों ने 5 लाख से अधिक ड्राइवर्स को प्रशिक्षण दिया है जिससे उनका ड्राइविंग कौशल बेहतर हुआ है और प्रशिक्षित ड्राइवर्स का समूह तैयार हुआ है। इससे सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिला है।

2. ट्रक ड्राइवर्स के जीवन की गुणवता में सुधार लाने के लिए टाटा मोटर्स ने क्या-क्या पहल की है?

टाटा मोटर्स अपने सर्वोच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए मशहूर है। यह ट्रक ड्राइवर्स के कल्याण के प्रति भी वचनबद्ध रही है। टाटा मोटर्स इन ड्राइवर्स की कठिनाइयों को गहराई से समझती है और अपने सभी कार्यों में ड्राइवर्स की ज़रूरतों को प्राथमिकता देने का हमेशा प्रयास कर रही है। अपनी टाटा समर्थ पहल के माध्यम से टाटा मोटर्स एक समग्र कल्याण दृष्टिकोण की परिकल्पना के साथ ट्रक ड्राइवर्स की सेहत को लेकर वचनबद्धता का प्रदर्शन करती है। टाटा मोटर्स स्वास्थ्य समर्थ के माध्यम से ड्राइवर्स के लिए सामान्य जाँच से लेकर विशिष्ट परामर्श तक आवश्यक मेडिकल सर्विसेज की सुलभता सुनिश्चित करती है।

# टाटा मोटर्स ने एसयूवी एक्सिलेंस में नए दौर की शुरुआत की

**मुंबई।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने बहुप्रतीक्षित नई हैरियर और सफारी मॉडलों के लिए बुकिंग खोलने की घोषणा की। टाटा मोटर्स की इससे पहले लॉन्च की गई दूसरी गाड़ियों की असाधारण सफलता के बाद नई हैरियर और सफारी आधुनिक तकनीक, बेमिसाल सेफ्टी फीचर्स और शानदार डिजाइनिंग से कार ड्राइविंग के अनुभव को फिर से पारिभाषित करने के लिए तैयार हैं। यह नवाचार एवं उत्कृष्टता के प्रति टाटा मोटर्स के समर्पण की मिसाल है। टाटा की इन दोनों नई गाड़ियों के लिए बुकिंग आज से खोल दी गई हैं। उपभोक्ता टाटा मोटर्स की डीलरशिप या कंपनी की वेबसाइट पर जाकर इन दोनों एसयूवी में से अपनी पसंद की गाड़ी की बुकिंग केवल 25,000 रुपये में करा सकते हैं।

टाटा मोटर्स पैसेंजर्स व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक श्री शैलेश चंद्रा ने इस अवसर पर कहा, हम नई हैरियर और सफारी के लिए आज से बुकिंग शुरू कर काफी उत्साहित हैं। एक्सिलेंस के प्रति हमारे समर्पण और उपभोक्ताओं के बेशकीमती फीडबैक ने इन शानदार गाड़ियों के लिए नए जमाने में अपनी खास जगह बनाने के युग का सूत्रपात किया है। सक्षम ओमेगार्क पर निर्मित इन दोनों एसयूवी में टाटा मोटर्स की शानदार डिजाइन, एडवांस्ड फीचर्स, प्रीमियम इंटीरियर और मजबूत पावर ट्रेन की सर्वश्रेष्ठ विरासत को कायम रखा गया है और इन्हें हर मोर्चे पर बेहतर बनाने की दोबारा परिकल्पना की गई। हम टाटा मोटर्स की एसयूवी की नई लहर आपके सामने पेश कर काफी उत्साहित हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये दोनों प्रॉडक्ट्स न केवल उपभोक्ताओं, बल्कि हमारे ब्रैंड की भी क्षमता और महत्वांकांक्षों का प्रतिनिधित्व करेंगे!

नई हैरियर और सफारी को बेहतर ढंग से पारिभाषित पर्सोना की रणनीति के तहत बनाया गया है। यह इस श्रेणी में उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़कर शानदार फीचर्स और सुविधाएं प्रदान करने वाली एसयूवी है। टाटा मोटर्स की पहले लॉन्च हुई कारों की विरासत कायम रखते हुए इन कारों के निर्माण में हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरत को पूरा करने की दोबारा परिकल्पना की गई है।

यह एसयूवी ज्यादा डायनैमिक और स्पोर्टी डिजाइन में पेश की गई है, जो युवा उपभोक्ताओं के जोश और जुनून से मेल खाती है। नई हैरियर युवा उपभोक्ताओं के कभी हार न मानने के जज्बे का प्रतीक है, जो लगातार नए क्षितिज को जीतने की कोशिश करते रहे हैं। इस कार को चार अलग-अलग पर्सोना; स्मार्ट, प्योर, एडवेंचर एंड फियरलेस में पेश किया गया है। इस एसयूवी में पर्सनलाइज्ड डिजाइन, बेहतरीन खूबियों, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और बेमिसाल कम्फर्ट का अनूठे संगम पेश किया गया है। इसकी बदौलत नई हैरियर उपभोक्ताओं के सपनों को हकीकत में बदलने के सफर में दूर तक साथ निभाने वाला हमसफर बनती है। इसके अलावा, नई हैरियर में अपने सेग्मेंट में पहली बार कई फीचर्स लॉन्च किये गये हैं।

# उन्नत गतिशीलता समाधानों ट्रैफिक इन्फ्राटेक एक्सपो का 11 वां संस्करण



**लखनऊ।** 10- 12 अक्टूबर 2023 से प्रगाती मैदान, नई दिल्ली में निर्धारित है। यह आयोजन भारत की गतिशीलता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय उत्पादों और प्रौद्योगिकियों की विविधता पेश करेगा। भारत में कनेक्टिविटी, मोबिलिटी, ट्रैफिक, पार्किंग और लॉजिस्टिक्स के परिदृश्य को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, ट्रैफिकइन्फ्राटेक एक्सपो के आगामी 11 वें संस्करण को मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत समाधानों के साथ पैक किया जा रहा है। आगामी शो पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए, वीआई एस ग्रुप के अध्यक्ष, जयराम नायर ने कहा- हम जल्द ही ट्रैफ़िक इन्फ्रैटेक एक्सपो के एक और संस्करण के लिए उद्योग का स्वागत करने के लिए रोमांचित हैं। यह साझा करने के लिए गर्व की बात है कि शो फ्लोर शीर्ष पायदान उत्पादों और तकनीकी समाधानों से भरा हुआ है जो निश्चित रूप से भारत की गतिशीलता, सड़क और पार्किंग के बुनियादी धचे को बदलने में परिवर्तन के उत्प्रेरक होंगे यह शो प्रमुख निर्णय निर्माताओं, नीति निर्माताओं, शीर्ष अधिकारियों और सरकारी विभागों, नगरपालिका निगमों, परिवहन विभागों, बुनियादी ढांचे और रियल एस्टेट कंपनियों के पेशेवरों, पार्किंग प्रबंधन कंपनियों और अन्य के बीच संवाद और सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा।

# शक्ति पम्पस् को मिला पीएम कुसुम स्कीम कम्पोनेन्ट सी का पहला कमर्शियल ऑर्डर



**पीथमपुर।** रिन्युएबल एनर्जी क्षेत्र में प्रमुख कंपनी शक्ति पंप्स को अजमेर विद्युत वितरण निगम के द्वारा पीएम-कुसुम स्कीम कम्पोनेन्ट-सी के तहत अपना पहला 149.7 करोड़ रुपये का कमर्शियल ऑर्डर प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सौलर एनर्जी के उपयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो ऊर्जा और कृषि पद्धतियों को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में कार्य करती है। इस परियोजना में अकुशल विद्युत पंपों को बीएलडीसी सोलर पंपसेटों से बदला जाएगा जहां पंपसेट सौलर एनर्जी के माध्यम से उत्पन्न बिजली पर चलेंगें और शेष बिजली को ग्रिड में भेजा जा सकेगा, शेष बची हुई बिजली को डिस्कॉम को बिक्री करने से किसानों को कमाई का अवसर भी प्राप्त होगा। शक्ति पंप्स के चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार जी ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, ''यह परिवर्तनकारी प्रयास 'अन्नदाता' को 'ऊर्जा दाता' में बदल देगा।

# डाइस मीडिया द्वारा निर्मित, सीरीज़ हाफ लव हाफ अरेंज्ड का प्रीमियर 12 अक्टूबर से अमेज़न मिनी टीवी पर होगा

**मुंबई।** अमेज़ॅन की मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़ॅन मिनी टीवी और डाइस मीडिया ने हाफ लव, हाफ अरेंज्ड नामक एक नई रोमांटिक कॉमेडी सीरियल का निर्माण करने के लिए सहयोग किया है। यह सीरीज़ प्यार और अरेंज्ड डेटिंग के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें मानवी गगरू और करण वाही मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में, सीरीज़ का एक ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें एक युवा डॉक्टर द्वारा अपना जीवन साथी चुनने के कोशिशों और विभिन्न पात्रों के साथ उसके अनुभवों की झलक पेश की गई है। हाफ लव,



हाफ अरेंज्ड रिया तनवर (मानवी गगरू द्वारा अभिनीत) पर केंद्रित है, जो एक स्त्री रोग विशेषज्ञ है, जिसने पहले से तय कर लिया है कि वह अपनी निजी और व्यावसायिक जिंदगी कैसे जीना चाहती है। हालाँकि, अपना जीवन साथी खोजने के लिए वह जो रास्ता चुनती है वह चुनौतियों से भरा होता है। दर्शकों को पता चलेगा कि हाफ लव, हाफ अरेंज्ड सीरीज़ में जीवन साथी चुनने की अपनी यात्रा के दौरान रिया के जीवन में क्या घटित होता है। इस नई सीरीज़ का प्रीमियर 12 अक्टूबर को होगा और इसे अमेज़ॅन मिनीटीवी पर मुफ्त में देखा जा सकता है। हाफ लव हाफ अरेंज्ड का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया था, जिसमें रिया की अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड को प्रपोज करने की तैयारियों मे दिखती है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का समापन



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वेद आईसीएस द्वारा पंचायती राज निदेशालय के सभागार में सिविल सेवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि नीरज बोरा जी एवं श्री मनीष रावत जी, माननीय सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश एवं श्री पवन सिंह चौहान जी तथा श्री रामचन्द्र प्रधान जी माननीय सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संस्थान के निदेशक डॉ प्रत्यूष मणि त्रिपाठी ने जानकारी दी कि संस्थान से गत तीन दशकों में आईएएस में 625 पीसीएस में 1700 एवं न्यायिक सेवा में 350 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं तथा कोविड 19~ महामारी के कारण 3 वर्षों के अंतराल पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे वरिष्ठ एवं नव-नियुक्त आईएएस. पीसीएस एवं न्यायिक सेवा के अधिकारियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उ0 प्र0 सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन (आईएएस) ने सिविल एवं न्यायिक सेवा के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए शुभकामनायें दी और उन्हें लोकहित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# दुर्गा पूजा में जेबीएल के साथ उत्सव की ध्वनि का अनुभव करें



**वाराणसी।** हारमन का प्रमुख ऑडियो ब्रांड जेबीएल, अपने उत्सव अभियान म्यूट द वर्ल्ड; अनम्यूट फेस्टीवीस को शुरू करने के लिए रोमांचित है जो एक रोमांचक दुर्गा पूजा उत्सव के लिए मंच तैयार कर रहा है। जैसा कि सिटी ऑफ जॉय पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव के लिए तैयार हो रहा है, जेबीएल का विशेष अभियान इस पूरे महीने उत्सव की भावना के साथ गूंजने का वादा करता है। जेबीएल बंगाल, असम, उड़ीसा, बिहार और झारखंड में अपने ग्राहकों को उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शानदार ऑफ़र और छूट के साथ खुश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें बहुत पसंद किए जाने वाले नॉइज़-कैंसलेशन हेडफ़ोन, डॉल्बी एटमॉस और डीटीएस-एक्स सक्षम साउंडबार और पार्टीबॉक्स शामिल हैं। इस 30 दिवसीय म्यूट द वर्ल्ड; अनम्यूट फेस्टीवीस अभियान के लॉन्च के साथ, ग्राहक अपने पसंदीदा जेबीएल उत्पादों पर कैशबैक, मुफ्त ईएमआई ऑफ़र और अनूठे सौदों की उम्मीद कर सकते हैं, जिससे ÷म्यूट द वर्ल्ड÷ और खुद को उत्सव में डुबोना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा। जेबीएल उत्पादों पर त्योहारी ऑफरः 25 प्रतिशत तक का इंस्टेंट कैशबैक या एक ईएमआई मुफ्त और 2999/- रुपये से अधिक के जेबीएल उत्पादों पर नो कॉस्ट ईएमआई। यह ऑफर बंगाल, असम, उड़ीसा, बिहार और झारखंड के सभी प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ https://in.jbl.com/ पर भी उपलब्ध है।

# कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने वर्कस्पेस की दक्षता बढ़ाने के लिए स्पेशल कैम्पेन 3.0 चलाया



**नई दिल्ली।** वर्कस्पेस मैनेजमेंट को मजबूत करने, अधिक प्रोडक्टिव वातावरण को बढ़ावा देने और लंबित मामलों को संबोधित करने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशलीता मंत्रालय (एमएसडीई) ने स्पेशल कैम्पेन 3.0 में अपनी सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय संस्थानों, संगठनों, रिसर्च काउन्सिलों, अधीनस्थ संस्थाओं और अपने परिसर के भीतर अव्यवस्था को दूर करना और दक्षता बढ़ाना है।

स्पेशल कैम्पेन 3.0 का यह सफ़र 2 अक्टूबर, 2023 को इस पूरे कैम्पेन की अवधि के दौरान संबोधित किए जाने वाले महत्वपूर्ण लक्ष्यों की पहचान के साथ शुरू हुआ। स्पेशल कैम्पेन 3.0 कार्यालयों में स्पेस मैनेजमेन्ट को हासिल करने और वर्कप्लेस अनुभव को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित करता है। यह कैम्पेन स्वच्छता और ऑपरेशनल एक्सीलेंस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

स्पेशल कैम्पेन 3.0 के प्रारंभिक चरण के दौरान, एमएसडीई ने लंबित मामलों को कम करने और कैम्पेन की अवधि के भीतर सभी लंबित मामलों को हल करने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए।

सांसदों के सन्दर्भ 24, संसदीय आश्वासन 4, आईएमसी संदर्भ (कैबिनेट प्रस्ताव) 3, राज्य सरकार के सन्दर्भ 3, लोक शिकायते 201, पीएमओ सन्दर्भ 2 एमएसडीई, दक्षता और जवाबदेही के प्रति अपने समर्पण पर जोर देते हुए स्पेशल कैम्पेन 3.0 के दौरान इन सभी लंबित मामलों के निपटान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कैम्पेन की तैयारी में, एमएसडीई के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने 6 अक्टूबर, 2023 को सभी नोडल अधिकारियों और डिवीज़न हेड के साथ इस पहल की प्रगति की समीक्षा की। वरिष्ठ अधिकारियों को स्थापित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का निर्देश दिया गया।

# सैमसंग ने आज अपने BESPOKE डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज को लॉन्चे करने की घोषणा की

गुरुग्रामः सैमसंग ने आज अपने क्ष्थस्क्व्यश्च डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज को लॉन्चथ करने की घोषणा की है, जिसे मॉडर्न भारतीय उपभोक्ता ओं की जरूरत को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। खूबसूरत कलर ऑप्श न के साथ, नए BESPOKE रेफ्रिजरेटर किसी भी किचन में एक अर्बन एलीगेंस और व्यलक्तित्वन को ऐड करते हैं। सौरभ बैशखिया, सीनियर डायरेक्टकर, डिजिटल एप्लाअयंसेस बिजनेस, सैमसंग इंडिया, ने कहा, हमारेBESPOKE डबल डोर रेफ्रिजरेटर्स भारतीय ग्राहकों की अनूठी जरूरतों और पसंद के अनुरूप इन्नोहवेशन पेश करते हैं। BESPOKE प्रीमियम कोटा वेरिएंट पारंपरिक कोटा डिजाइन को समर्पित है, जो मॉर्डन किचन में पुरानी यादों को जोड़ता है। खास डिजाइन के साथ, BESPOKE प्रीमियम कोटा वेरिएंट इंडस्ट्री में सबसे बेहतरीन फीचर्स जैसे कन्वोर्टिबल 5-इन-1 के साथ आता है, जिसे अधिक स्टौरेज विकल्पू उपलब्धन कराने के




लिए भारतीय कुकिंग की बहुमुखी प्रतिभा को ध्या न में रखकर तैयार किया गया है। BESPOKE ग्लातस वेरिएंट में स्माार्टथिंग्स AI एनर्जी मोड उपभोक्तोओं को बिजली खपत को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है। हम भारत में इस नई रेंज को पेश करने के लिए उत्साद्धहि BESPOKE डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज, BESPOKE प्रीमियम कोटा स्टील और BESPOKE ग्लाईस वेरिएंट में उपलब्धर हैं, जो एडवांस्ड P रेफ्रिजरेशन के साथ व्य,क्तिगत खूबसूरती को जोड़ती है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी आसान और स्टा इलिश बन जाती है।30,500 रुपए की शुरुआती कीमत वाले, नए BESPOKE डबल डोर रेफ्रिजरेटर पूरे भारत में सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉ निक रिटेल स्टोरर्स और Samsung के अपने ऑनलाइन प्ले टफॉर्म सैमसंग Shop पर उपलब्ध् होंगे। BESPOKE प्रीमियम कोटा मॉडल 236 लीटर, 256 लीटर, 301 लीटर और 322 लीटर क्षमता में 30,500 रुपए से लेकर 42,500 रुपए की प्राइस रेंज में उपलब्ध होगा। BESPOKE ग्लासस वेरिएंट 415 लीटर और 465 लीटर क्षमता में 54,000 रुपए और 57,800 रुपए की प्राइस रेंज में उपलब्धम होगा। BESPOKE प्रीमियम कोटा वेरिएंट आपकी किचन में एक विंटेज आकर्षण और खूबसूरती को जोड़ता है। यह दो कलर ऑप्शमन- कोटा बेज और चारकोल (डुअल टोन) और कोटा चारकोल में उपलब्धं होगा। BESPOKE ग्ला स वेरिएंट भी दो कलर ऑप्शआन क्लीजन व्हाइट और पिंक ग्लाास (डुअल टोन) और क्लीभन ब्लैह्रक ग्लास में उपलब्धर होगा।

# अनुभा बजाज का जाने ही दो डर से मुक्त होने और ऊंचा उठने की है कहानी



अपने वायरल हिट, लम्हे की शानदार सफलता के दम पर, उभरती म्यूजिक सेनसेश अनुभा बजाज ने अपने बहुप्रतीक्षित नए गीत, जाने ही दो को रिलीज़ करके अपना 21 वां जन्मदिन स्टाइल में मनाया। इस भावपूर्ण गीत का उद्देश्य श्रोताओं को अनिश्चितता के बोझ से छुटकारा पाने और अपने संदेहों से ऊपर उठने के लिए सशक्त बनाना है, और अंततः नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए स्वतंत्र होना है। पॉप और इंडी जेनर का एक शानदार ब्लेंड, जाने ही दो एक फ्रेश और अविस्मरणीय म्यूजिक एक्सपीरियंस का वादा करता है।

लम्हे की भारी सफलता के बाद, जाने ही दो अनुभा की संगीत यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अनुभा द्वारा स्वयं गाया, संगीतबद्ध और लिखा गया, जाने ही दो आत्म-संदेह और आंतरिक भय के जटिल दायरे को उजागर करता है जो पर्सनल ग्रोथ में बाधा बन सकता है। रिलेटेबल लीरिक्स और शांत मेलोडी के साथ, यह गीत मेंटल हेल्थ के महत्वपूर्ण विषय को संबोधित करता है, साथ ही श्रोताओं के लिए एक यादगार और आनंददायक अनुभव सुनिश्चित करता है। वीडियो में अनुभा को डबल रोल में दिखाया गया है, जो दो अलग-अलग पर्सनैल्टी को दिखाता है। एक करैक्टर आलस्य और प्रेरणा की कमी का प्रतीक है, जबकि दूसरा ऊर्जा और प्रोडक्टिविटी का संचार करता है।

# राम नाम मोती बैंक के लिए किया मोती कलेक्शन



**लखनऊ।** अपने नवीनतम प्रयोग और अनूठे कार्यक्रमों के माध्यम से एक अलग पहचान बनाने वाले लखनऊ शिपिज वाइव्स ग्रुप द्वारा एक ऐसा आयोजन किया गया जिसमें आधुनिकता के रंगों के साथ संस्कृति की झलक भी दिखाई दी। 8 अक्टूबर 2023 को ग्रुप द्वारा गोमती नगर के लिनेज होटल में डांडिया रास का आयोजन किया गया। दोपहर 1 से 4 बजे तक होने वाले इस आयोजन में न सिर्फ डांडिया रास हुआ बल्कि समाज के प्रति योगदान देने के लिए आर्थिक राशि भी जुटाई गई और जय श्री राम, राम नाम बैंक के लिए मोतियों का कलेक्शन भी किया गया। जिनसे बनी माला अयोध्या में भगवान श्री राम को पहनाई जाएगी। ग्रुप की ऑर्गेनाइजर डॉ. निशा चौधरी और समीक्षा सिंगर ने बताया कि हमारे द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में इस बार डांडिया रास रखा गया। इसमें न सिर्फ गरबा हुआ बल्कि कई सारी कॉम्पीटिशन और गेम्स भी रखे गए, जिनमें ग्रुप मेंबर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। मेंबर्स ने फिल्मी और पारंपरिक गीतों पर धूम मचाते हुए, थिरकते हुए गरबा किया। विजेताओं को एक से बढ़कर एक प्राइज और गिफ्ट्स दिए गए। गौरतलब है कि इस ग्रुप में 80 से ज्यादा मेंबर्स हैं और सभी किसी न किसी रचनात्मक और सामाजिक गतिविधि से जुड़ी हुई हैं। इस आयोजन में भी समाज हितों को ध्यान में रखकर विशेष प्रयास किए गए। नाच-गाने और मौज-मस्ती के साथ यहां समाज के जरूरतमंद और दिव्यांग बच्चों के लिए आर्थिक सहायता जुटाने का अभियान चलाया गया। मेंबर्स और दर्शकों द्वारा स्वेच्छा से दान की गई राशि का उपयोग बच्चों से जुड़ी अलग-अलग योजनाओं और कल्याण कार्यों में किया जाएगा।

# फ्यूल ने अपने 17वें स्थापना दिवस पर वंचित तबके की 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की

**पुणे।** वंचित तबकों के युवाओं के सशक्तिकरण हेतु समर्पित गैर सरकारी संगठन फ्यूल ने पुणे में अपने 17वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया और हाशिए पर जी रहे समुदायों के उत्थान के अपने संकल्प को दोहराया। इस मौके पर रुचिपूर्ण गतिविधियां हुईं और वंचित वर्ग की 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। ये स्कॉलरशिप कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से जिंदगियों को बेहतर बनाने की फ्यूल की प्रतिबद्धता को प्रकट करती हैं। इस खास दिवस पर प्रतिष्ठित व्यक्ति, नीति निर्माता, उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्ति तथा सरकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस उत्सव की विशेषता बना फ्यूचर स्किल्स सम्मिट जिसमें जानेमाने इंडस्ट्री लीडर और नीति निर्माता शामिल हुए। इस सम्मिट में भविष्य के कौशलों, प्रतिभा अधिग्रहण तथा शिक्षा व कौशल विकास में सीएसआर में इनोवेशन पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने विशिष्ट अतिथी थेः महाराष्ट्र विधान सभा के माननीय स्पीकर श्री राहुल नर्वेकर, सामाजिक कार्यकर्ता और कॉर्पोरेट बीएमसी हर्षिता नर्वेकर, हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया के उपाध्यक्ष कर्नल राजेश ओहोल, बजाज ग्रुप के



कॉर्पोरेट सम्प्रेषण के उपाध्यक्ष संजय ओझा, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निदेशक पराग देशमुख, एलटीआई माइंडट्री में चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर पनीश राव, फ्यूल तथा फ्यूल बिज़नेस स्कूल (एफबीएस) के संस्थापक एवं चेयरमैन केतन देशपांडे तथा फ्यूल के चीफ मेंटॉर संतोष हुरालिकोप्पी।

स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें से एक था वंचित वर्ग से आने वाली 90 काबिल छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान करना। ये स्कॉलरशिप फ्यूल, एलटीआई माइंडट्री और ऑरेकल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के बीच हुए एक करार (एमओयू) का हिस्सा है जो खास तौर पर फ्यूल बिज़नेस स्कूल (एफबीएस) में पीजीडीएम कोर्स करने वाली छात्राओं के लिए है; और इस स्कॉलरशिप का लक्ष्य है इन छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं कामयाब करियर हेतु सशक्त बनाना। इस आयोजन के दौरान 'फ्यूल होप स्टोरीज़' को भी प्रस्तुत किया गया, यह एक पुस्तक है जिसमें फ्यूल विद्यार्थियों के दृढ़ संकल्प को दर्शाने वाली कहानियां हैं, साथ ही सक्षम डिजिटल स्किल प्रोग्राम का लांच भी हुआ। यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को आवश्यक कौशलों से युक्त बनाता है जैसे- कंप्यूटर साक्षरता, कोडिंग, डाटा ऐनालिसिस, ऑनलाइन कम्यूनिकेशन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल टूल्स में प्रवीणता और सॉफ्टवेयर ऐप्लीकेशंस। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि, महाराष्ट्र विधानसभा के माननीय स्पीकर श्री राहुल नर्वेकर ने कहा, ''फ्यूल के 17वें स्थापना दिवस पर मैं केतन देशपांडे और उनकी पूरी टीम को इस असाधारण काम के लिए बधाई देता हूं कि वे कौशल विकास, प्र्शिक्षण एवं छात्रवृत्ति प्रदान कर के वंचित तबके के युवाओं को सशक्त बना रहे हैं। जानीमानी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और नीति आयोग के साथ मिलकर आप जो सामाजित उन्नति का काम कर रहे हैं वह अत्यंत सराहनीय है। 10 लाख से भी अधिक करियर काउंसलिंग सत्रों के द्वारा अनेक विद्यार्थियों को कामयाब करियर बनाने में मदद की जा चुकी है। अपने विश्वविद्यालय परिसर के साथ फ्यूल एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है तो ऐसे में मैं उन्हें सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।''

# पर्यटन विकास परियोजनाओं का डीएम व सीडीओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा सोमवार को विश्व बैंक सहायतित उत्तर प्रदेश प्रो-पूअर पर्यटन विकास परियोजना तथा विपश्यना उपवन का उच्चीकरण एवं सौंदर्यीकरण, फूड प्लाजा एवं फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य की प्रगति तथा बौद्ध स्थल रामाभार स्तूप परिसर में ध्वनि एवं प्रकाश शो के कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विपश्यना उपवन के अंतर्गत बने पाथ वे, मेडिटेशन सेंटर, बन रहे फाउंटेन, तालाब का निरीक्षण करते हुए मेडिटेशन सेंटर के इर्द-गिर्द चाइनीज घास या उच्च गुणवत्ता वाली घास लगाने तथा संपूर्ण विपशयना उपवन का वहनीय, धारणीय एवं चिरकालिक विकास करने हेतु ए0ई0 तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया, ताकि यह उपवन पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षण का केंद्र बना रहे। यहां ज्यादा से ज्यादा पर्यटक घूमने एवं मेडिटेशन करने आ सके। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने तालाब में स्थित पानी के साफ सफाई की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उसे तत्काल साफ करने हेतु निर्देशित किया तथा पर्यटकों के बैठने के लिए बेंच तथा उपवन का साहित्यिक विवरण लिखवाने हेतु, उपवन के अंतर्गत समस्त पेड़ो का विवरण लिखने हेतु, मेडिटेशन सेंटर को चारों तरफ से कवर करने, शौचालय की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था ठीक करने, बाहर गेट पर गौतम बुद्ध की मूर्ति स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। उपवन का मेंटेनेंस उचित तरीके से करने हेतु उप जिलाधिकारी को भी निर्देशित किया। बुद्धा पार्क स्थित रामाभार स्तूप के आसपास हिरण्यावती नदी की चल रही साफ सफाई कार्यों की प्रगति ली एवं कार्यरत सफाई कर्मी की उपस्थिति, साइन बोर्ड पर सूचनाओं को लिखवाने, किनारों पर स्लोप या ढाल बनाने और उसपर घास , पुष्प, तथा छोटे बुश की प्रजाति लगाने, आगे के परिसर में ह्यूम पाइप लगाने एवं पूरे पार्क को ग्रीनरी एरिया के रूप में विकसित करने हेतु चेयरमैन तथा ईओ कसया, पर्यटन सूचना अधिकारी व संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने रामाभार स्तूप परिसर में ध्वनि एवम प्रकाश शो के विकास कार्यों में उत्पन्न भूमि की समस्या के निस्तारण हेतु उपजिलाधिकारी एवं साफ सफाई हेतु ईओ कसया को निर्देशित किया।

## स्वच्छता के साथ पानी की शुद्धता के बारे में लोगों को दी जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में सोमवार को विकासखंड खड्डा के विभिन्न ग्राम पंचायतों जिसमें लखुआ लखुई, बंजारी पट्टी, रामपुर गोनहा, छितौनी जंगल, कोटवा खुर्द गांवों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और पानी की शुद्धता के बारे में जानकारी दिया।

खड्डा विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में जल जागरुकता के समस्त टीमों की गाड़ियो को खण्ड विकास अधिकारी विनित कुमार यादव और एडीओ पंचायत प्रदीप कुमार मल्ल द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी वाहनों को रवाना किया गया। वही प्रशिक्षकों द्वारा सभी गतिविधियों जैसे जल प्रबंधन की बैठक, स्वच्छता संबंधी प्रदर्शनी की बैठक, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला तथा फिल्म प्रदर्शनी कार्यक्रमों द्वारा जन जागरूकता पर संक्षिप्त चर्चा हुई। साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा ब्लाक परिसर में एक सामाजिक भौतिक मानचित्रण के माध्यम से जल संरक्षण व एफएचटीसी पानी सप्लाई आदि पर चर्चा हुई।

वही कार्यक्रम का संचालन डीपीसी राजीक अली व अंकुश सिंह, एडीपीसी अहमद खान, राजमंगल सिंह, हरिओम सिंह, आजाद खान, अरविंद यादव आदि शामिल रहे।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया योग शिविर का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा डा इंद्रेश कुमार मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच तथा राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेश कार्यालय प्रभारी गौ, पर्यावरण, सेवा प्रकोष्ठ ठाकुर राजा रईस के निर्देशानुसार साप्ताहिक योग कार्यक्रम के अन्तर्गत बीते शुक्रवार को किंडर गार्डन प्ले वे स्कूल गोरखपुर मे गोरक्ष प्रान्त संयोजक गौ, पर्यावरण, सेवा प्रकोष्ठ मो0 शमीम सिद्दीकी द्वारा स्कूल के बच्चों को योग की जानकारी दी तथा बच्चों को योग कराया गया। यह जानकारी मो वसीम सिद्दीकी सह संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश गौ, पर्यावरण, सेवा प्रकोष्ठ ने दी। इस मौके पर इबरार अहमद जिला सह संयोजक, शाबान अली जिला सह संयोजक, आफरीन खातून गोरक्ष प्रान्त सह संयोजिका के साथ कार्यकताओ की मौजूदगी रही।

## अंतर्जनपदीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज में सोमवार को अंतर्जनपदीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कई विद्यालयों के बाक्सर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू कसौधन तथा गिरिजा सिंह कालेज प्रबंधक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया। इस अवसर पर क्रीडासचिव अमेठी ध्रुव राज संचालक डॉ रमाशंकर पांडे तथा बॉक्सिंग कोच के रूप में अश्वनी शर्मा तथा विजय यादव रहे। प्रतियोगिता तीन सोपान में सब जूनियर अंडर 14 सीनियर वर्ग में हुई। जिसमें अंडर 14 में गुरदीप बेट कैटेगरी 32 से 34 चैंपियन रहे। ईशान अंडर-19 में बेट कैटेगरी 44 से 46 तथा यंगेज अर्पित मिश्रा प्रवीण यादव अतुल सिंह तथा अंडर 19 में नितेश 49 -52 आदर्श , बॉक्सिंग सुयश विजई हुये ।इसके पश्चात विजई प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य नवल किशोर सिंह द्वारा किया गया।

## डीएम ने सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज



पर्यटन विभाग द्वारा अहिल्यापुर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर की ऐतिहासिक धार्मिक महत्ता है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। परियोजना के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ेगी। परियोजना के तहत पर्यटन विभाग द्वारा 1.78 करोड़ रुपए की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के माध्यम से बाउंड्रीवॉल, 500 मीटर सीसी रोड, भव्य प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच एवं सोलर लाइट स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। जुलाई 2023 में प्रारंभ हुआ और इसे जनवरी 2024 में पूर्ण होना है। निरीक्षण के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण पाया गया। डीएम ने कार्य की गति तेज करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने पूरे विधि विधान से मंदिर में पूजन-अर्चन भी किया और मंदिर के ऐतिहासिकता एवं धार्मिक मान्यता के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आगामी दशहरे के दृष्टिगत मंदिर के आसपास साफ-सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

# फतेहपुर ग्राम पंचायत में धारा 144 लागू

अवधनामा संवाददाता

**ग्राम पंचायत की सीमान्तर्गत धरना-प्रदर्शन पर रोक**

**देवरिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 02/10/2023 को जनपद देवरिया के तहसील व थाना- रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम-फतेहपुर में घटित घटना के दृष्टिगत ग्राम फतेहपुर में विभिन्न संगठनों, राजनैतिक दलों व जनसमूहों द्वारा उक्त ग्राम-फतेहपुर के क्षेत्र में उपस्थित होकर विभिन्न प्रकार के धरना-प्रदर्शन, जुलूस आदि कार्यक्रम किये जाने के कारण कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो रही है।

उक्त आशंका के दृष्टिगत तहसील व थाना- रूद्रपुर के राजस्व ग्राम - फतेहपुर की सीमा में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ रखा जाना नितान्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि दं0प्र0सं0-1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक 09.10. 2023 से 08.11.2023 तक की अवधि के लिए निम्नलिखित आदेश पारित किया गया हैं, जो ग्राम पंचायत - फतेहपुर, (तहसील व थाना- रूद्रपुर की सीमा के लिए प्रभावी रहेगा।

1- राजस्व ग्राम - फतेहपुर (तहसील व थाना- रूद्रपुर) में 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एक समय, एक स्थान पर एकत्र नहीं होंगे।

2- कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की पंचायत / धरना-प्रदर्शन न तो बुलायेगा / न करेगा और न ही इस प्रकार के किसी धरना प्रदर्शन या कार्यक्रम में शामिल होगा।

3- कोई भी व्यक्ति स्वयं या अन्य किसी के घर की छत पर ईट-पत्थर / आपत्तिजनक सामग्री एकत्र नहीं करेगा।

4- कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न ही कोई विस्फोटक पदार्थ अपने पास एकत्र करेगा और न ही रखेगा। विशेष परिस्थिति में उप जिला मजिस्ट्रेट - रूद्रपुर से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही कोई व्यक्ति लाइसेंसी शस्त्र लेकर चल सकेगा, परन्तु यह प्रतिबन्ध सिख समुदाय के व्यक्तियों के कृपाण धारण करने, वृद्ध, दिव्यांग, बीमार अथवा अन्धे व्यक्तियों के लिए लाठी का प्रयोग करने पर लागू नहीं होगा।

5- कोई भी व्यक्ति धार्मिक उन्माद / जातिगत विद्वेष उत्पन्न करने वाली भाषा का प्रयोग नहीं करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यन्त्र से उसे प्रचारित / प्रसारित करेगा। ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग निधारित मानक / डेसिबल के अनुसार उप जिला मजिस्ट्रेट - रूद्रपुर की अनुमति के उपरान्त ही किया जायेगा।

6- कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अफवाह सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से न तो प्रचारित / प्रसारित करेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा।

यह आदेश इस कार्यालय के पूर्व में पारित आदेश संख्या-562 / जे0ए0-2023, दिनांक 16.08. 2023. जो कि पूरे जनपद के लिए लागू है, के अतिरिक्त दं0प्र0सं0 की धारा-144 (3) में वर्णित प्राविधानों के क्रम में ग्राम फतेहपुर, तहसील व थाना- रूद्रपुर, जनपद देवरिया के लिए लागू रहेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि चूंकि परिस्थितियां ऐसी विद्यमान हैं, जिनमें तत्काल निवारण की कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता अपरिहार्य है, इसलिए यह आदेश तत्काल जारी किया जाना आवश्यक है तथा जो भी व्यक्ति इस आदेश से प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें सूचित किया जाना और सुनवाई का अवसर दिया जाना इस समय सम्भव नहीं है, इसलिए यह आदेश एकपक्षीय रूप से जारी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लघन करता पाया जाता है तो वह दं0सं0 की धारा-188 के अधीन दण्डनीय अपराध माना जायेगा और तदनुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## विस स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मे स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा स्तर की सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। पिछले दिनों से अमेठी में लगातार खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन हो रहा है जिसमें एक लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। सोमवार को स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने प्रतियोगिता के मैच का उद्घाटन किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल राकेश त्रिपाठी बी डी दीक्षित अमरेंद्र सिंह पिंटू अंजनी सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** श्री दुर्गा पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष सोनू कसौंधन ने उप जिलाधिकारी अमेठी को पत्र लिखकर यह मांग की है कि दुर्गा पूजा के दौरान नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा है कि विसर्जन के दिन शाम 4 बजे से नगर में छोटे वाहनों का प्रवेश भी वर्जित होना चाहिए। बताया है कि 15 अक्टूबर से दुर्गा पूजा का शुभारंभ होगा जो 28 अक्टूबर तक चलेगा 28 अक्टूबर को ही दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की जाएगी। विसर्जन का कार्यक्रम अपरान्ह 4 बजे से देर रात तक चलता है। बताया है कि ठेंगहा स्थित मालती नदी के घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। उधर ग्रामीण अंचल में भी कई स्थानों पर प्रतिमाओं का विसर्जन होता है दुर्गा पूजा संचालन समिति ने इस दौरान चाक चौबंद व्यवस्था की मांग की है। जगह-जगह सजने वाले पूजा पंडाल और दुर्गा पूजा समितियां के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई है।

# मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 200 अध्यापकों (बेसिक शिक्षा विभाग से - 100 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक - 100) का प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष, देवरिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार, देवरिया में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक, देवरिया ने उपस्थित अध्यापकों को मिलेट्स (सांवा, ज्वार, कोदो, मक्का एवं मडुआ) के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। डा मान्धाता सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मल्हना द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अध्यापक गण को मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में एवं मोटे अनाज के उपयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दिया गया इसी प्रकार से डा केएल मीणा, कृषि वैज्ञानिक एवं डा रजनीश श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी मोटे सांवा की उन्नतिशील खेती, बाजरा की खेती ज्वार की खेती, मडुआ की खेती, रागी की खेती आदि की बुवाई करने का सही समय एवं उसमें लगने वाले रोगों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक, देवरिया, श्री मृत्युंजय सिंह, जिला कृषि अधिकारी, देवरिया, डा मान्धाता सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डा केएल मीणा, कृषि वैज्ञानिक एवं डा रजनीश श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मल्हना तथा जिला विद्यालय निरीक्षण के यहां से 100 अध्यापक एवं बेसिक शिक्षा विभाग से 100 अध्यापक गण प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जन जागरूकता का शुभारंभ नुक्कड़ नाटक एवं सामाजिक मानचित्रण के माध्यम से हुआ



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड सलेमपुर के सभागार में जन जागरूकता का शुभारंभ नुक्कड़ नाटक एवं सामाजिक मानचित्रण के माध्यम से किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी आनन्द प्रकाश ने कहा कि पानी मानव जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है जिसे पूरा करने के लिए भारत सरकार महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक ब्यक्ति को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कि सभी को स्वच्छ जल सुगमतापूर्वक उपलब्ध हो सके उन्होंने कहा कि 70 से 80 प्रतिशत बिमारियां दूषित जल के कारण होती है। इस दौरान राज्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छ पानी विश्व का बड़ा संकट है पूरी दुनिया में 40℅लोगो को स्वच्छ जल उपलब्ध है और दूषित जल के सेवन तथा दूषित जल एकत्रित होने के कारण 70℅ बिमारिया होती है जिनके कारण आम जनमानस का हजारों रूपया बर्बाद हो जाता है,जल जीवन मिशन इन बिमारियों को रोकने में मददगार सिद्ध होगा पानी ही एक ऐसा तत्व है जिसे बनाया नहीं जा सकता सिर्फ बचाया जा सकता है। राज्य प्रशिक्षक आलोक तिवारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जन भागीदारी के द्वारा स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है जिसके सेवन से जल जनित बीमारियो से मुक्ति मिलेगी। एडीओ पंचायत अनिल कुमार चौबे ने बताया कि सभी को 55 लीटर/प्रति व्यक्ति/प्रतिदिन स्वच्छ जल मिलेगा लेकिन आप मिलने वाले जल का सही उपयोग करें।

## अंतरप्रांतीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा



**तमकुहीराज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** तरयासुजान पुलिस ने एक अंतरप्रांतीय मोटर सायकिल चोरो की गिरोह का खुलासा करते हुए दो चोरों के साथ 11 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान सिसवा बाजार में वाहन चेकिंग कर रहे थे कि दो बाईक सवार बिहार की तरफ से आते दिखायी दिए पुलिस ने जब उनसे गाड़ी की कागजात की मांग की तो हिला हवाली करने लगें। पुलिस जब कड़ाई से पेश आयी तो सारा मामला खुल कर सामने आ गया। पकड़े गये मोटरसाइकिल सवार अंतरप्रांतीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सरगना निकले। पकड़े गये लोग बिहार सिमा से मोटरसाइकिल की चोरी करते है तथा बिहार ले जाकर कम दाम में बेच देते है। इनके द्वारा बिरवट के झाड़ियों में दस गाड़िया छुपा कर रखे थे। पुलिस ने सभी बाइक बरामद किया। पकड़े गए चोरो की पहचान संजीत यादव पुत्र दूधनाथ बरई पट्टी थाना यादवपुर गोपालगंज बिहार व सोहेल पुत्र नईम डोमहाटा थाना माझा गढ़ गोपालगंज के रूप में हुई।

## दबिश में 30 लीटर अवैध शराब बरामद

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के ग्राम दादरा बैसरा व औरंगाबाद में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और करीब 100 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 02अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।

# एक क्लिक पर पाए उपयोगी सेवाएं

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि जनपदवासी सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवा मित्र पोर्टल के माध्यम से विभिन्न तरह की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। यह जिओ लोकेशन आधारित पोर्टल है, जो ग्राहकों एवं सर्विस प्रोवाइडर के मध्य सेतु की तरह कार्य करता है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से आमजन कारपेंटर, प्लंबर, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, आरओ रिपेयर मैकेनिक, एसी मैकेनिक, ड्राइवर, ब्यूटीशियन, सैलून, केटरिंग सर्विस, पैथोलॉजी, रसोइया, दाई जैसी रोज़मर्रा से जुड़ी 20 से अधिक सेवाओं को घर बैठे एक क्लिक में हासिल कर सकते हैं। यह ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्य करता है। जिलाधिकारी ने बताया कि हुनरमंद कामगार सेवामित्र पोर्टल www. sewamitra.up. gov.in पर अथवा सेवामित्र एप पर अपना पंजीकरण करा लें। इससे उन्हें घर बैठे ऑर्डर मिलेंगे और उन्हें रोजगार प्राप्त होगा। समस्त सरकारी विभाग एवं संबद्ध संस्थानों में प्राथमिकता के आधार पर सेवा मित्र पोर्टल से सेवाएं प्राप्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि सेवा मित्र पोर्टल पर स्किल्ड वर्कर एवं सर्विस प्रोवाइडर के लिए अलग-अलग निःशुल्क पंजीकरण सुविधा उपलब्ध है। आमजन इस पोर्टल पर अपना लॉगिन आईडी बनाकर आवश्यक सेवाओं की बुकिंग करा सकते हैं। सेवाओं की प्राप्ति के लिए सेवा मित्र हेल्पलाइन नंबर 155330 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सेवामित्र पोर्टल हेल्पलाइन नंबर एवं सेवामित्र एप पर सोमवार से शनिवार सुबह 9:30 से शाम 6:30 के मध्य सेवाएं प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवामित्र पोर्टल एक ऑल इन वन प्लेटफार्म है, जो नागरिकों को स्किल्ड कामगारों से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराता है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक सेवामित्र पोर्टल का उपयोग करने का अनुरोध किया।

- **हुनरमंद कामगार सेवामित्र पोर्टल पर कराये पंजीकरण, घर बैठे मिलेगा काम**
- **सेवामित्र हेल्पलाइन नंबर 155330 पर करें संपर्क**



## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार रेलवे स्टेशन के उत्तर रेल ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 23 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र अहिरौली बाजार के छोटा असना निवासी वीरेंद्र सिंह उर्फ कमलेश सिंह का छोटा बेटा प्रदीप सिंह एक सप्ताह पूर्व विदेश से अपने दादा की मृत्यु की खबर सुनकर घर लौटा था।प्रदीप सुबह किसी काम से बोदरवार आया था। सम्भवतः बाजार में जल्दी पहुंचने के चक्कर में वह रेल ट्रैक पार कर बाजार की ओर जा रहा था। तब तक दरभंगा अन्त्योदय एक्सप्रेस आ गई तथा प्रदीप उसकी चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची बोदरवार चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सूर्यभान यादव ने बताया शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# गर्भावस्था में दो बार और बच्चों का पांच साल में सात बार टीकाकरण अनिवार्य

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत जिले में नौ अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक गर्भवती और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण की सेवा लेने से चूक गयीं गर्भवती और बच्चों के टीकाकरण पर अभियान के दौरान विशेष जोर रहेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने पिपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से जिला स्तरीय अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने जनपदवासियों को संदेश दिया कि गर्भावस्था में दो बार और बच्चों को पांच साल की उम्र तक सात बार नियमित टीकाकरण की सुविधा दिलवाना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि तीसरे चरण के अभियान के दौरान 2740 सत्र लगा कर 22367 बच्चों और 5689 गर्भवती का टीकाकरण किया जाना है। नियमित टीकाकरण गर्भवती को टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी बीमारी से बचाता है। बच्चों का यह मीजल्स, टिटनेस, इंसेफलाइटिस जैसी तेरह प्रकार की जानलेवा बीमारी से बचाव करता है। टीकाकरण सत्र की जानकारी और सुविधा अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एएनएम की मदद से प्राप्त की जा सकती है । अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर 104 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है । गर्भवती को पहला टीका गर्भावस्था का पता चलने पर और दूसरा टीका एक महीने के अंतराल पर अवश्य लगवा लेना चाहिए। डॉ दूबे ने बताया कि सरकारी अस्पताल के सभी टीके दो से आठ डिग्री के तापमान के बीच सुरक्षित रखे जाते हैं। यह पूरी तरह से असरकारक हैं । कुछ टीके लगने के बाद बुखार आ सकता है, लेकिन इससे कोई हानी नहीं होती है । यह टीके का असर होता है जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी दिक्कत से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग दवा भी देता है । यह टीके का ही प्रभाव है कि पूर्वांचल से बच्चों में होने वाला जापानी इंसेफेलाइटिस लगभग समाप्त होने वाला है।

### आशा कार्यकर्ता ने की मदद

पिपरौली क्षेत्र की बांसपार निवासी रागिनी (27) ने बताया कि वह चार माह की गर्भवती हैं। उन्होंने एक निजी अस्पताल में पैसे देकर गर्भावस्था की जांच कराई थी। गांव की आशा कार्यकर्ता किरण को जब पता चला तो उन्होंने रागिनी को बताया कि गर्भावस्था संबंधित सभी जांच व टीकाकरण की सुविधा सीएचसी पर भी उपलब्ध है। अभियान के दौरान एएनएम ममता ने उन्हें टीडी का टीका लगाया। रागिनी का कहना है कि अब वह सीएचसी पर सरकारी प्रावधानों के तहत उपलब्ध सभी सेवाओं का लाभ जरूर लेंगी।

# महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा एक जोड़ी की विदाई



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला सहायता परामर्श केंद्र में मुख्य आरक्षी रोशन जहां ,महिला आरक्षी सीमा शर्मा , महिला आरक्षी रेनू यादव वरिष्ठ पत्रकार मारोराम पांडे ,उषा शर्मा काउंसलर ,अमर बहादुर सिंह सदस्य के अध्यक्ष प्रयास से आज लगभग 1 साल से विवादित मामले को समझा कर विदाई करवाई। आवेदीका सबरीन पुत्री रशीद अहमद निवासी ग्राम रुसहवा सैदखानपुर थाना कूरेभार को उनके पति मुफीद अहमद पुत्र इश्तियाक निवासी ग्राम रानापुर थाना इनायत नगर जिला अयोध्या को समझा बुझाकर उनके साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी दिनों से विवादित चल रहा था, किंतु आज हमारे सारे मतो को भूलाकर वह अपनी पत्नी को विदा कर कर ले गए। इसकी भूरी भूरी सराहना की जाती है वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ-साथ नहीं सोच भी लोगों में जागृत हो रही है।जनवरी से लेकर आज तक लगभग सैकड़ो परिवार जो पड़ी मनमुटाव के चलते अलग-अलग रह रहे थे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केंद्र के सदस्य के अध्यक्ष प्रयास से एक दूसरों के साथ जीवन यापन कर हंसी खुशी से जी बसर कर रहे हैं। पुलिस परिवार का या बहुत ही सराहनीय काम है और इसमें नाम सदस्यों का बहुत ही अच्छा योगदान रहता है। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे ने बताया कि इस परिवार परामर्श केंद्र का मुख्य उद्देश्य छोटी-छोटी बातों से अलग रह रहे हैं पति-पत्नी को समझा बुझाकर एक नई सुनहरे जीवन की शुरुआत और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## "उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान" हेतु 10 नवम्बर तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं नामांकन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों, जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्य क्षेत्रों यथा-कला व संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,साहित्य, शिक्षा, खेल, समाजसेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है, उन्हें वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। उ.प्र. गौरव सम्मान हेतु चयनित/पुरस्कृत कलाकार/महानुभावों को रू. 11.00 लाख (रू. ग्यारह लाख) नकद धनराशि, अंगवस्त्र एवं ताम्रवस्त्र/मोमेन्टो भेंट स्वरूप प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार हेतु इच्छुक महानुभाव 10 नवम्बर 2023 तक अपने नामांकन निर्धारित प्रपत्र पर प्रेषित कर सकते हैं।

# डीएम के प्रयास से निर्विवादित वरासत में जनपद को प्रदेश में मिला अव्वल स्थान

- 04 माह 09 दिवस की अल्पावधि में 10278 वरासतों का हुआ अंकन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में जनपद में 29 मई 2023 से 09 अक्टूबर 2023 तक की अवधि में निर्विवादित वरासत से सम्बन्धित प्राप्त हुए 11731 आवेदन-पत्रों में से निर्विवादित 10278 आवेदन पत्रों में आदेश पारित कराकर उनके परिजनों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराते हुए निःशुल्क खतौनी वितरण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 05 अक्टूबर 2023 को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में पाया गया कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच ने निर्विवादित वरासत दर्ज करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले को यह उपलब्धि प्राप्त होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की है कि जिले में कोई भी प्रकरण चिन्हित होने से छूटे न क्योंकि यह अनवरत समीक्षा एवं पर्यवेक्षण का कार्य है। सभी अधिकारी कृषकों के हितो एवं सम्मान के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार रूचि, निष्पक्षता एवं ऊर्जा से कार्य करें, ताकि निर्विवादित मृतक खातेदारों के वारिसानों का नाम अभिलेखों में समय से दर्ज हो और उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई न होने पाये। जनपद में कुल उपलब्धि तहसीलवार योगदान की बात की जाय तो तहसील बहराइच सदर में 1659, नानपारा में 2123, कैसरगंज 2210, महसी में 1702, पयागपुर 1494, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 1090 निर्विवादित मृतक खातेदारों के वारिसानों का नाम अभिलेखों में दर्ज कर उन्हें खतौनी का वितरण किया गया।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 अक्टूबर को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यों पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# जिला उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक हुई संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक मारवाड़ी धर्मशाला सीताकुंड पर जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में व नगर अध्यक्ष आनंद पांडेय के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक में बाजारों की निष्क्रिय हो गई इकाइयों को पुनः बनाने व आगामी संगठन के होने वाले सपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के विषय में विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की संगठन लगभग पिछले 42 वर्षो से व्यापारियों की सुरक्षा मान सम्मान के लिए कार्य कर रहा है।हमे अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री इलियास खान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एजाज खान, जिला युवा अध्यक्ष बृजेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जुबैर अहमद,जिला मंत्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष निसार अहमद राजा, नगर युवा अध्यक्ष अजमत खान, नगर महामंत्री मो शहजाद, नगर मंत्री मंजूर खान,नगर मंत्री राहुल मोदनवाल,नगर उपाध्यक्ष राहुल पटवा,नगर उपाध्यक्ष सतप्रीत सिंह,आदि सैकड़ों की संख्या में व्यापारी व संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आरटीआई के तहत सूचना न देने पर होगी कार्रवाई

- 30 दिन के अंदर ही उपलब्ध करायें सूचनाः सूचना आयुक्त
- आरटीआई की मूल भावना के आवेदनों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** आरटीआई को लोगों के लिए लाभदायक बनाने, आरटीआई के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने एवं आरटीआई का जवाब देते समय अधिकारियों के समक्ष आने वाली दिक्कतों के समाधान को लेकर राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा व जागरूकता बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने कई अधिकारियों से बातचीत कर जन सूचना देते समय आने वाली दिक्कतों के बारे में पूछा जिस पर डीपीआरओ एआरटीओ, डीआईओएस, जिला गन्ना अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों ने अपने-अपने सवाल रखें जिसका सूचना आयुक्त ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों से कहा कि वह आरटीआई की धारा 6, 18, 19 व 20 का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें इन धाराओं के अध्ययन से उन्हें आरटीआई का जवाब देने में सरलता होगी। आरटीआई के तहत मांगी गयी सूचनाओं आरटीआई के मूल भावना के तहत हो शिकायतों का निस्तारण का जवाब 30 दिन के अंदर आवेदक को उपलब्ध कराया जाए। यदि मांगी गयी सूचना आपके विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे 5 दिन के अंदर संबंधित विभाग को अन्तरण कर दिया जाए इसमें कोई भी लापरवाही ना बरती जाए।

उन्होंने जन सूचना अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की मूल भावना के अनुरुप आरटीआई आवेदनों का निस्तारण करने का निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा सूचना देते समय व्यापक लोकहित का ध्यान रखा जाए।

सूचना आयुक्त ने कहा कि आरटीआई के बारें में जागरूकता फैलाने एवं इसको सरल बनाने के उद्देश्य से सूचना की दुनिया यूट्यूब चैनल बनाया गया है। आमजन व जन सूचना अधिकारी इस चैनल के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते है। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों से इसका प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। सूचना आयुक्त ने कहा कि यदि किसी प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में सूचना नहीं दी जा रही है तो आवेदनकर्ता को 30 दिवस के अन्दर सूचना न देने के कारणों से अवश्य अवगत कराया जाय। आयुक्त ने सभी सम्बन्धित से कहा कि किसी भी परिस्थिति में 30 दिन की समय सीमा का उल्लंघन न किया जाय। बैठक के दौरान जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, समस्त एसडीएम व तहसीलदार, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीपीओ सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों को उपकरण मील का पत्थर साबित होंगे

**ललितपुर।** नगर संसाधन केंद्र नगर क्षेत्र ललितपुर में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह के द्वारा दिव्यांग बच्चों को 21 ट्राई साइकिल, 38 व्हीलचेयर, 10 बैसाखी, 8 ब्रेल किट, 10 रोलेटर, 3 स्मार्ट कैन, 10 कैलीपर, 28 कान की मशीन एवं अन्य उपकरण वितरण किया गया, जिसमें एलिम्को कानपुर से विशेषज्ञों द्वारा उपकरण की उपयोगिता की जानकारी हरिशंकर सिंह, रामानंद, मोहनजी, अमर बहादुर एवं प्रांजल ने लोगों को उपकरण पर विस्तृत जानकारी दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को उपकरण उनके से पुनर्वासन में मदद मिलेगी तथा खंड शिक्षा अधिकारी जखौरा के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण मिलने से मील का पत्थर साबित होगा।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 56235761 | Electromagnetic Crack Detector for Coil Spring of LHB Coaches with accessories as per Specification attached along with Installation & Commissioning | 01 Nos | 02.11.2023 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। निविदा नोटिस सं0. ईपीएस/56/2023–2024 ईमेल पताः dycmmcb15@gmail.com 3123/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तीन माह तक लगातार कम प्रगति वाले विभागों पर कार्यवाही तयः डीएम




**ललितपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में माह सितम्बर 2023 की कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों/प्रवर्तन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि 3 माह तक लगातार प्रगति कम होने पर सम्बंधित विभाग के विभागाध्यक्ष को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि आबकारी, विद्युत एवं वन विभाग की प्रगति कम है, प्रगति बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग राजस्व प्राप्तियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास तेज करें, साथ ही आरसी वसूली में प्रगति बढ़ायें। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि नगर पंचायतों में राजस्व प्राप्तियों की स्थिति में सुधार हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व प्राप्तियों की बुकलेट में मण्डल एवं प्रदेश में जनपद का स्थान भी प्रदर्शित करें। बैठक में व्यापार कर, भूराजस्व, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, कर-करेत्तर, आबकारी, सिंचाई, नगर विकास, मालकर, वाहनकर व यात्री कर, वाणिज्यकर, वन विभाग, खनन एवं विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अमित कुमार, उप जिलाधिकारी तालबेहट राम यादव, ईओ नगर पालिका, एआरटीओ मो.कय्यूम, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चर्चित घनश्याम त्रिपाठी हत्याकांड का हुआ पटाक्षेप

अवधनामा संवाददाता



- मुख्य मुलजिम 50 हजार का इनामिया अजय नारायण सिंह गिरफ्तार
- गिरफ्तारी नही होने पर बढ़ रही थी राजनैतिक गतिविधियां
- स्पेशल डीजी ने सुल्तानपुर पुलिस की किया सराहना

**सुल्तानपुर।** जिले में पखवाड़े भर पहले चिकित्सक घनश्याम त्रिपाठी की नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नरायन पुर में निर्मम हत्या कर दी गई थी इस हत्याकांड को भाजपा जिला अध्यक्ष रहे गिरीश नारायण सिंह के भतीजे अजय नारायण सिंह ने अंजाम दिया था। इस हत्याकांड की आग प्रदेश तक पहुंच गई थी। मामले में एफआईआर हुई कार्यवाही के लिए राजनैतिक और गैर राजनैतिक संगठन लाम बंद हो गए। इस मुकदमे में सभी आरोपी करीब-करीब गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुके थे। अजय नारायण सिंह की गिरफ्तारी न होने पर उस पर 50,000 का इनाम घोषित किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सौरभ सावंत, स्वाट टीम प्रभारी उपेंद्र सिंह, प्रवीण यादव,रविंद्र सिंह दरोगा अनूप सिंह की टीम लगाई थी टीम की छापेमारी और प्रेसर के चलते मुख्य आरोपी आज पायागी पुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी के बाद से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ गया है। वहीं पुलिस पर लग रहे तमाम आरोप भी खारिज होते दिख रहे हैं। इस बाबत स्पेशल डीजे प्रशांत कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर पुलिस का सराहनीय काम रहा है पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन एवं विनियमन

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा जौनपुर एवं जौनपुर सिटी के बीच कॉर्ड लाइन पर नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। यह कार्य जौनपुर, जफराबाद जं. और जौनपुर सिटी स्टेशनों पर सम्पन्न किया जाएगा। इससे लखनऊ मण्डल के तीन सेक्शन अर्थात उतरेटिया जं. – सुल्तानपुर जं. – जफराबाद जं. – वाराणसी जं. व बाराबंकी जं. – अयोध्या कैंट – जफराबाद जं. – वाराणसी जं. एवं जफराबाद जं. – मरियाहू – जंघई जं. स्टेशन प्रभावित होंगें। इस कार्य के सुरक्षित संपादन हेतु दिनांक 17.10.2023 से 28.10.2023 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे, परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी :–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04264 सुल्तानपुर जं. – वाराणसी जं. अनारक्षित/मेल/एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04263 वाराणसी जं. – सुल्तानपुर जं. अनारक्षित/मेल/एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04383 प्रयागराज संगम – जौनपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14202 रायबरेली जं – जौनपुर जं. एक्सप्रेस | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04246 जौनपुर जं. – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14201 जौनपुर जं. – रायबरेली जं स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04384 जौनपुर जं. – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04245 प्रयागराज संगम – जौनपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14214 गोंडा जं. – वाराणसी जं. इंटरसिटी | 17.10.2023 से 29.10.2023 |
| 14213 वाराणसी सिटी – गोंडा जं. इंटरसिटी | 16.10.2023 से 28.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14854 जोधपुर जं. – वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10,19.10, 21.10, 23.10 एवं 26.10.2023 |
| 19167 अहमदाबाद जं. – वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 19.10, 21.10, 23.10, 24.10 एवं 26.10.2023 |
| 18104 अमृतसर जं. – टाटानगर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10, 20.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 13238 कोटा जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 19.10, 20.10, 22.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 18103 टाटानगर जं. – अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10,18.10, 23.10 एवं 25.10.2023 |
| 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर – कामाख्या जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 19.10.2023 |
| 19313 इन्दौर जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10 एवं 18.10.2023 |
| 19321 इन्दौर जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 21.10.2023 |
| 15668 कमाख्या जं.– गांधीधाम जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 15636 गुवाहाटी – ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 18.10 एवं 20.10.2023 |
| 14015 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 17.10.2023 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 19.10 एवं 26.10.2023 |
| 13009 हावड़ा जं. – योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. – ऊँचाहार जं. – रायबरेली जं. – लखनऊ | 16.10.23 से 27.10.2023 |
| 12238 जम्मू तवी – वाराणसी जं. बेगमपुरा एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 18.10, 19.10 एवं 27.10.2023 |
| 12370 देहरादून – हावड़ा जं. कुम्भ एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 19.10, 20.10, 22.10, 23.10, 24.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10, 21.10 एवं 25.10.2023 |
| 22356 चण्डीगढ़ – पाटलिपुत्र जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 19.10, 23.10 एवं 26.10.2023 |
| 13240 कोटा जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 18.10, 21.10, 23.10, 24.10 एवं 25.10.2023 |
| 11059 लोकमान्य तिलक (ट.) – छपरा जं. छपरा एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी –औंड़िहार जं. | 17.10, 19.10, 21.10, 24.10 एवं 26.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 11055 लोकमान्य तिलक (ट.) – गोरखपुर गोदान एक्स. | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी –औंड़िहार जं. | 16.10, 18.10, 20.10, 22.10, 23.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 11060 छपरा जं. – लोकमान्य तिलक (ट.) एक्सप्रेस | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी –वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 19.10, 21.10, 23.10, 26.10 एवं 28.10.2023 |
| 11056 गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट.) गोदान एक्सप्रेस | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 18.10, 20.10, 22.10, 24.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 14611 गाजीपुर सिटी –श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | जौनपुर जं. – अयोध्या कैंट – बाराबंकी जं. – लखनऊ | 20.10.23 एवं 27.10.2023 |
| 19045 सूरत – छपरा जं. ताप्ती गंगा एक्सप्रेस | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – मऊ जं. | 16.10, 18.10, 19.10, 20.10, 22.10, 23.10, 25.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 09065 सूरत – छपरा जं. स्पेशल क्लोन रेलगाड़ी | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – औंड़िहार जं. | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 09066 छपरा जं. – सूरत स्पेशल क्लोन रेलगाड़ी | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. – जिवनाथपुर | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 00901 सूरत – नारायणपुर अनंत पार्सल स्पेशल | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – औंड़िहार जं. | 20.10 एवं 27.10.2023 |
| 00902 नारायणपुर अनंत – सूरत पार्सल स्पेशल | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी वाराणसी जं. – जिवनाथपुर | 22.10.2023 |
| 22613 रामनाथपुरम – अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | फाफा मऊ जं. – प्रतापगढ़ जं. सुल्तानपुर जं. – अयोध्या कैंट | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 22614 अयोध्या कैंट – रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | अयोध्या कैंट – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – फाफा मऊ जं. | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 22104 अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) सुपरफास्ट एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10 एवं 24.10.2023 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – प्रतापगढ़ जं. सुल्तानपुर जं. – अयोध्या कैंट | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 20941 बान्द्रा टर्मिनस – गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 20.10, 22.10 एवं 27.10.2023 |
| 22434 आनन्द विहार टर्मिनल – गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 16.10, 20.10, 23.10 एवं 27.10.23 |
| 22433 गाजीपुर सिटी – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 21.10, 24.10 एवं 28.10.2023 |
| 20942 गाजीपुर सिटी – बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 22.10 एवं 24.10.2023 |
| 04056 आनन्द विहार टर्मिनल – बलिया एक्सप्रेस क्लोन स्पेशल | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 04055 बलिया – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस क्लोन स्पेशल | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 19.10 एवं 26.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का विनियमन

रेलगाड़ी संख्या 13414 दिल्ली जं. – मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2023, 18.10.2023, 21.10.2023, 23.10.2023, 25.10.2023 एवं 28.10.2023 को मार्ग में 30 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 13483 मालदा टाउन – दिल्ली जं. – फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 17.10.2023, 18.10.2023, 20.10.2023, 22.10.2023, 24.10.2023, 25.10.2023 एवं 27.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 13413 मालदा टाउन – दिल्ली जं. – फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2023, 19.10.2023, 21.10.2023, 23.10.2023 एवं 26.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 14007 रक्सौल जं.–आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस दिनांक 25.10.2023 एवं 27.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 14015 रक्सौल जं.–आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस दिनांक 22.10.2023 एवं 24.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर – कामाख्या जं. एक्सप्रेस दिनांक 26.10.2023 को मार्ग में 120 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 19313 इन्दौर जं. – पटना जं. दिनांक 23.10.2023 एवं 25.10.2023 को मार्ग में 120 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12238 जम्मू तवी – वाराणसी जं. बेगमपुरा एक्सप्रेस दिनांक 20.10.2023, 21.10.2023, 22.10.2023, 23.10.2023, 24.10.2023, 25.10.2023 एवं 26.10.2023 को मार्ग में 30 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन 139 रेलमदद वेबसाइटः https://enquiry.indianrail.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ पर हमें फॉलो करें

# सरकार की योजनाओं को घर-घर जा कर बताएं: राहुल

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोमवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष नन्द लाल गुप्ता और भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय के निर्देश पर युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं की बैठक लिया गया जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के सोसल मीडिया प्रमुख व सभासद राहुल श्रीवास्तव को चुर्क मण्डल की जिम्मेदारी दी गई। डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पे पुष्प चढ़ा कर बैठक को प्रारंभ किया गया। जिसके



बाद राहुल ने बैठक में मण्डल के सभी पदाधिकारियो को भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सभी पदाधिकारी को सरकार की उपलब्धियों को घर घर पहुचाने के लिए कहा। राहुल ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए नौ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए तमाम प्रमुख कार्यों का ब्योरा दिया। इन प्रमुख फैसलों में उन्होंने कोविड-19 के दौरान देश भर में मुफ्त में हुए वैक्सीनेशन, डिजिटल क्रांति, तमाम परिवारों को पक्का घर, खुले में शौच से निजात के लिए किए गए प्रयास, उज्ज्वला योजना, घरों तक पानी पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन, गरीब व कमजोर तबके के लिए मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान योजना, जन औषधि केंद्रों की शुरुआत, एक रुपये में सैनिटरी पैड, एयरपोर्ट जैसे भव्य रेलवे स्टेशन आदि का विस्तार का जिक्र किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा के आशीष कुमार विश्वकर्मा ने किया और संचालन मण्डल महामंत्री अजय पाण्डेय ने किया वही आशीष और अजय ने कहा कि हम सभी युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता भाजपा को 2024 में भारी मतों से विजयी बनाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं को घर घर बताएंगे। इस मौके मण्डल उपाध्यक्ष विवेक सिंह, शत्रुध्न बिन्द, मण्डल मंत्री आनंद मद्देशिया, विवेक पाण्डेय, अंकित पटेल, गिरजाशंकर, अमित विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में मच्छरदानी वितरित

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** इसका उद्देश्य बरसात के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों के खतरों को कम करना एवं स्थानीय निवासियों के समग्र कल्याण में योगदान करना है। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा मच्छरदानी के वितरण के साथ-साथ, स्थानीय निवासियों को मच्छरदानी के उपयोग और अन्य निवारक उपायों के महत्व के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम और जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा हैं। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा 300 से अधिक मच्छरदानी का वितरण कर कोटा ग्राम के जरूरतमंद ग्रामीण जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर), श्री प्रमोद तिवारी, ग्राम प्रधान



(कोटा), एवं एनटीपीसी सिंगरौली के टीम आदि उपस्थित रहें। इस अभियान के तहत निकट भविष्य में भी एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा मच्छरदानी का वितरण आस-पास के जरूरतमंद ग्रामीण जनों को किया जाएगा।

# सपाइयों ने मनाया काशीराम का पर निर्माण दिवस

**समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई गोष्ठी वक्ताओं ने डाला जीवन पर प्रकाश**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोमवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि बहुजनों के चिंतक दलित समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले मान्यवर कांशीराम की पूर्णतिथि पर उन्हें नमन किया गया और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ के राजकुमार राजकुमार संघसि ने किया। मान्यवर कांशीराम के चित्र श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम जी एक ऐसे महान नेता थे जो हमेशा दलित कमजोर के बारे में सोचा करते थे उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम किया और और क्षेत्र में विकास करने का काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल, पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, परमेश्वर दयाल ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी महान नेता थे जो हमेशा दलितों वंचितों का सम्मान किया करते थे और उनकी लड़ाई लड़ने का काम किया करते थे। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई अनीता कोल और समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष गीता गौर ने कहा कि मान्यवर जी हमेशा हर समाज की महिलाओं को सम्मान देने का काम किया और उनकी लड़ाई लड़ने का काम किया।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता गौर,जेपी भारती, रमेश बागी, अशोक पटेल, रामाशंकर यादव, मुकेश सिंह विजय यादव, मनोज सिंह, बबलू धागर, आनंद चौबे, मनोज, अशोक, दीपक, सोनू, सुनील गौड़, रमेश, सूरज मिश्रा, शुभम पांडे, त्रिपुरारी, सत्यम, अभय, संजय यादव आज लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## एक दशक में एक सैकड़ा से ज्यादा जाने लील गया अंधा मोड़

**भरुआ सुमेरपुर।** बांदा मार्ग में पारा और नरहे बाबा आश्रम के मध्य पडने वाला अंधा मोड़ एक दशक में एक सैकडा से ज्यादा लोगों की जाने लील चुका है। बीती रात हुए हादसे में दो युवकों की मौत होने पर इस स्थान पर डिवाइडर बनाने की सुगबुगाहट शुरू होने लगी है। अगर यहां पर डिवाइडर बना दिया जाए तो काफी हद तक हादसों को रोका जा सकता है। बांदा मार्ग में पारा गांव में आगे बढ़ने पर एक तेज अंधा मोड़ है। नरहे बाबा आश्रम और पारा गांव के मध्य पडने वाला यह अंधा मोड एक दशक में सैकड़ो जाने लील गया है और सैकड़ों को अपाहिज बना चुका है। प्रत्येक माह यहां पर हादसे होते हैं। टेढ़ा के प्रधान नोखेलाल यादव, पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, आसाराम यादव, अजीत सिंह यादव आदि का कहना है कि हादसे रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी को यहां डिवाइडर बनाकर संकेतक लगाने चाहिए। तभी हादसों में काबू पाया जा सकता है। वर्ना इसी तरह इस अंधे मोड पर लोग जिंदगी से हाथ धोते रहेंगे।

# मिशन इंद्रधनुष का हुआ शुभारंभ

- 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा जिले भर में अभियान
- राबर्ट्सगंज नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से हुआ शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिसम्बर, 2023 तक खसरा और रूबेला उन्मूलन के क्रम में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के क्रम में - (9- से 14 अक्टूबर, ) के अक्टूबर, चरण का शुभारम्भ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अश्वनी कुमार द्वारा राबर्ट्सगंज नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवजात बच्चों को पोलियो की दो-दो बूँद पिलाकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कराना आवश्यक है जो



बच्चे किसी भी कारण से पूरे टीके नहीं लगवा पाते है उनके लिए सघन मिशन इन्द्रधनुष एक अतिरिक्त अवसर है जब हम उन्हें छूटे हुए टीके लगाकर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान कर सकते है। कार्यक्रम के संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रतिरक्षण) डा0 गिरधारी लाल ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के अक्टूबर 2023 चरण हेतु कुल 1501 अतिरिक्त सत्र आयोजित किये जायेंगे जिसमें गर्भवती महिलाओं का लक्ष्य 3643 एवं 0-5 वर्ष तक के बच्चों का लक्ष्य 16061 है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं MRv, MRw, TD Booster तथा 0-5 वर्ष तक के बच्चों को बी.सी.जी., ओ.पी.वी., पेंटावेलेंट, रोटावायरस, मिजिल्स / रूबेला, विटामिन ए. पी. सी. बी. का टीका सहित कुल 12 टीके लगाए जाएंगे। सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेपी सिंह, अपर / उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डब्ल्यूएचओ यूनिसेफ यूएनडीपी, फार्मासिस्ट मनोज कुमार एवं सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सीएम के आदेश के बाद नहीं शुरू हुआ मरम्मत कार्य

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इंगोहटा छानी मार्ग सहित सुमेरपुर ब्लाक की अन्य सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान नहीं शुरू हो सका है। जबकि घोषणा के 10 दिन गुजर चुके हैं। लोगों को आज भी हिचकोले खाते हुए गिरते-पड़ते सड़कों से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने सितंबर माह में घोषणा की थी कि दीपावली पर्व के पूर्व बदहाल सड़कों की मरम्मत कराकर चकाचक बनाया जाए। इस घोषणा के बाद पीडब्ल्यूडी ने बदहाल सड़कों को चिन्हित करके मरम्मत कराने की बात कही थी। लेकिन 10 दिन गुजर जाने के बाद किसी भी बदहाल सड़क में मरम्मत का कार्य नहीं शुरू हुआ है। मरम्मत के लिए सुमेरपुर ब्लाक की प्रमुख सड़क इंगोहटा छानी मार्ग को भी शामिल किया गया था लेकिन इस सड़क में अभी तक किसी तरह का कार्य शुरू नहीं किया गया है। लोग आज भी इस सड़क के भारी भरकम गढ्ढ़ों में गिरते-पड़ते हिचकोले खाते हुए गुजरने को मजबूर है।

## नियामतपुर प्रधान ने पूरे गांव को फ्री में वितरित किए हेलमेट



**शाहजहांपुर।** लापरवाही की वजह से हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए नियामतपुर गांव के प्रधान अभय प्रताप सिंह यादव ने सभी ग्राम वासियों को यातायात के नियमों का पालन करने एवं गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने का संदेश दिया। इस दौरान प्रधान अभय ने अपने पूरे गांव को निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया। प्रधान अभय ने बताया कि उनके गांव के कई नौजवान ऐसे थे जिनकी मौत सड़क दुर्घटना में हेलमेट न लगाने के कारण हुई। आए दिन इस तरह की घटनाएं देखकर उनका मन व्यथित था इसीलिए प्रधान ने ये अनोखी पहल की है ताकि लोग यातायात के नियमों के प्रति जागरूक हों। अभय ने कहा कि बाइक चलाते समय सभी लोग हेलमेट जरूर लगाएं क्योकि आपका जीवन मूल्यवान है।

# एनसीएल निगाही ने किया निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरो थेरेपी शिविर का भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** रविवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना ने निगाही स्टेडियम में निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरो थेरेपी शिविर का शुभारंभ किया। 8 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक चलने वाले इस शिविर का उद्घाटन महाप्रबंधक (निगाही) श्री हरीश दुहन के द्वारा किया गया। इस दौरान श्री दुहन ने अपने संबोधन में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। इस शिविर के माध्यम से डॉक्टर महेन्द्र रघुवंशी (एमडी-आयुर्वेदिक न्यूरो थेरेपी एवं वात रोग विशेषज्ञ) भोपाल एवं डॉक्टर मनोज शर्मा, राष्ट्रीय गुरु आयुर्वेदाचार्य (फाउंडर ऑफ आयुर्वेदिक न्यूरो थेरेपी) के द्वारा कंधे का जकड़ना, कूल्हे की हड्डी का



दर्द,कमर की नस का दबना,घुटने का दर्द, कमर का दर्द,लकवा,गर्दन का दर्द, रीढ़ की हड्डी का खिसकना,जोड़ों का दर्द, गठिया, वात इत्यादि रोगों का उपचार किया जाएगा। इस निःशुल्क शिविर में एनसीएल कर्मचारियों के अतिरिक्त आस - पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर निगाही क्षेत्र के विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिगण, अधिकारी संघ के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि निगाही क्षेत्र द्वारा समय समय पर आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

## निर्धन बच्चों को वितरित की पुस्तकें और कापियां

**बांदा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय लोक कल्याण समिति द्वारा निर्धन व मलिन बस्ती के बच्चो को निःशुल्क पाठ्य सामाग्री का वितरण किया।नगर के कटरा स्थित न्यू सिटी मांटेसरी स्कूल में समिति ने बाल संस्कार शाला में आने वाले नन्हे बच्चो को किट का वितरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी किशन कुमार ने सिरकत करते हुय कहा कि संस्था मलिन बस्तियो में निर्धन बच्चो को बेहतर तालीम देने का पुनीत कार्य कर रही है। पटेल सेवा संस्थान के महामंत्री विद्याभूषण ने कहा कि हमारी संस्था का उद्रदेश्य निहायत गरीब तबके के बच्चो को फ्री शिक्षा प्रदान करना है।जिससे कि कमजोर वर्ग के बच्चो को संस्कारवान बनाया जा सके। ऐसे बच्चो को मुख्य धारा से जोडकर एक अच्छा नागरिक बनाने की पहल है। हम सभी को समिति के कार्यो में सहायता करनी चाहिये। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक पटेल, रूप सिंह यादव, राकेश सिंह, स्वामी शुक्ला, नीतू सिंह, मोनम विश्वकर्मा, रजनी निषाद, महेन्द पटेल आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के आम जन की समस्याओं का तुरंत हो निस्तारण: रूबी प्रसाद

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र, विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में सम्भव दिवस सम्पन्न हुआ। प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र 5 नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 1, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में



0, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 1, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि नवरात्र पर्व के दृष्टिगत नगर में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल व मार्ग प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने हेतु सम्बन्धित कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया है।

# सांसद राज्यसभा सूचना विभाग की प्रदर्शनी का आज करेंगे उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु एवं ÷सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जनपद में 10 अक्टूबर 2023 से 12 अक्टूबर 2023 तक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही है।इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 10 अक्टूबर 2023 को सांसद राज्यसभा बाबूराम निषाद द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि तथा




- प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर सूचना विभाग द्वारा आयोजित हो रही है तीन दिवसीय प्रदर्शनी

उच्चाधिकारी गण मौजूद रहेंगे। इस भव्य चित्र प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर लोग प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो, नीतियों एवं योजनाओं की उपलब्धियो से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमे विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। वर्तमान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की इस प्रदर्शनी की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रदर्शनी में अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग कर चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की है।

# सख्त आदेशों के बाद नहीं संरक्षित हुआ बेसहारा गोवंश

अवधनामा संवाददाता

- कस्बे में मरकहे सांडों का आतंक

**भरुआ सुमेरपुर।** प्रशासन के तमाम सख्त निर्देशो के बाद भी बेसहारा गोवंश पंचायतों में संरक्षित नहीं हो पा रहा है। बेसहारा गोवंश अन्ना होने के कारण किसान अभी तक रबी की फसले बोने का साहस नहीं जुटा सका है। सबसे बुरा हाल ग्राम पंचायत इंगोहटा का है। यहां का बेसहारा गोवंश इंगोहटा के अलावा आसपास के गांवों के मौजों में भी धमा चौकड़ी मचाकर रात में इंगोहटा छानी मार्ग पर डेरा जमाता है। जिले के प्रभारी मंत्री के अलावा प्रशासन के सख्त आदेश है कि बेसहारा गोवंश सड़कों पर नहीं दिखना चाहिए। लेकिन धरातल पर यह आदेश हवा हवाई है। ब्लाक की सभी पंचायतों के साथ कस्बे में बेसहारा गोवंश रात दिन धमाचौकड़ी मचा रहा है। कस्बे में मरकहे सांडों का आतंक है। एक सांड बाइक सवारों को दौड़ा दौड़ाकर मारता है। पंचायतों में सबसे बुरा हाल इंगोहटा का है। यहां का बेसहारा गोवंश इंगोहटा के साथ आसपास के गांवों के मौजों में चहल कदमी करके रात को इंगोहटा के अंदर छानी मार्ग पर डेरा जमाता है। इससे राहगीर परेशान होते हैं। बेसहारा गोवंश के पूर्ण रूप से संरक्षित न होने के कारण अभी तक क्षेत्र में किसान रबी की फसलें बोने का साहस नहीं जुटा पा रहा है। पशु चिकित्साधिकारी डा. अंकुर सचान के मुताबिक सभी पंचायतों में बेसहारा गोवंश संरक्षित हो गया है लेकिन यह दावा किसी के गले नहीं उतर रहा है।

## एचटी लाइन के निकट मकानो में क्षैतिज और उर्ध्वाधर दूरी जरूरी

**बांदा।** हाईटेंशन लाइन के निकट मकान बनाना व रहना है तो क्षैतिज और उर्ध्वाधर दूरी जरूरी है। ऐसा न हुआ तो कोई हादसा इसी लाइन हो सकता है, इसके जिम्मेदार खुद गृहस्वामी होंगे। यह बात आरटीआई में यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ने रत्नेश गुप्ता को जवाब देते हुए कही। कहा कि जिसने मानक को दरकिनार किया उसको विभागीय नोटिस थमायी जा सकती है।शहर के बलखण्डी नाका निवासी रत्नेश गुप्ता समाजसेवी ने बताया कि एचटी लाइन के निकटवर्ती मकान बनाने में क्षैतिज और उर्ध्वाधर दूरी का मानक तय होना आवश्यक है वरना नियमतः विद्युत विभागीय अधिकारियो द्वारा नोटिस भेजी जा सकती है इतना ही नही यह भी है कि मुख्य लाइन से यदि कोई हादसा हुआ तो जिस मकान के स्वामियो ने मानको को दरकिनार किया उसको किसी तरह की क्षति होने का मुआवजा विभाग नही देगा।

# कुरारा में डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया



अवधनामा संवाददाता

- वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करें: यातायात प्रभारी

**हमीरपुर।** कुरारा कस्बे में यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह नें अपनी टीम के साथ अनियंत्रित हो रही डग्गामार व्यवस्था को काबू करने के लिए डग्गामार वाहनों की धरपकड़ की गई। जिसमें चार डग्गामार वाहनों को पकड़ कर थाने में खड़ा करवाया है। कस्बे के बेरी तिराहा, मनकी स्टैण्ड, भौली रोड आदि में डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमे दो मारुति वैन व दो तीन पहिया टेम्पो को गाड़ी के समुचित कागजात न होने पर उन्हें पकड़कर थाने में खड़ा करवाया गया । यातायात प्रभारी ने बताया कि यह अभियान चलता रहेगा। उन्होंने अभियान के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों हो यातायात के नियमों का पालन करें। इस दौरान यातायात प्रभारी एवं यातायात टीम मौजूद रही।

# नवदुर्गा महोत्सव कार्यक्रम में मानक के अनुरूप ही बजे साउंड सर्विस

- आम रास्ते पर न रखी जाए देवी प्रतिमाएं

अवधनामा संवाददाता

**पैलानी/बांदा।** पैलानी थाना में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा व सी ओ सदर अंबुजा त्रिवेदी ने आगामी नवदुर्गा महोत्सव को लेकर कमेटी के पदाधिकारी व संभ्रांत नागरिकों के साथ-साथ ग्राम प्रधानों की बैठक में कहा कि 60 डेसीबल के मानक के अनुसार ही साउंड



सर्विस बजे जिससे परेशानी ना हो, साथ ही साथ चौकीदारों को थाना व चौकी क्षेत्र में नवदुर्गा महोत्सव को लेकर वहां पहुंचे और शराबियों व ताश खेल रहे लोगों को तुरंत सूचना दे। साथ ही साथ बीट कांस्टेबल की उपस्थिति भी अनिवार्य है ।साथ ही साफ सफाई को लेकर कहा कि वह खंड विकास अधिकारी तिंदवारी को पत्र भेजकर पंडाल स्थल की साफ सफाई कराई जाने को लेकर पत्र भेजेंगे।, आगे कहा कि हाई कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार तालाब व नदी में देवी प्रतिमाएं विसर्जित नहीं होगी उनके लिए अलग से गड्ढा खुदवा कर पानी भरवा कर देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। वहीं सीओ सदर ने कहा कि पंडालों में साफ सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।मूर्तियों की ऊंचाई को लेकर भी कमेटियों से सवाल किया वही कहा कि सार्वजनिक मार्ग अवरोध न हो ऐसे में सत्रह बिंदु का फॉर्म भरकर थाने में जमा करे ।,कहां की हर मूर्ति के साथ-साथ दश दश कार्यकर्ताओं की सूची थाना पैलानी में सौंप दे। बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लसड़ा संजयसिंह ,ग्राम प्रधान खप्टिहाकला मैना देवी निषाद, ग्राम प्रधान रेंहुटा ओंकार निषाद, ग्राम प्रधान पिपरहरी सुरेंद्र सिंह ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सिंधन कला छेदीलाल वर्मा, पूर्व प्रधान राकेश चौरसिया, रामचंद्र निषाद आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगी ग्राम पंचायते

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आपरेशन त्रिनेत्र की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित की गयी। उक्त बैठक का संचालय जिला पंचायत राज अधिकारी धनश्याम सागर ने किया। आयोजित बैठक में आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत जनपद की ग्राम पंचायतो में विभिन्न योजनाओ तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) वित्त आयोग एवं अन्य योजनाओ के निर्मित सार्वजनिक पंचायतो को हस्तांतरित परिसम्पत्तियो की सुरक्षा, योजनाओ के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य का अच्छादन का आंकलन/अनुश्रवण तथा ओडीएफ प्लस होने में प्रयोग हेतु समस्त ग्राम पंचायतो में यथा संभव सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगाया जाने हेतु निर्देशित किया। समस्त ग्राम पंचायतो मे सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम ग्राम पंचायतो के प्रमुख स्थलो, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक उच्च प्राथमिक विधालय, प्रमुख मार्गो, ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार, मुख्य चौराहे तिराहे आदि पर लगवाया जायेगा। परन्तु व्यक्तिगत स्थानो पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने पर प्रतिबंध होगा। साथ-साथ जिलाधिकारी निर्देशित किया कि उक्त कार्यक्रम हेतु सर्वप्रथम उन्ही ग्राम पंचायतो का चयन किया जाए जिन ग्राम पंचायत में आपरेशन कायाकल्प, गौशाला निर्माण, आगनवाड़ी केन्द्र का कार्य पूर्ण हो चुका हो, उन्ही ग्राम पंचायतो का कार्य पूर्णतः चयन कर आपरेशन त्रिनेत्र का संचालन पंचायत सचिवालय से कराया जाए।

# नई कामना का नाम है 'वैक्सीन वार' सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो



सीएम ने की अपील- यूपी का हर युवा जरूर देखे वैक्सीन वार फिल्म

**लखनऊ/उन्नाव।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के ग्राम डौंडियाखेड़ा में 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राव रामबख्श सिंह की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। सीएम ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार यह अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का पक्ष-पितृपक्ष है। आजादी की अलख जगाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा रामबख्श सिंह की भव्य-दिव्य प्रतिमा के लोकार्पण का सौभाग्य मिला है। सीएम ने शारदीय नवरात्रि की भी शुभकामनाएं दीं। सीएम ने यूपी के युवाओं से वैक्सीन वार फिल्म देखने का आह्वान करते हुए षडयंत्रों करने वालों को बेनकाब करने की अपील की। सीएम ने कहा कि भारत में कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन व 220 करोड़ फ्री वैक्सीन देने का कार्य हुआ है। नई फिल्म आई है-वैक्सीन वार, इसमें आप देखेंगे कि भारत की शानदार वैज्ञानिक उपलब्धियों को लेकर भारत ने दुनिया के अंदर क्या मिसाल प्रस्तुत की है। भारत के खिलाफ षडयंत्र करने वाले शत्रुओं को बेनकाब करने वाला, भारत के महान वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए अनुसंधान व भारत को वैश्विक मानचित्र पर नया सम्मान दिलाने की नई कामना का नाम है वैक्सीन वार। हर विद्यार्थी-युवा से कहूंगा कि इस फिल्म को जरूर देखें और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति करें। उन षडयंत्रों को समझें, जो भारत व भारतीयता के खिलाफ की जा रही है। ऐसा करके कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। इन लोगों को समझने, कृत्यों को एक्सपोज करने और दुनिया के सामने बेनकाब किए जाने की आवश्यकता है। वैक्सीन वार उस दिशा में किया गया बेहतरीन प्रयास है। इन्हें जनसमर्थन प्राप्त होना ही चाहिए। मैं आह्वान करुंगा कि यूपी का हर युवा इस फिल्म को देखने जरूर जाए। जब देश महामारी से लड़ रहा था, यह लड़ाई व्यक्ति की नहीं थी। जब कैप्टन के रूप में प्रधानमंत्री लीड कर रहे थे, तब कुछ लोग दुष्प्रचार कर इस लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे।

### हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है उन्नाव

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्नाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जगह है। न केवल धार्मिक व आध्यात्मिक जागरण के लिए, बल्कि अनेक सुप्रसिद्ध संतों ने जन्म लेकर और कर्मभूमि बनाकर इस क्षेत्र को सदैव जीवंत बनाए रखने में योगदान दिया। अनेक विभूतियों का सानिध्य इस धरती को मिला है। इस धरा पर क्रांतिकारी नायक-महानायकों ने जन्म लिया है। अपने कृतित्व से इस धरा को धन्य करते हुए आने वाली पीढ़ी के सामने नई पहचान प्रदान की है।

### सीएम बोले-एशियन गेम्स में मेडल के रूप में लगी भारत की सेंचुरी

सीएम ने कहा कि मौजूदा काल में भारत ने दुनिया के सामने मानक बनाए हैं। पहली बार एशियन गेम्स में मेडल के रूप में भारत की सेंचुरी लगी। पहली बार भारत ने सौ से अधिक पदक जीते। 2018 में हुए एशियन गेम्स में 70 पदक जीते थे, इस बार 107 मेडल भारत ने जीते। यह नए भारत के नए सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है।



अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी के प्रभार जनपद 'कालीन नगरी' भदोही में 'अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला' का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हुआ। यह अंतराष्ट्रीय कालीन मेला यहां की हस्तनिर्मित कालीन की सांस्कृतिक विरासत एवं बुनाई कौशल को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा महिला बुनकरों को सम्मानित व ODOP मार्जिन मनी योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का चेक भी वितरित किया गया।

# मेले मे 80 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने किया। उन्होंने मेले में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि टाटा मोटर्स लि0, पंतनगर, उत्तराखण्ड एवं जय भारत मारूति लि0, अहमदाबाद गुजरात मे जॉब लिए 150 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 80 अभ्यर्थियों को 12,270 से 18,200 रूपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के ऑफर दिये गये।

### जीआरपी ने 24 घण्टे में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी चारबाग ने अभियुक्त हारून अली निवासी फैजुल्लागंज को मोहबिल्लापुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। बीते शनिवार को बख्शी का तालाब रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ईंट से महिला पर हमला कर दिया था। इलाज के दौरान घायल महिला की रविवार को मौत हो गई। जीआरपी ने खुलासा करते हुए बताया कि महिला के प्रेमी ने ही आपसी विवाद और पैसों के लेनदेन में इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक महिला का नाम सुशीला था। उसके पति की कुछ साल पहले मौत हो चुकी थी। कुछ समय पहले महिला की मुलाकात फैजुल्लागंज निवासी हारून से हुई थी।

# जे पी नारायण भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता व समाज सुधारक थे: गर्ग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऐशबाग शाखा मे एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री कामरेड आर रन गर्ग ने कार्यक्रम का शुभ आरम्भ लोक नायक स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण के फोटो पर माला चढ़ा कर उन्हें पुष्प अर्पण करके किया और जे पी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की जे पी नारायण एक भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे, जय प्रकाश नारायण 1947 से 1953 के बीच भारतीय रेल के सबसे बड़े संघ आल इंडिया मेंस फ़ेडरेशन के अध्यक्ष थे जिन्हें विशेष रूप से 1970 के दशक के मध्य में प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए याद किया जाता है, जिसे उखाड़ फेंकने के लिए उन्होंने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया था। 1999 में, उनके सामाजिक कार्यो के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

कामरेड मोहम्मद नसीम ने बताया की ऐशबाग रेलवे कालोनी मे जगह जगह पर गंदगी और कूड़े के ढेर रहते है सड़को की हालत खस्ता हाल है रेल क्वाटरो मे पानी बिजली की समस्या आम होती जा रही है रेल प्रशासन अगर इस पर जल्द से जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाता है तो हमारी एन ई रेलवे मजदूर यूनियन को मजबूर हो कर जे पी के दिखाए रास्ते पर चल कर शांति पूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा इस अवसर पर अरविन्द वर्मा, सूरज पांडे, टी एन मौर्या, चंदन यादव, रोहित कुमार,संजीव कुमार,लाल जी वर्मा, सर्वेश कुमार, जीतेन्द्र यादव, गोधन कुमार,देवेंद्र प्रताप सिँह, आशीष मिश्रा, जय प्रकाश,सिराज खान, संजीव कुमार राम मिलन अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 18 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** रेलसेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 30 सितम्बर को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 18 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सोमवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपल्याल ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

# राजीव कुमार ने ग्रहण किया अपर मण्डल रेल प्रबंधक इंफ्रा का पदभार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजीव कुमार ने पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में अपर मण्डल रेल प्रबंधक इंफ्रा का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व वह उप मुख्य संरक्षा आयुक्त सामान्य के पद पर लखनऊ में कार्यरत थे। राजीव कुमार ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय पटना से तथा बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची से बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग ध्सिविल में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। राजीव कुमार वर्ष 1995 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा आईआरएसई के अधिकारी के रूप में रेल सेवा में आये। राजीव कुमार की प्रथम नियुक्ति पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे में सहायक मण्डल इंजीनियर के पद पर हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान आपने वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर प्रथम लखनऊ, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी इंजीनियरिंग गोरखपुर तथा निदेशक ट्रैक आरडीएसओ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।



मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर गुजरात से शैक्षिक भ्रमण पर आए मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने भेंट की

## शुआ फातिमा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित किया शमीम निखत फिक्शन अवार्ड

# उर्दू साहित्य में शमीम निखत फिक्शन कार्यक्रम ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं: जस्टिस क़मर

## वक़ार रिज़वी की पत्रकारिता कभी भुलाई नहीं जा सकती: जमील मंज़र



डॉ. मूसी रज़ा

**लखनऊ।** शुआ फातिमा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित शमीम निखत फिक्शन अवार्ड एवं मेमोरियल लेक्चर समारोह आज केफी आजमी अकादमी लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें जस्टिस क़मर हसन रिज़वी और कोलकाता मासिक पत्रिका सोहेल के प्रबंध निदेशक जमील मंजर ने मुख्य अतिथि के रूप में जबकि डॉ. अम्मार रिज़वी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी ने की और संचालन प्रो. अब्बास रजा नय्यर ने किया। प्रो. गज़नफ़र अली को इस वर्ष का शमीम निखत फिक्शन पुरस्कार प्रदान करते हुए न्यायमूर्ति ने प्रो. शमीम निखत को याद किया और कहा कि आज हम साहित्य से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में उर्दू साहित्य को लेकर इस तरह के आयोजन करना किसी ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है, जिसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। कहा कि एक अच्छा शिक्षक इस दुनिया को छोडने के बाद भी शैक्षिक प्रचार की व्यवस्था करने के लिए जाना जाता है। शमीम निखत के नाम पर पिछले 8 वर्षों से यह पुरस्कार दिया जा रहा है, यह आज के शिक्षकों के लिए एक मिसाल है।

इस अवसर पर प्रो. गज़नफ़र ने शमीम निकहत का एक संक्षिप्त रेखाचित्र खुशबु और नज़्म पढ़ी । प्रो. अब्बास अली मेहदी ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि यह ट्रस्ट लंबे समय से सेवाएं कर रहा है और नई पीढ़ी में लेखन की भावना को बढ़ावा दे रहा है। पुरस्कार पाने वालों में दूसरा नाम वरिष्ठ पत्रकार अहमद इब्राहिम अलवी का था, जिन्हें जमील मंज़र ने वकार मेहदी रिज़वी सहाफत अवार्ड (पत्रकारिता पुरस्कार) प्रदान किया और उन्होंने दैनिक अवध नामा उर्दू, हिंदी के संस्थापक वकार रिज़वी को याद करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक का एक वाक्य दोहराया कि मैंने वकार रिज़वी जैसा पत्रकार नहीं देखा, उनकी कमी लंबे समय तक खलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस ट्रस्ट को लंबे समय से जानता हूं, शिक्षा और साहित्य के उत्थन सिलसिले में जितना काम डॉ. शरिब रुदौलवी ने शमीम निकहत की याद में किया है वह इतिहास का हिस्सा है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अमर रिज़वी ने कहा कि दोनों पुरस्कार उन हस्तियों से जुड़े हैं जिन्हें मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं और शमीम निकहत और वकार रिज़वी दोनों अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता थे और यह पुरस्कार उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर कोलकाता से आए जमील मंज़र को उनकी पत्रकारिता, सामाजिक और साहित्यिक सेवाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट मेन्ट अवार्ड प्रदान किया गया। शमीम निकहत मेमोरियल व्याख्यान में करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. सबीहा अनवर ने आधुनिक महिला कहानीकारों में नारीत्व की प्रकृति शीर्षक के तहत महिला उपन्यासकारों और कथा लेखकों की वर्तमान स्थिति का वर्णन किया। कार्यक्रम के आरंभ में विशिष्ट अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया गया तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. शरब रुदौलवी का स्वागत भाषण प्रो. मोहम्मद काज़िम ने पढ़ा उन्होंहने बताया की शारिब रुदौलवी ने अपने भाषण में लिखा है की जस्टिस क़मर हसन रिज़वी मेरे एक अनुरोध पर इलाहाबाद से, जमील मंज़र साहब अपनी पत्नी के साथ कोलकता से, यास्मीन अंजुम दुबई से और प्रो. अब्बास अली मेहदी जो आज सुबह भोपाल में थे, अपने कार्यक्रम को संक्षिप्त करके इस कार्यक्रम के लिए आए। मेरे अनुरोध पर डॉ. सबीहा अनवर ने कथा-विषय पर एक व्यापक उपदेश लिखा और मुहम्मद काजिम दिल्ली से प्रो. खान अहमद फारूक कानपुर से आये। हमारे शहर के प्रमुख लोग जो इस समय हॉल में मौजूद हैं उनके कारण हमारा यह कार्यक्रम हमेशा सफल रहा है। मैं उन सभी का स्वागत करता हूं।

शमीम निखत के छात्रों में प्रो. मुहम्मद काजिम, प्रो. खान अहमद फारूक ने भी अपने विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि मौजूदा पीढ़ी में लेखन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए यह ट्रस्ट हर साल फिक्शन प्रतियोगिता का आयोजन करता है और इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि के साथ-साथ प्रमाणपत्र भी दिया जाता है। इस साल पहला पुरस्कार पीएचडी की छात्रा में मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय, लखनऊ कैम्पस की फराह जबीन को, दूसरा पुरस्कार लखनऊ विश्वविद्यालय की शाजिया अंसारी को और तीसरा पुरस्कार उसी विश्वविद्यालय की हाशमी फातिमा को दिया गया, जबकि उसी विश्वविद्यालय की छात्रा उल्फत फातिमा की कहानी को एमए श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया। स्नातक स्तर पर मुमताज पीजी कॉलेज की छात्रा सदफ नूर की कहानी को प्रथम पुरस्कार, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्रा अनम खान को द्वितीय पुरस्कार और इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा शाजिया अंसारी को तृतीय पुरस्कार मिला। आपको बता दें कि प्रो. शमीम निकहत दिल्ली विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग से जुड़ी थीं और वहीं से सेवानिवृत्त हुई और फिर अपने पति प्रो. शरब रुदौलवी के साथ लखनऊ में शुआ फातिमा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की, जिसके तहत साहित्यिक और जनकल्याण के अलावा शैक्षिक क्षेत्र शुआ फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज भी अपनी सेवाएं दे रहा है जिसमें हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, विशेषकर जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। पुरस्कार विजेताओं के साइटेशन को प्रो. रेशमा परवीन ने पढ़ा और शमीम निकहत की छोटी बहन डॉ. यास्मीन अंजुम ने समिति के सदस्य करार असगर जैदी, प्रो. हुसैन असगर काजमी, प्रो. रेशमा परवीन, असीम रजा, शबीब हसनैन, डॉ. मूसा रजा, डॉ. बैरिया ज़हरा और कॉलेज प्रिंसिपल मीरा त्रिपाठी और स्टाफ शफ़क़त क़मर और राम नरेश यादव सहित सभी लोगो को धन्यवाद दिया।

### जमील मंजर को लाइफ अचीवमेंट मिनट अवार्ड




ट्रस्ट की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड बेहद खास लोगों को दिया जाता है। पिछले 8 सालों में जमील मंजर दूसरे शख्स हैं जिन्हें इस सम्मान से नवाजा गया है. इससे पहले ट्रस्ट की ओर से यह पुरस्कार जर्मनी के आरिफ नकवी को दिया गया था।

### माज़रत और धन्यवाद



मैं कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से माज़रत चाहता हूं कि मैं अचानक बीमार होने के कारण बैठक में भाग नहीं ले सका और मैं बहुत आभारी हूं न्यायमूर्ति कमर हसन रिज़वी साहब, अब्बास अली मेहदी साहब, जमील मंज़र साहब, अब्बास रज़ा नय्यर साहब, अम्मार रिज़वी साहब, सबीहा अनवर साहिबा, प्रोफेसर ग़ज़नफ़र साहब, अहमद इब्राहिम अलवी साहब का जिनकी भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मैं सभी श्रोताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने मेरी अनुपस्थिति में भी कार्यक्रम की सफलता में कमी नहीं आने दी। इन मुहब्बत के लिए धन्यवाद का हर शब्द मुझे छोटा लगता है।

**शारिब रुदौलवी**